भोपाल, सोमवार 24 मार्च 2025 ■ चैत्र मास कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष : 11, अंक : 357 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 33 न्यून. 18 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



13 प्रियंका ने स्लोवाकिया में 35 किमी ...

विचार पेज
08 ऐतिहासिक तथ्य छिपाने के प्रयास

### 'सनराइजर्स' ने राजस्थान रॉयल को कूटा

## आईपीएल में 'सूर्योदय'

▶▶ ईशान का शतक तो ट्रेविस हैड की आतिशी पारी

▶▶ सनसाइजर्स के 286, यह टूर्नामेंट का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर, पहला भी 287 उसी के नाम

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच नंबर-2 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की टक्कर हुई। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम मुकाबले में ▶▶ शेष पेज 6 पर





IPL आज का मुकाबला

दिल्ली — लखनऊ

रात 7.30 बजे से

### यशस्वी जायसवाल 1 रन ही बना सके

बड़े टारगेट का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत खराब रही। उसने दूसरी ही ओवर में दो विकेट खो दिए। तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह ने पहले यशस्वी जायसवाल (1) को चलता किया फिर उन्होंने कप्तान रियान पराग (4) को भी सस्ते में निपटा दिया। फिर मोहम्मद शमी ने नीतीश राणा को आउट कर दिया, जिसके चलते राजस्थान का स्कोर तीन विकेट पर 50 रन हो गया। यहां से संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल ने मिलकर पारी को संभाला। दोनों के बीच 111 रनों की साझेदारी हुई। इस पार्टनरशिप को हर्षल पटेल ने तोड़ा, जिन्होंने संजू सैमसन को आउट किया। ▶▶ पढ़ें पेज 13 भी

### औरंगजेब पर मचे बवाल के बीच बोले संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले

# आक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले लोग देश के लिए 'खतरा'

## हमें तय करना होगा कि हम अपने देश की संस्कृति के साथ किसे जोड़ने जा रहे हैं?

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि अगर आक्रमणकारी मानसिकता वाले लोग हैं, तो वे देश के लिए खतरा हैं। हमें तय करना होगा कि हम अपने देश की संस्कृति के साथ किसे जोड़ने जा रहे हैं। यह धर्म की बात नहीं है।

यह आरएसएस का दृढ़ विचार है। देश में औरंगजेब को लेकर छिड़ी बहस और नागपुर में हुई हिंसा के बाद मचे बवाल के बीच होसबाले ने कहा कि बाबा साहेब बीआर आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार नहीं ▶▶ शेष पेज 6 पर

अयोध्या में राम मंदिर संघ की उपलब्धि नहीं है, बल्कि समाज की उपलब्धि



### धर्म आधारित आरक्षण संविधान के खिलाफ

*कर्नाटक सरकार की ओर से सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले पर चल रही बहस के बीच होसबाले ने कहा कि संविधान धर्म आधारित कोटा की अनुमति नहीं देता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आरक्षण हमारे संविधान निर्माता बीआर आंबेडकर के* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भाजपा अध्यक्ष के लिए प्रचारक को भेजने की योजना नहीं

भाजपा अध्यक्ष पर होसबाले ने कहा कि अध्यक्ष के लिए हमें कोई प्रचारक (भाजपा में) भेजने की मंशा नहीं है। सभी संगठन स्वतंत्र हैं और अपनी प्रक्रिया के तहत अपने अध्यक्ष चुनाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसमें हमसे पूछ कर कुछ करने की जरूरत नहीं है। जातिगत जनगणना पर पर उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में हुए अहम बदलाव

भोपाल। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में अहम बदलाव हुए हैं। इसमें मध्यक्षेत्र के अशोक पोरवाल को दिल्ली स्थित केशव कुंज कार्यालय प्रमुख बनाया गया है। वहीं, विजय दीक्षित को सह प्रांत कार्यवाह, मध्यभारत प्रांत, सुरेंद्र को सह प्रांत प्रचारक, मध्यभारत, कैलाश लववंशी को प्रांत सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख, मोहित अग्रवाल को निजी सचिव, सरकार्यवाह, केतनभाई को सह प्रांत प्रचारक, मालवा और श्रवण सैनी को सह प्रांत प्रचारक, महाकौशल का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा अन्य प्रांतों को लेकर भी बड़े बदलाव किए गए हैं।

### कैश कांड : सुप्रीम कोर्ट बख्शने के मूड में नहीं : पहले जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की योजना थी, बाद में उन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया

# जांच कमेटी को जस्टिस वर्मा को बताना होगा-कैश आया कहां से?

### सीजेआई ने पूछे हैं ये सवाल?

1. बंगले के स्टोररूम में नकदी कैसे आई?
2. इस नकदी का स्रोत क्या है?
3. 15 मार्च की सुबह स्टोररूम से नकदी किसने हटाई?

*जस्टिस वर्मा का दावा कि उन्होंने कैश नहीं रखा। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट कहती है कि कोई उनके बंगले में भला कैसे घुसेगा?*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैश कांड में जस्टिस यशवंत वर्मा जांच के घेरे में उलझते जा रहे हैं। उनका दावा है कि कैश उन्होंने नहीं रखा। जबकि, दमकल दस्ते को करीब 15 करोड़ कैश मिला। यह सच है कि कैश मिला। जस्टिस वर्मा कह रहे हैं कि ▶▶ शेष पेज 6 पर



जस्टिस वर्मा



*पूछा यह भी जा रहा कि क्या जस्टिस वर्मा को अब इस्तीफा दे देना चाहिए?*





### जस्टिस वर्मा पर उठ रहे सवाल

- आवास के परिसर में कथित 15 करोड़ मिले कैश को वे कैसे जस्टिफाई करेंगे?
- उनको ये भी बताना चाहिए कि...जितनी भी रकम मिली है...उसका सोर्स क्या है? ▶▶ शेष पेज 6 पर

*जस्टिस वर्मा का बयान*

### कोई खुले स्टोररूम में इतनी नकदी रखेगा?

जहां आग लगी थी, वहां केवल अनुपयोगी घरेलू सामान जैसे फर्नीचर और गद्दे रखे थे। मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि मैंने या मेरे परिवार के किसी भी ▶▶ शेष पेज 6 पर

दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट

### बंगले में किसी के अनधिकृत प्रवेश की कोई संभावना नहीं

दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली पुलिस आयुक्त ने एक गार्ड के बयान का हवाला दिया है कि 15 मार्च को जिस कमरे में आग लगी थी, वहां से मलबा और जली हुई चीजें हटा दी गई थीं। उन्हें निवासियों, कर्मचारियों और सीपीडब्ल्यूडी कार्यकर्ताओं के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अयोध्या से उज्जैन आ रहे थे सभी

## शिवपुरी में कार पलटी महाराष्ट्र की दो महिला डॉक्टरों की मौत, चार घायल

» *टीम दस दिन पहले महाराष्ट्र से तीर्थ यात्रा के लिए निकली थी*

» *कार बेकाबू होकर पुलिया से नीचे गिर गई*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी जिले के फोरलेन हाईवे पर लुकवासा के पास एक अर्टिगा कार पलट गई। हादसे में कार सवार दो महिला डॉक्टरों की मौत हो गई है, जबकि चार अन्य डॉक्टर घायल हो गए। कार सवाल महिला डॉक्टरों की टीम महाराष्ट्र से तीर्थ यात्रा पर निकली थी। अयोध्या दर्शन के बाद सभी उज्जैन ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इनकी मौत व ये हुए घायल

पुलिस के अनुसार हादसे में डॉ. तन्वी आचार्य (50) पत्नी डॉ. अतुल आचार्य की मौके पर ही मौत हो गई। डॉ. नीलम पंडित (55) पत्नी डॉ. सुबोध पंडित को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। वहीं, डॉ. उदय जोशी (64) निवासी दादर, डॉ. सुबोध पंडित (62) निवासी बसई, महाराष्ट्र, ▶▶ शेष पेज 6 पर

### लोडिंग वाहन से बाइक की भिड़ंत परिवार के तीन लोगों की गई जान



शिवपुरी में रविवार को हुए एक अन्य सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई, जिसमें एक भाई बहन व दूसरा चचेरा भाई शामिल है। हादसा रविवार को दोपहर करीब 2:30 बजे का है। करैरा थाना क्षेत्र के एनएच 27 ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अधिसूचना भी जारी

## केंद्र ने 1 अप्रैल से प्याज निर्यात पर 20% शुल्क वापस लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने 1 अप्रैल, 2025 से प्याज के निर्यात पर 20% शुल्क वापस ले लिया है। उपभोक्ता मामले विभाग के संचार पर राजस्व विभाग द्वारा आज इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई। घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने शुल्क, न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) ▶▶ शेष पेज 6 पर



### उत्तराखंड चारधाम यात्रा

## तीन दिन में पांच लाख से ज्यादा हुए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ▶▶ देहरादून

चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 5 लाख के पार पहुंच गया है। पर्यटन विकास परिषद की ओर से जारी डेटा के अनुसार यमुनोत्री के लिए 93,803, गंगोत्री के लिए 96,445, केदारनाथ के लिए 1 लाख 66 हजार 576 और बदरीनाथ धाम के लिए 1.55 लाख 46 के ▶▶ शेष पेज 6 पर



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

### बोइंग ने 180 लोगों को नौकरी से निकाला

**बेंगलूरू।** अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने भारत में 180 लोगों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने वैश्विक कार्यबल में कटौती के तहत यह कदम उठाया है। कंपनी ने बेंगलूरू की इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी केंद्र में कर्मचारियों को निकाल दिया है। बोइंग के भारत में करीब 7,000 कर्मचारी हैं। भारत कंपनी के लिए एक प्रमुख बाजार भी है।



### सीयूईटी यूजी के लिए एनटीए ने बढ़ाई तारीख

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी यूजी 2025 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। आवेदक अब 24 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। सीयूईटी फॉर्म के लिए सुधार विंडो 26 से 28 मार्च तक खुली रहेगी। ऐसे कैंडिडेट्स जो अप्लाई करना चाहते हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।



### अयोध्या से नागपुर जा रही थी

## जबलपुर में बस पलटी,3 की मौत 30 से अधिक यात्री हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

अयोध्या से नागपुर जा रही बस जबलपुर के बरगी थाना अंतर्गत बंजारी घाटी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार एक महिला यात्री समेत तीन की मौत हो गई। वहीं, बस में सवार तीस से अधिक यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल लगभग डेढ़ दर्जन यात्रियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीएसपी बरगी अंजुल मिश्रा ने बताया कि पल-पल बस सर्विस की बस अयोध्या से नागपुर जा रही थी। बस में करीब 36 यात्री सवार ▶▶ शेष पेज 6 पर



मोड़ पर तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा

### अपनी सरकार को घेरा था

## आलोट विधायक को भाजपा ने थमाया शो कॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रतलाम जिले के आलोट से भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय विधानसभा में अपनी सरकार से सवाल पूछकर फंस गए हैं। भाजपा ने मालवीय को शो कॉज नोटिस दिया है। मालवीय ने विधानसभा के बजट सत्र में उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र में जमीनों की स्थाई अधिग्रहण को लेकर मुद्दा उठाया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की ओर से जारी हुए नोटिस में लिखा गया है कि चिंतामणि मालवीय के ताजा बयानों और कृत्यों की वजह से पार्टी की प्रतिष्ठा प्रभावित ▶▶ शेष पेज 6 पर



सिंहस्थ जमीन अधिग्रहण का उठाया था मुद्दा

### फर्जी अनुमति से प्रवेश की कोशिश

## महाकाल थाने में मुंबई के युवक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में फर्जी अनुमति से प्रवेश के मामले सामने आ रहे हैं। शनिवार की सुबह भस्म आरती के दौरान मुंबई निवासी रौनक परमार को फर्जी अनुमति से प्रवेश करते हुए पकड़ा गया। रौनक अपने 9 साथियों के साथ भस्म आरती के लिए आया था। उसने मोबाइल सॉफ्टवेयर से साथियों की अनुमति को एडिट कर अपना नाम डाल दिया। त्रिनेत्र कंट्रोल रूम में कंप्यूटर चेकिंग के दौरान केएसएस कंपनी के कर्मचारी केशव परिहार ने उसे पकड़ लिया। भस्म ▶▶ शेष पेज 6 पर



तीन दिन में फर्जी अनुमति का दूसरा मामला

### झाबुआ में बड़ा हादसा

## निर्माणाधीन सिनेमा हॉल की छत गिरी, दो मजदूरों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेटलावाद

झाबुआ जिले के पेटलावाद में थांदला रोड पर निर्माणाधीन सिनेमा हॉल की छत गिर गई। इस हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस के साथ-साथ नगर निगम की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। झाबुआ एसपी पद्मविलोचन शुक्ला ने बताया कि थांदला रोड पर पेट्रोल पंप के पीछे एक बहुतल्ला इमारत का निर्माण किया जा रहा था। इस बहुतल्ला इमारत में सिनेमा हॉल का निर्माण होने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि दोपहर में जब बिल्डिंग की छत भरने का काम चल रहा था, उसी समय अचानक सेटिंग नीचे आ गई और बिल्डिंग की छत भरभरा कर नीचे गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग निर्माण कार्य ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ निर्माण कार्य में अनदेखी से हादसा

### 15 आईपीएस के तबादले

## योगेश देशमुख लोकायुक्त के प्रभारी डीजी बने, जयदीप प्रसाद को हटाया



जयदीप प्रसाद



राकेश गुप्ता



योगेश देशमुख

■ मऊगंज घटना के बाद गौरव राजपूत रीवा आईजी बने डीआईजी को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने डेढ़ दर्जन आईपीएस को इधर से उधर किया है। इस क्रम में लोकायुक्त के प्रभारी डीजी जयदीप प्रसाद को भी बदल दिया गया है। अब लोकायुक्त का प्रभारी डीजी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सौरभ शर्मा केस में विवादों से घिरी रही लोकायुक्त पुलिस

लोकायुक्त के प्रभारी डीजी रहे जयदीप प्रसाद के कार्यकाल में पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के भ्रष्टाचार का बड़ा मामला उजागर हुआ। जिसका मामला देश ही नहीं विदेश तक में सुर्खियां ▶▶ शेष पेज 6 पर



# हिंदू नववर्ष एक तिथि नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और गौरव का प्रतीकः विधायक शर्मा

## सनातन पंचांग के अनुसार चैत्र प्रतिपदा को नवसंवत्सर मनाकर अपनी परंपराओं का करते हैं सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

कर्मश्री संस्था द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष पर कवि सम्मेलन का आयोजन करेगी। कवि सम्मेलन के आयोजन को लेकर रविवार को कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष और विधायक रामेश्वर शर्मा ने आयोजन स्थल अटल पथ बैठक कर कार्यकतार्ओं से चर्चा की। विधायक शर्मा ने महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चैत्र प्रतिपदा, गुड़ी पावड़ा हर हिंदू का गौरवशाली पर्व है। इस दिन हमारा हिंदू नववर्ष प्रारंभ होता है। इसलिए इस दिन को हम हमेशा बहुत उत्साह और उल्लास से मनाते हैं। जब पूरी दुनिया जनवरी में नए साल का स्वागत करती है, तब हम अपने सनातन पंचांग के अनुसार चैत्र प्रतिपदा को नवसंवत्सर मनाकर अपनी परंपराओं का सम्मान करते हैं। यह दिन हमें धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का बोध कराता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी हिंदू नववर्ष पर हम भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन करने जा रहे हैं, जहां देशभर के कवि काव्य पाठ करेंगे।

- हिंदू नववर्ष पर होगा कर्मश्री का कवि सम्मेलन
- अटल पथ पर संपन्न हुई कर्मश्री की बैठक



**ख्यातिनाम कवि करेंगे वाचन**

हिंदू नववर्ष गुड़ी पवड़ा के उपलक्ष्य में कर्मश्री के कवि सम्मेलन का आयोजन 29 मार्च रात 8 बजे को किया जाएगा। कवि सम्मेलन टीटी नगर स्थित अटल पथ पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें देश के प्रसिद्ध कवियों द्वारा काव्यपाठ किया जाएगा।

**हर घर केसरिया फहराएं**

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से भेंट कर हिंदू नववर्ष की बधाई शुभकामनाएं एक दूसरे को दें। शर्मा ने अपील करते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष के प्रथम दिन हम सभी अपने अपने घरों की छत पर केसरिया झंडा लगाकर हिंदू नववर्ष के शुभागमन का संदेश को जनव्यापी बनाएं।



**मोबाइल की फ्लैश लाइट से रोशन हुआ अटल पथ**

कर्मश्री की बैठक में उपस्थित हजारों कार्यकतार्ओं ने बैठक के समापन अवसर पर अपने-अपने मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर हिंदू नववर्ष उत्सव को जनव्यापी बनाने का संकल्प लिया। भगवान गौतम बुद्ध, गुरु गोविंद सिंह के जयकारों एवं जय श्रीराम के जयघोष के साथ बैठक का समापन हुआ।

## खबर संक्षेप

### बीयू ने मांगी अध्यक्ष और सहायक की जानकारी

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने संवद्ध कॉलेजों के प्राचार्य अथवा परीक्षा केंद्रों के अध्यक्ष को निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार विवि के निर्धारित परीक्षा केंद्रों के प्राचार्य अथवा केंद्राध्यक्ष से कहा गया है कि विवि की सत्र 2024-25 वार्षिक परीक्षा अप्रेल-2025 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। इसके तहत परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी की गई है। प्राचार्यों से कहा है कि जारी परीक्षा केन्द्र सूची के तहत अपने परीक्षा केन्द्र के लिए केन्द्राध्यक्ष अथवा सहायक केंद्राध्यक्ष नियुक्त करते हुए संबंधित विवरण के साथ एक कॉपी कुलसचिव बीयू एवं एक प्रति सहायक कुलसचिव (परीक्षा) के पास परीक्षा शुरू होने से 7 दिन पहले जमा कराई जाए।

### अन्तरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का समापन

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का रविवार को समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हमें श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा यह बताती है कि हम यह सोचें कि प्राचीन गरिमा को प्राप्त किया जा सकता है। कार्याध्यक्ष रघुनंदन शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और विश्व साहित्य में जितना अधिक वर्णन श्रीराम का है उतना किसी अन्य का नहीं है। प्रभु श्रीराम भारतीय सभ्यता संस्कृति और धर्म के पर्याय एवं पूरक हैं ऐसे अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन के माध्यम से यही भावना रही है जिसका शोधार्थियों ने अपने शोध पत्रों में उल्लेख किया है।

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने चलाई साइकिल

**भोपाल।** ग्वालियर उप नगर के वाशिंदों को पर्यावरण सुरक्षा और सेहतमंद जीवन बनाने का संदेश देने के लिए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर रविवार की सुबह कांच मील न्यू कॉलोनी स्थित अपने निवास से हजीरा इंटक मैदान सब्जी मंडी तक पहुंचे। मंत्री तोमर ने समाज से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारी से उपयोग करें ताकि प्रदूषण को कम कर पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखा जा सके।

## छात्र-छात्राओं ने 4 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों के साथ जमकर खेली होली

# होरी खेले रघुवीरा...रंग बरसे भीगे चुनर वाली...पर एमवीएम के पूर्व छात्रों का धमाल

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी के शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम) के पूर्व विद्यार्थी संगठन ने महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में रविवार को पूर्व छात्र- छात्राओं ने 4 क्विंटल रंग बिरंगे फूलों के साथ जमकर होली खेली। शोले के गब्बर सिंह के डायलॉग 'होली कब है' की थीम पर आधारित होली मिलन समारोह में पूर्व छात्र-छात्राओं ने रंग बरसे भीगे चुनर वाली...होरी खेले रघुवीरा अवध में...होली के दिन दिल खिल जाते हैं...आज न छोड़ेंगे.... आदि होली के सदाबहार गीतों पर जमकर थिरके। प्रारंभ में पूर्व विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा के होली पर आधारित फिल्मी गानों की प्रस्तुति हुई।

- ऑर्केस्ट्रा के होली पर फिल्मी गीतों की प्रस्तुति




**पुरानी यादें की ताजा, साझा किए संस्मरण**

कॉलेज से निकले अनेक प्राध्यापक, शासन एवं पुलिस के अधिकारी, राजनेता, समाज सेवी, व्यवसायी पूर्व विद्यार्थी के रूप में शामिल हुए। कॉलेज के दिनों की पुरानी यादों को ताजा किया और हंसते मुस्कुराते वही पुराने अंदाज में एक दूसरे के हाल जाने। आयोजन समिति के संयोजक पूर्व छात्र डॉ. संतोष कटियार ने बताया कि जब वे हॉस्टल में रहते थे तो कई कई दिन छात्रों के चेहरे से होली का रंग ही नहीं उतरता था। गोखले और मालवीय हॉस्टल में जमकर होली खेली जाती थी। पूर्व छात्र और एमवीएम एलुमिनी के अध्यक्ष सतीश रायजादा ने बताया कि होली के बाद कॉलेज खुलने पर सभी विद्यार्थी रंग, गुलाल से होली खेलते थे। इस दौरान कक्षाएं भी ऑटोमेटिक सस्पेंड हो जाती थी। पूर्व छात्रा डॉ. रश्मि सक्सेना ने बताया कि उन्होंने 1985- 86 में एमएससी की, उस दौरान हम सहपाठियों के घर होली खेलने जाते और पकवानों का लुफ्त उठाते। पूर्व छात्र और महासचिव सुभाष व्यास ने बताया कि कैसे वे पहले से होली की प्लानिंग करते और हॉस्टल के छात्रों को घर जाने से पहले ही रंगों से सराबोर कर देते।

### राजधानी के यादव समाज का होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

राजधानी यादव समाज भोपाल द्वारा रंगारंग होली मिलन समारोह रविवार को राधा कृष्ण मंदिर सामुदायिक भवन 224 क्वार्टर गीतांजलि चौराहा में आयोजित किया गया। जिसमें भव्य रासलीला एवम पुष्पवर्षा से होली खेली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कृष्णा गौर, कसरावद विधायक एवं पूर्व मंत्री सचिन यादव मौजूद रहे।



### कटारा हिल्स जनकल्याण समिति के होली मिलन समारोह का समापन

कटारा हिल्स जनकल्याण समिति का होली मिलन समारोह रविवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आयोजित किया गया। जिसमें भव्य रासलीला एवम पुष्पवर्षा से होली खेली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मौजूद थे।

### सार्थक वेलफेयर सोसाइटी ने खेली राधा-कृष्ण के साथ होली

भोपाल। सार्थक वेलफेयर सोसाइटी ने शनिवार को अवध पैलेस अयोध्या बायपास रोड पर होली मिलन एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉली आलोक शर्मा, विशिष्ट अतिथि बिंदु खत्री थीं। कार्यक्रम में एकल नृत्य एवं नारी सशक्तिकरण को ध्यान रखते हुए आत्म रक्षा हेतु हम किस प्रकार से स्वयं की रक्षा करने लिए सक्षम हो सकते हैं, इसका प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही सार्थक टीम द्वारा इस अवसर एक अभियान की शुरुआत की। अन्न का एक एक दाना बचाना है के संबंध में जागरुकता अभियान की पहल की।



## श्रीमद्भागवत कथा में भक्तों का सैलाब

# युवा अवस्था में भजन-पूजन करने से चेतना का निर्माण होता हैः नीरज नयन महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

युवास्था में भजन पूजन से ही वृद्धावस्था में भजन चेतना का निर्माण होता है। सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें, गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें। यह उद्गार कथा वाचक नीरज नयन महाराज ने राजीव नगर ए सेक्टर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन रविवार को दिए।

उन्होंने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिंह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई। महाराज ने कहा कि हिरना कश्यप सबको आदेश दे रहा है कि भक्त प्रह्लाद को खत्म करो, भस्म करो। लड़कियों के चारों तरफ जल्लाद खड़े कर दिए गए। इस दौरान जब आग का भयानक जलवा हुआ, तब भक्त प्रहलाद ने इतना ही कहा अच्छा भगवान, अच्छा मेरे श्रीहरि तेरी मर्जी और भक्त प्रह्लाद बच गए। नरसिंह अवतार में हिरना कश्यप को मारकर भक्त प्रह्लाद को बचाया। भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। जीवन में त्याग की महत्ता के माध्यम से गरीब, पशु पक्षियों और जरूरतमंदों की सेवा करना चाहिए। वासना के वस्त्र को उतारकर भक्ति का वस्त्र पहनना है।

महाराज जी ने भगवान के चौबीस अवतारों की कथा के साथ समुद्र मंथन की बहुत ही रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं।

जब-जब कोई अपने गलत कर्मों द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सज्जनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं।

# एनएलआईयू एग्रीमेंट ड्राफ्टिंग और प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का दूसरा दिन रहा बेहद प्रतिस्पर्धी

## एनएलयू ओडिशा के विशेष और नक्षत्र बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी संस्थित एनएलआईयू में चल रहे दूसरे एनएलआईयू एग्रीमेंट ड्राफ्टिंग और प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का सेकंड डे बेहद प्रतिस्पर्धी अंतिम दौर के साथ संपन्न हुआ। इसमें एनएलयू ओडिशा, क्राइस्ट दिल्ली, डीएसएनएलयू विशाखापट्टनम और एचएनएलयू रायपुर की चार योग्य टीमें शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में सराफ एंड पार्टनर्स के प्रिंसिपल एसोसिएट अंकित साहू और मनुपात्रा एकेडमी का एक सत्र भी शामिल रहा। इसमें एनएलयू ओडिशा के विशेष भारद्वाज और नक्षत्र गुजराती को विजेता घोषित किया गया। एचएनएलयू रायपुर की स्तुति मलिक और दिव्या बलीहार को बेस्ट ड्राफ्ट एंड प्रेजेंटेशन का खिताब दिया गया। उन्हें द्वितीय उपविजेता भी घोषित किया गया। डीएसएनएलयू विशाखापट्टनम की गर्विता गर्ग ने उपविजेता का स्थान हासिल किया।



## महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज में आयोजन

# संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में शिक्षक समाज का महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि शिक्षक समाज का संस्कृति के सरंक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षकों के प्रयास से एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण हो, जिसमें राष्ट्रभक्ति की भावना प्रबल हो और जो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का आधार बने। राज्य मंत्री गौर रविवार को राजधानी स्थित महारानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शिक्षण संघ द्वारा आयोजित दायित्व बोध एवं शपथ समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शिक्षक संघ 55 वर्षों से पूर्ण समर्पण के साथ राष्ट्र हित, शिक्षा हित, शिक्षक हित और छात्र हित में सतत कार्यरत है। राज्य मंत्री गौर ने पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक भगवानदास सबनानी, डॉ. छत्रवीर सिंह राठौर, राजीव शर्मा, सहित सभी निर्विरोध निर्वाचित सामान्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रीन भारत एक्सपो का समापन, क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी में ही भविष्यः सारंग

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी में पिछले तीन दिनों से चल रहे ग्रीन भारत एक्सपो का रविवार को समापन हुआ। इलेक्ट्रिक व्हीकल और सोलर एनर्जी पर केंद्रित इस एक्सपो में देशभर की प्रतिष्ठित कंपनियों, निर्माताओं और संभावित निवेशकों ने भाग लिया। एक्सपो का आयोजन इमेजिन इवेंट और डिक्की की ओर से किया गया था। खेल एवं युवक कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी ही भविष्य की मांग है। हमें प्रकृति का संरक्षण करते हुए सतत विकास की ओर बढ़ना होगा। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने क्लीन और ग्रीन एनर्जी सेक्टर में अपार संभावनाओं के द्वार खोले हैं।

इसके साथ ही डिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया ने बताया कि एक्सपो के जरिए युवाओं को ग्रीन एनर्जी सेक्टर में उद्यमिता के अवसरों से परिचित कराना प्रमुख उद्देश्य था। तीन दिनों में कई युवा और उद्यमी विभिन्न कंपनियों से जुड़े और व्यापार की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा मिल सकता है।

## अभा महिला परिषद की पहल

# पक्षियों के लिए सकोरे रख दिया जीव दया का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

अखिल भारतवर्षीय महिला परिषद पद्मावती संभाग पार्श्वनाथ शाखा अशोका गार्डन की महिला सदस्यों ने होली मिलन में जीव दया का संदेश दिया। समाज के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया विश्व गौरैया दिवस पर केंद्रीय प्रांतीय प्रोजेक्ट के तहत सभी बहिनों ने मिलकर इस दिवस को जीव दया के रूप में मनाया। जैन ने बताया कि इसमें चिड़ियों और पक्षियों के दाना पानी के लिए जगह-जगह सकोरे रखें और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया।

## युवा सदस्यों ने हाथों में तिरंगा लेकर शहीदों को भारत रत्न देने की मांग की

# जय हिंद सेना ने अटल पथ से निकाली शहीद सम्मान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

शहीद दिवस के अवसर पर रविवार को जय हिंद सेना के सदस्यों ने अटल पथ से शहीद सम्मान यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में सेना के युवा सदस्य हाथों में तिरंगा लेकर शहीदों को भारत रत्न देने की मांग के नारे लगाए।

शहीद सम्मान यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए भारत माता चौराहा संपन्न हुई। सेना के प्रदेशाध्यक्ष अरुण पांडे के नेतृत्व में भारत माता चौराहा पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को याद किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अरुण पांडे ने कहा कि भारत सरकार देश के 53 महापुरुषों को अब तक भारत रत्न दे चुकी है लेकिन देश के एक भी शहीद को अब तक भारत रत्न नहीं दिया गया। जय हिंद सेना सरकार से शहीदों को भारत रत्न देने की मांग की है। पांडे ने कहा कि देश के सच्चे भारत रत्न देश के शहीद हैं। शहीद सम्मान यात्रा में युवाओं को शहीदों के बताए मार्ग पर चलने का संदेश देकर राष्ट्र सेवा का संकल्प दिलवाया गया। इस अवसर पर वीर बहादुर, राणा भट्ट, पीयूष रायकवार, आदित्य मिश्रा, वैभव योगी, युवराज सिंह, कुणाल प्रजापति, कपिल मेहरा, रोहित तिवारी, सुभाष गोयल, देवराज विश्वकर्मा, रंजीत पाल, दीपेंद्र सिंह बघेल, आदित्य सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा सदस्य शामिल हुए।




## पासपोर्ट कार्यालय में भगत सिंह एवं साथियों के बलिदान दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पासपोर्ट कार्यालय में भगत सिंह एवं साथियों के बलिदान दिवस पर रविवार को एक विशेष नाटक का मंचन किया गया। इस भावनात्मक और प्रेरणादायक नाटक का प्रदर्शन किया गया, जिसका निर्देशन सिंधु धौलपुरे ने किया। इस नाटक की विशेष बात यह थी कि इसका मंचन झुग्गी-बस्तियों (स्लम) के होनहार एवं प्रतिभाशाली बच्चों द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से स्वतंत्रता संग्राम की गाथाओं को जीवंत कर दिया।



**बलिदान को नमन करने का प्रयास**

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर जी थे। अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शितान्शु चौरसिया ने किया। यह कार्यक्रम राष्ट्र के प्रति समर्पण और बलिदान को नमन करने का एक प्रयास था। उप-पासपोर्ट अधिकारी संजय सिंह चौहान ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सीपी मनोहरण, वरुण चौधरी, रेम्या चौधरी, प्रसाद कोलांग्ड़े, आशीष डोंगरे, दीपक कुशवाह, अमित कुमार सहित कई अधिकारीगण मौजूद थे।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 24 मार्च 2025

रमज़ान मुबारक
इफ्तार 06.38 शाम (सोम)
सहरी 04.56 सुबह (मंगल)



नई एफआरवी में जुड़ेगा एडवांस फीचर | अब अपने गंतव्य से नहीं भटकेगी कोई महिला, घटना होने पर तत्काल मिलेगी सहायता

## नई एफआरवी में महिला सुरक्षा को लेकर टेक होम एप्लीकेशन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अलग खबर

*रिक्वेस्ट पर लोकेशन से गंतव्य तक मूवमेंट किया जाएगा मॉनिटर*

प्रदेश में इस बार नए टेंडर में डायल-112 की नई गाड़ियों में कई एडवांस फीचर होंगे, जिसमें मुख्य रूप से टेक होम एप्लीकेशन एप शामिल है, जिसमें महिला द्वारा कॉल सेंटर को रिक्वेस्ट किए जाने पर उसकी लोकेशन से लेकर उसके गंतव्य तक तथा उसकी मूवमेंट को मॉनिटर किया जाएगा। दरअसल, यह इसलिए क्योंकि अगर महिला निर्धारित रूट से कहीं और भटक जाती है या उसके साथ कोई घटनाक्रम होता है तो एफआरवी टीम त्वरित उसकी मदद कर सकेगी।




### 1200 गाड़ियां जल्द उतरेंगी सड़क पर

*बता दें कि मप्र पुलिस की जल्द ही एडवांस फीचर्स से लैस डायल-112 की 1200 गाड़ियां प्रदेश की सड़कों पर उतरने वाली है। नए टेंडर में इसका प्रावधान किया गया है। इसके अलावा डायल-112 का कमांड सेंटर भी नवनिर्मित बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा। खास बात यह है कि नए एफआरवी वाहन डैशबोर्ड और बॉडी बार्न कैमरा से लैस होंगे। बताया जा रहा है कि डायल 112 के फेज टू में राज्य में इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम को अगले स्तर तक ले जाने के लिए उन्नत तकनीकों और बेहतर आपातकालीन प्रतिक्रिया ढांचे को शामिल किया गया है।*

**अब डायल 100 की जगह 112**

*यूरोपीय देशों के पेटर्न पर अब मप्र में भी एफआरवी की पहचान डायल-100 की जगह डायल-112 के तौर पर हो गई है। इसे नेशनल इमरजेंसी नंबर 112 से जोड़ा जा रहा है।*

### रिस्पांस टाइम कम करने पर फोकस

एफआरवी का रिस्पांस टाइम भी 15 मिनट किए जाने पर फोकस है अभी यह टाइम 20 से 25 मिनट है। एसपी अंकित शुक्ला का कहना है कि जल्द ही प्रदेश की सड़कों पर आधुनिक एफआरवी नजर आएंगी। इसमें कई एडवांस फीचर्स एड किए हैं, जिसमें टेक होम एप्लीकेशन एप को शामिल किया गया है।

प्रदेशभर में गिरा रात का पारा, भोपाल में 16.6 डिग्री

## दिन-रात का पारा अभी नॉर्मल के नीचे, इसलिए सुहाना है मौसम


छोटी झील का नजारा दोपहर 1.30 बजे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को दिन और रात के पारे में मामूली बदलाव रहा। जिलों में रात का पारा गिरने से कुछ राहत रही, जिससे मौसम सुहाना बना रहा। भोपाल में दिन का पारा दशमलव दो डिग्री बढ़कर 35.1 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा 1.8 डिग्री गिरकर 16.6 डिग्री रहा। प्रदेशभर में पारा सामान्य से औसतन एक डिग्री तक कम रहने से रात का पारा औसतन डेढ़ डिग्री तक कम होने से गर्मी का असर थमा रहा।

**आज रात नया सिस्टम आने से हवाएं बदलेंगी, तापमान बढ़ेगा**

### मार्च के अंत में तेज गर्मी

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दो दिन प्रदेश में पिछले दिनों बदले मौसम का असर रहेगा। इससे गर्मी ज्यादा नहीं बढ़ेगी, लेकिन तापमान कुछ बढ़ते क्रम में रहेगा। 24 मार्च की रात नए डब्ल्यूडी से 25 से 26 मार्च के आसपास से हवाएं बदकर दक्षिणी और दक्षिण पूर्वी हो जाएंगी। इससे तापमान तेजी से बढ़ेगा। मार्च के अंत में यानि 28 से 31 मार्च के बीच गर्मी चरम पर रहेगी।

### अभी औसत पारा 35 डिग्री

*रविवार को प्रदेश में सर्वाधिक दिन का तापमान रतलाम में 39 डिग्री रहा। नर्मदापुरम 38.8, धार, खरगौन में पारा 37 डिग्री के करीब रहा है। शेष प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 35 डिग्री रहा, जिससे तेज गर्मी से राहत रही। वहीं, रात का औसत तापमान 17 डिग्री के करीब रहा, जिससे रात आरामदायक रही।रविवार से तापमान अब बढ़ते क्रम में दर्ज होना शुरू हो गया है, जिससे गर्मी का ट्रेंड अब बढ़ेगा।*

### 6 जिलों में रात 15 डिग्री से कम

पचमढ़ी का न्यूनतम पारा प्रदेश में सबसे कम 11.4 डिग्री रहा। शाजापुर 12.8, सीधी 14, अशोकनगर 14.5, नरसिंहपुर और छतरपुर में यह 14.6 डिग्री रहा है। वहीं, सबसे गर्म रात वाले जिलों में खंडवा, खरगौन 22, देवास 20.4, धार 20, बालाघाट 19.4 और नर्मदापुरम में रात का पारा 19.3 डिग्री तक रहने से रात में मामूली गर्मी रही।

पुराने भोपाल में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंची टीम

## स्वच्छता टीम ने गंदगी और कचरे के ढेर के फोटो पोर्टल पर किए अपलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

*टीम ने तीन दिन में शहर के 80 से अधिक स्थानों के लिए 400 फोटो*

दिल्ली से आई स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम तीन दिन से शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था को परखने में जुटी है। रविवार को टीम पुराने भोपाल में पहुंची, जहां इन्हें सड़कों पर कचरे के ढेर और गंदगी दिखी। यहां मच्छर व मक्खियों की भरमार थी। गंदगी देख टीम के सदस्यों ने फोटो खींच कर केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण पोर्टल पर अपलोड किए। स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम जोन 11 के अप्सरा टॉकीज स्थित सुलभ शौचालय पहुंची और वहां भी गंदगी मिलने पर फोटो लेकर पोर्टल पर अपलोड किए। टीम ने आसपास के लोगों से भी फीडबैक लिया।

वहीं जोन 12 के इलाकों में निरीक्षण के दौरान टीम को कई स्थानों पर कचरे के ढेर मिले, जबकि बैरागढ़ की मुख्य सड़कें साफ मिलीं। जोन 13 और 14 में टीम ने फोटो लिए और सफाई की स्थिति का आंकलन किया। टीम के सदस्य आगे भी कुछ दिन भोपाल में रहेंगे। ये बीते तीन दिन में 80 से अधिक स्थानों की 400 से ज्यादा फोटो पोर्टल पर अपलोड कर चुके हैं।




### गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से वसूला 35 लाख 49 हजार से अधिक का जुर्माना

भोपाल मंडल के स्टेशनों पर स्टेशन परिसर से लेकर गाड़ियों में गंदगी करने वालों पर कार्रवाई की गई। पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि मंडलों के रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में नियमित साफ सफाई के साथ ही लोगों को जागरूक किया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक अभियान में कुल 19502 व्यक्तियों के मामले पकड़े गए, जिनसे कुल 35 लाख 49 हजार 245 रुपए जुर्माना वसूला गया। फरवरी में गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में कुल 1024 व्यक्तियों के मामले पकड़े गए, जिनसे कुल 2 लाख 3 हजार 400 रुपए जुर्माना वसूला गया।

### फील्ड में सक्रिय नहीं अपर-सहायक आयुक्त

निगमायुक्त हरेंद्र नारायण सभी जोनों के एएचओ से फीडबैक ले रहे हैं, लेकिन अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान और सहा. आयुक्त कीर्ति चौहान अब तक सक्रिय नहीं दिखे हैं। रविवार को गंदगी के फोटो पोर्टल पर अपलोड होने पर अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी थोपने लगे।

### मिल रहे पॉजीटिव फीडबैक

महापौर मालती राय द्वारा लोगों को जागरूक करने के बाद सिटीजन फीडबैक की कोशिश रंग ला रही है। टीमों ने जहां भी सर्वे किया और लोगों से बात की, उन्हें पाजीटिव फीडबैक ही मिला। लेकिन टीम ने जमीनी सच्चाई न सिर्फ देखी बल्कि फोटो खींच कर भोपाल की रैंकिंग तय करने दिल्ली भी भेज दी।

नगर निगम ने किया अलर्ट

## 31 तक संपत्ति कर जमा नहीं किया तो देनी होगी दोगुनी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानीवासियों को नगर निगम ने अलर्ट किया है कि वह 31 मार्च तक संपत्तिकर तक जमा कर दें। अगर वह इस तिथि तक संपत्ति कर जमा नहीं करेंगे तो उन्हें अगले वित्तीय वर्ष से संपत्तिकर शत प्रतिशत वार्षिक भाड़े के आधार पर निर्धारित होगा और दोगुनी राशि का भुगतान करना पड़ेगा।

निगम ने करदाताओं की सुविधा के लिए रविवार और अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खोले रखने की घोषणा की है, साथ ही ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। इतना ही नहीं 31 मार्च तक संपत्तिकर जमा करने वालों को 50 प्रतिशत की रियायत मिलेगी। यह रियायत चालू वित्तीय वर्ष में संपत्तिकर का भुगतान करने वालों को ही देने का प्रावधान है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि समाप्त होने के बाद यह रियायत नहीं दी जाएगी और अगले वित्तीय वर्ष अप्रैल से शत प्रतिशत वार्षिक भाड़ा मूल्य के आधार पर संपत्तिकर की गणना कर संपत्तिकर का निर्धारण किया जाएगा। इस तरह करदाताओं को वर्तमान संपत्ति कर राशि से दोगुनी राशि चुकाना पड़ेगी।

### अवकाश के दिन भी खुलेंगे कार्यालय

31 मार्च तक करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम के सभी जोन एवं वार्ड कार्यालय रविवार सहित अन्य अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। जहां संपत्तिकर सहित अन्य करों-शुल्कों की राशि जमा की जा सकेगी। इसके अलावा करों का भुगतान अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन भी कर सकते हैं।

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम
NCDC
Assisting Cooperatives. Always!
सहकारिताओं की सहायता में सदैव तत्पर
Ministry of Cooperation | सहकारिता मंत्रालय
Government of India | भारत सरकार
सहकार से समृद्धि
वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूरे भारत वर्ष में रु. 60.618.46 करोड़ विमुक्त किए हैं एवं पिछले 3 वित्तीय वर्षों में कुल रु. 1,35,870.94 करोड़ विमुक्त किए हैं।
स्वीकृत परियोजना :- खाद्य एवं फल-सब्जी प्रसंस्करण इकाइयाँ जैसे राईस मिल, टमाटर प्रसंस्करण इकाई, तेल प्रसंस्करण इकाई, बीज प्रसंस्करण, भेड़-बकरी, मत्स्य पालन, गोदाम निर्माण, किसान कृषि बाजार इत्यादि।
प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना PMMSY
मत्स्य क्रियाकलाप Fisheries Activity
अनुदान 40% तक सामान्य सहकारिताएँ
60% तक अनुसूचित जाति/ जनजाति/ महिला सहकारिताएँ
प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना PMFME
प्रसंस्करण क्रियाकलाप Processing Activity
वित्तीय, तकनीकी एवं व्यावसायिक सहायता एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) दृष्टिकोण
35% तक अनुदान
पशुपालन अवसंरचना विकास निधि AHIDF
दुग्ध/कुक्कुट/गाय/भैंस/पशु आहार Livestock Activities/Cattle Feed
3% ब्याज दर की छूट एवं अनुदान #
राष्ट्रीय पशुधन मिशन NLM
बकरी/भेड़/मुर्गी पालन Livestock Activities चारा और आहार विकास
50% तक अनुदान
सहकारी समितियों हेतु प्रमुख योजनाएँ
कृषि विपणन आधारित संरचना योजना AMI
फसलोत्तर मूल्य श्रृंखला का विकास/गोदाम/ग्रामीण बाजार Development of Post Harvest Value Chain/Storage/Rural Haat
25% तक अनुदान
पैक्स/ एफ.पी.ओ./अनुसूचित जाति/जनजाति/महिला समिति 33.33% तक अनुदान/6% ब्याज दर #
स्वयं शक्ति सहकार योजना
सहकारिताओं के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूह को आर्थिक सहायता
कृषि अवसंरचना निधि AIF
अधोसंरचना निर्माण हेतु 3% ब्याज दर की छूट एवं अनुदान #
युवा सहकार
नवाचार गतिविधियाँ/ नवगठित सहकारिताएँ
आयुष्मान सहकार
ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिताओं के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी अधोसंरचना का विकास
# नियम एवं शर्तें लागू
विस्तृत जानकारी हेतु संपर्क करें :
राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम
(सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
ए-8, तीसरी मंजिल, प्लेटिनम प्लाजा, टीटी नगर, माता मंदिर रोड, भोपाल-462003
Email : ro.bhopal@ncdc.in | Website : www.ncdc.in | Phone No. : 0755-4902397

### अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक बढ़ीं

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक बढ़ाई हैं। यह शिक्षक अब स्कूलों में शिक्षकों के खाली पड़े स्थानों पर सेवाएं देंगे। डीपीआई ने कहा है कि शासकीय विद्यालयों मे शैक्षणिक व्यवस्था हेतु रिक्त पदों के विरुद्ध सत्र 2024-25 में विद्यालयों मे अतिथि शिक्षकों को आमंत्रित करने के निर्देश संदर्भित पत्रों मे दिए गए थे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त पदों के विरुद्ध आमंत्रित अतिथि शिक्षकों की सेवाएं विद्यालय मे रिक्त पद होने की स्थिति में 30 अप्रैल तक ली जा सकेंगी। बता दें कि इससे पहले शैक्षणिक सत्र में 31 मार्च को ही अतिथि शिक्षकों की सेवाएं समाप्त हो जाती थी।

एक बाइक का कुछ हिस्सा भी जला

## लीकेज सिलेंडर पर बना रहे थे नूडल्स, लगी आग, 3 झुलसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार शाम सुभाष कालोनी अशोका गार्डन के एक घर में गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि उसकी चपेट में तीन लोग झुलस गए। साथ ही आंगन में रखी एक बाइक का एक तरफ का हिस्सा आग के संपर्क में आने से जल गया। बताया जा रहा है कि जिस घर में आग लगी थी उस घर में नूडल बनाने का कारखाना संचालित होता है। गैस सिलेंडर में लीकेज होने की वजह से सिलेंडर ने अचानक आग पकड़ ली। आग की सूचना पर पुल बोगदा और गोविंदपुरा फायर स्टेशन से दमकलें रवाना हुई। फायर कर्मी फुरकान उद्दीन ने बताया कि आग को बुझाने के चक्कर में घर के तीन-चार सदस्य मामूली तौर पर झुलस गए हैं। एक बाइक भी आग की चपेट में आई है। घर में नूडल बनाने का काम किया जाता है। आग को बुझाने में करीब एक घंटे का समय लगा। छह फायर कर्मियों ने मिलकर आग को काबू किया। हालांकि शहर में इसके अलावा अन्य आठ स्थानों पर भी आग लगी। यह आग ज्यादातर झाड़ियों और जंगल में लगी।

दो दिन पहले ही ईंटखेड़ी में मिला था नवजात

वहां से गुजर रहे ड्राइवर ने उठाकर अस्पताल पहुंचाया

## कचरे के ढेर में नवजात को छोड़कर गई मां बोरी में लिपटा रोता-बिलखता मिला मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पीले क्वार्टर, प्राइमरी स्कूल के पास अज्ञात मां नवजात शिशु को कचरे के ढेर में छोड़कर चली गई। शनिवार सुबह वहां से गुजर रहे एक ड्राइवर ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी थी। वह कचरे के ढेर के पास पहुंचा तो बोरी में लिपटा बच्चा नजर आया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को कमला नेहरू अस्पताल में भर्ती करा दिया है। बच्ची की हालत खतरे से बाहर



बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही गुरुवार को ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा दुर्गा मंदिर के पास से एक नवजात बच्चा झाड़ियों से बरामद किया था।

### दो दिन पहले झाड़ियों में मिला था नवजात

*एसआई रिंकू जाटव ने बताया कि समीर मंसूरी, कबाड़खाना, हनुमानगंज में रहते हैं। गुरुवार शाम वह ईंटखेड़ी स्थित लीलावती अस्पताल जा रहे थे। शाम करीब सवा 7 बजे लांबाखेड़ा में दुर्गा मंदिर के पास पहुंचते ही मुख्य सड़क से उन्हें बच्चे के रोने की आवाज आई। वे झाड़ियों की तरफ पहुंचे तो उन्हें एक बच्चा रोता नजर आया। वे बच्चे को उठाकर तत्काल अस्पताल पहुंचे। इसके बाद हनुमानगंज पुलिस को शिकायत दर्ज कराई।*

### फुटेज खंगाल रही पुलिस

एएसआई राम प्रकाश भारती ने बताया कि ड्राइवर मुश्ताक खान निजी वाहन चलाते हैं। शनिवार सुबह वे कार लेकर जा रहे थे। उन्हें लघुशंका लगी और वे कचरे के ढेर की तरफ बढ़ने लगे। इसी बीच उन्हें कचरे के ढेर पर बच्चा बोरी में लिपटा नजर आया। पुलिस पहुंची और बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।


## खबर संक्षेप



### आदिनाथ भगवान जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

**मंडीदीप।** नगर में सकल दिगंबर जैन समाज ने जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की जयंती रविवार को समारोहपूर्वक मनाई। इस मौके पर मंडी स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्री अदिनाथ दिगम्बर मंदिर कमेटी ने सुबह प्रभात फेरी निकाली, जो वार्ड 23 से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्ग से होकर श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। जहां तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के कलशाभिषेक कर अष्ट द्रव्य से पूजन किया गया। शाम को आदिनाथ भगवान की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस मौके पर 48 दीपकों के साथ भक्तांबर स्त्रोत का पाठ किया गया। तीर्थंकर भगवान को पालने में झुलाया गया। समाज के लोगों ने भक्ति भावना पूर्वक भक्तांबर स्त्रोत का पाठ किया। कार्यक्रम में जैन समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो, वह भाग्यशाली



**मंडीदीप।** नगर में महावीर कॉलोनी में सात दिवसीय विशाल शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है। रविवार को व्यास पीठ के कथा व्यास आचार्य नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो, वह भाग्यशाली है। उन्होंने कहा कि तब तक कलयुग के पाप परेशान करेंगे, जब तक शिव पुराण हमारे जीवन में शामिल न हो जाए, यही शिव पुराण की महिमा है। इस दौरान श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग ने दवाई के धोखे में खाया चूहामार, मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर में दवाई के धोखे में बुजुर्ग महिला ने शुक्रवार रात चूहामार खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां शनिवार शाम उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार संजय नगर मिसरोद गांव निवासी ओमप्रकाश पाटीदार खेती-किसानी करते हैं। उनकी पत्नी सरजू पाटीदार (55) पिछले 10-12 साल से गठिया के रोग से पीड़ित थीं। एएसआई भागीरथ राय ने बताया कि बीते दो-तीन माह से सरजू पाटीदार का शुगर लेवल बढ़ गया था। किसी दूसरे डॉक्टर को बताने पर उसने कहा था कि गठिया की दवा खाने से शुगर लेवल बढ़ रहा था। इसलिए कुछ दिन के लिए गठिया की दवा खाना छोड़ दो। अपने मृत्युपूर्व बयान में महिला ने बताया था कि 21 मार्च की रात सोते समय उन्हें हाथ-पैरों में बहुत दर्द हो रहा था। वह गठिया की दवा खोजने लगीं। इस बीच उन्हें एक पुड़िया मिली। उन्होंने उसमें रखी दवा खा ली। कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। उल्टियां होने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान पता चला कि उन्होंने दवा के धोखे में चूहेमार दवा खा ली थी।

## पूज्य सिंधी पंचायत ने देश के गौरव, अमर शहीद हेमू कालाणी का 102वां जन्मदिवस मनाया

# विधायक रामेश्वर ने नमन कर कहा, हेमू कालाणी ऐसे सपूत जिन्होंने 19 वर्ष की उम्र में देश के लिए दिया अपना बलिदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में अमर शहीद हेमू कालाणी का 102वां जन्मदिवस कालाणी स्टेडियम स्थित हेमू कालाणी की प्रतिमा के समक्ष मनाया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा ने वतन के बहादुर सुपुत्र अमर शहीद हेमू कालाणी को समाज और राष्ट्र का गौरव बताकर उन्हें नमन कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि हेमू कालाणी ने मात्र 19 वर्ष की आयु में देश के लिए अपना बलिदान दिया। शर्मा ने महान क्रांतिकारी भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को भी नमन किया।

शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

शहीद हेमू कालाणी के व्यक्तित्व पर दिया व्यक्तव्य

### महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को शहीद दिवस पर किया नमन



पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी ने हेमू कालाणी के की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने सरदार भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु के शहीद दिवस पर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में पार्षद अशोक मारण, पंचायत महासचिव नंद दादलानी, गुलाब जेठानी, जेठानंद मंगतानी आदि उपस्थित रहे।

मंडीदीप में अर्पित की श्रद्धांजलि

### शहीद दिवस पर क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का स्मरण



**मंडीदीप।** सेवा समिति ने कृषि उपज मंडी परिसर में शहीद दिवस पर क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा के मीडिया प्रभारी घनश्याम गोस्वामी, विनोद नागर, शंकर यादव, अर्जुन तोमर, श्रीकांत गोस्वामी, आकाश गोस्वामी, देवेंद्र कुशवाहा, हरिओम गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## आधा दर्जन लोगों पर लाठी और डंडे से किया हमला

# खजूरी सड़क के गांव नरेला में जमीन पर कब्जे की बात को लेकर विवाद, कार और ट्रैक्टर में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव नरेला में शनिवार रात जमीन पर कब्जे की बात को लेकर एक ही परिवार के लोगों ने आधा दर्जन लोगों से लाठी और डंडे से मारपीट कर दी। गुस्साए परिवार के लोगों ने ट्रैक्टर और कार में भी तोड़फोड़ की है। पुलिस ने उक्त मामले में परिवार पर बलवा, मारपीट और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। एसआई संतराम खन्ना ने बताया कि आकाश त्रिपाठी ई-टू अरेरा कॉलोनी में रहते हैं और बिजनेसमैन शैलेंद्र पटेल की कंपनी में नौकरी करते हैं। शैलेंद्र पटेल की कंपनी ने खजूरी सड़क की ग्राम नरेला में पंद्रह एकड़ भूमि खरीदी थी। भूमि पर मकान भी बना हुआ है। उक्त भूमि पर स्वर्गीय भागीरथ वर्मा के रिश्तेदारों का कब्जा है। रिश्तेदारों ने जमीन पर गेहूं बोया था और कट चुका है।

अपनी जमीन पर कब्जा लेने के लिए शैलेंद्र पटेल ने कंपनी के कर्मचारी आकाश त्रिपाठी समेत सात लोगों को भेजा था। सभी लोग कार और ट्रैक्टर लेकर शनिवार शाम पहुंचे। इस दौरान वर्मा परिवार का कहना था कि गेहूं कट गया है और भूसा निकलना बाकी है। भूसा निकलने के बाद जमीन पर कब्जा कर लेना। इधर आकाश त्रिपाठी और उनके साथियों का कहना था कि मालिक ने अभी कब्जे की बात कही है। मालिक ने कहा है कि जितना भूसा यहां से निकलेगा, उससे डबल भूसा वह लाकर देंगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।

*ग्राम नरेला में पंद्रह एकड़ भूमि का है मामला*

*परिवार पर मारपीट, बलवा की धाराओं में प्रकरण दर्ज*

### पुलिस के लौटने के बाद बढ़ा विवाद



विवाद की सूचना मिलते ही खजूरी सड़क थाना प्रभारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा था। करीब 9 बजे दोनों पक्षों को समझाइश देने के बाद पुलिस लौट आई। पुलिस के लौटने के तीस मिनट बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर वर्मा परिवार ने आकाश त्रिपाठी और उनके साथियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने ट्रैक्टर और कार में भी तोड़फोड़ की है। मारपीट और विवाद में आकाश त्रिपाठी और उनके साथियों को मामूली चोट है।

### इन पर मारपीट बलवा और तोड़फोड़ का प्रकरण दर्ज

पुलिस ने आकाश त्रिपाठी की शिकायत पर संदीप वर्मा, गोपाल सिंह, प्रीतम वर्मा, शैलू वर्मा, जितेंद्र वर्मा, राकेश वर्मा, अखिलेश वर्मा, कपिल वर्मा, ओम वर्मा, प्रेम वर्मा, बबलू वर्मा ईश्वर वर्मा और अजय वर्मा पर मारपीट, बलवा सहित तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### देर होने पर बेस्ट प्राइज मैनेजर ने कर्मचारी को पीटा

निशातपुरा थाना क्षेत्र के करोंद स्थित बेस्ट प्राइज में कर्मचारी के साथ मैनेजर ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। वह महज 10 मिनट देरी से पहुंचा था। कर्मचारी की नाक पर किसी भारी वस्तु से प्रहार करने के कारण वह लहूलुहान हो गया। मैनेजर ने भी कर्मचारी पर मारपीट का आरोप लगाया है। निशातपुरा पुलिस ने दोनों ओर से मारपीट की धाराओं के तहत उभयपक्षीय प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शिव नगर निवासी उमाशंकर चौरसिया (40) बेस्ट प्राइज स्टोर करोंद में मार्केटिंग का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि मैनेजर गुलाब सिंह ने शनिवार को थोड़ा लेट होने पर मारपीट कर दी। पुलिस का कहना है कि मैनेजर गुलाब सिंह ने भी उमाशंकर के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। टीआई रूपेश दुबे के अनुसार दोनों पक्षों में सैलरी को लेकर भी विवाद सामने आया है।

### क्राइम ब्रांच ने बदमाश से सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद की

क्राइम ब्रांच ने अवैध सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल के साथ बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने के इरादे से लेकर जा रहा था। एसीपी मुख्तार कुरैशी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि जहांगीराबाद स्थित स्लॉटर हाउस के पास एक व्यक्ति अवैध बंदूक के साथ मौजूद है। क्राइम ब्रांच की टीम ने मौके पर छापा मारा और संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान जिंसी निवासी इमरान अहमद (54) के रूप में हुई। इमरान के पास से एक देसी सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और कारतूस बरामद हुए। जांच में पता चला कि इमरान के खिलाफ दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को संदेह है कि इमरान ने यह पिस्टल खरगोन जिले के हथियार डीलरों से खरीदी थी। पुलिस आगे के नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

## एम्स की नर्सिंग ऑफिसर की आत्महत्या का मामला

# परिजन बोले, सुसाइड नोट में बेटी की नहीं है हैंड राइटिंग

- परिजन का आरोप- दो साल से बेटी के संपर्क में था डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित स्प्रिंग वैली में शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली नर्सिंग ऑफिसर का शव रविवार को पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। युवती के पिता नहीं है। मां, भाई, भाभी झांसी से भोपाल पहुंचे थे।

परिजन ने बताया कि बेटी दो साल से राजस्थान के एक डॉक्टर के संपर्क में थी। उसकी डॉक्टर से मोबाइल पर वीडियो कॉलिंग और चेटिंग से बातचीत होती थी। इस बारे में बेटी ने उन्हें बताया था। परिजन का कहना है कि उनकी बेटी फांसी लगाकर आत्महत्या नहीं कर सकती। उसके साथ कुछ गलत हुआ है। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि घटनास्थल का निरीक्षण करने और हालात देखकर पुलिस को प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड से जुड़ा नजर आ रहा है। नर्सिंग ऑफिसर युवती के परिजन ने यह भी आरोप लगाए हैं कि सुसाइड नोट दीपिका ने नहीं लिखा है, जो हैंडराइटिंग सुसाइड नोट में लिखी है, वह उसकी नहीं है। पुलिस हेंड राइटिंग एक्सपर्ट से जांच करा रही है।

### जल्द ही युवती के परिचित डॉक्टर से पूछताछ के लिए राजस्थान जाएगी पुलिस

थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शुक्ला ने बताया कि जल्द ही एक टीम राजस्थान जाएगी। और डॉक्टर से पूछताछ करेगी। पुलिस अब सुसाइड हैंड राइटिंग एक्सपर्ट और दीपिका के मोबाइल की जांच साइबर पुलिस से करा रही है। उसके मोबाइल की सीडीआर भी निकलवाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि दीपिका साहू पिता घनश्याम दास साहू (26) सदर बाजार, झांसी की रहने वाली थी। वह स्प्रिंग वैली में पांचवें फ्लोर पर किराए के फ्लैट में रह रही थी और एम्स के कैंसर डिपार्टमेंट में नर्सिंग ऑफिसर थी। शनिवार को दीपिका की लाश उसके फ्लैट के बेडरूम में फांसी के फंदे पर लटकी मिली थी। फ्लैट का सेंटर लॉक अंदर बंद था। पुलिस ने उसके पास से एक पन्ने का सुसाइड नोट भी बरामद किया था, जिसमें उसने लिखा था कि वह तनाव में है, इसलिए आत्महत्या कर रही है। पुलिस ने उसके मोबाइल पर वाट्सएप चेटिंग देखी थी। इस दौरान पता चला कि वह राजस्थान के एक डॉक्टर के संपर्क में थी। दोनों में गहरी दोस्ती थी और दोस्ती तोड़ने का मैसेज भी मोबाइल में मिला था। एक अनुमान यह भी है कि दोस्ती टूटने से दुखी होकर दीपिका ने आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस मर्ग कायम सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## कायस्थ बंधु समिति ने किया सम्मानित

# समाज को मांसाहार और नशा मुक्त बनाने का लिया संकल्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कायस्थ बंधु समिति भोपाल सहित नगरों में चित्रगुप्त सम्मान के जरिए कायस्थ समाज के लोगों को मांसाहार खान-पान त्यागने पर सम्मानित कर रही है। रविवार को विद्यानगर महावीर कॉलोनी में पदमा सुरेश सक्सेना के घर पर होली, हिंदू नववर्ष मिलन समारोह किया गया।

इसमें स्थानीय 11 शाकाहारी कायस्थ महिलाओं को आमंत्रित किया गया। कायस्थ बंधु समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने महिलाओं को पीले गमछे पहनाकर भगवान श्री चित्रगुप्त की तस्वीर भेंट कर प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर सम्मानित महिलाओं ने समाज से मांसाहार खान-पान बंद करने के साथ साथ बेटा-बेटियों के विवाह बिना दहेज मांग करने का संकल्प भी लिया है। यह सम्मान मुख्य रूप से पदमा सक्सेना, अर्चना श्रीवास्तव, रीता सक्सेना, दुर्गा श्रीवास्तव, प्रमिला श्रीवास्तव, मधुवाला खरे, कल्पना सक्सेना, पदमा खरे, मधु सक्सेना, नेहा खरे, ज्योति खरे को दिया गया है। कार्यक्रम में सुरेश सक्सेना, आशीष खरे, पंकज खरे ने सहभागिता की।

## होली मिलन समारोह की सूचना नहीं

# औबेदुल्लागंज सर्राफा संघ ने किया समारोह का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को जिला सर्राफा संघ का होली मिलन समारोह औबेदुल्लागंज में रखा गया था, मगर सर्राफा संघ औबेदुल्लागंज ने इसका बहिष्कार किया। औबेदुल्लागंज सर्राफा संघ के नेताओं ने बताया कि रायसेन, मंडीदीप के कई सर्राफा व्यापारी नहीं आए, वही सर्राफा एसोसिएशन में तनातनी चल रही है। सर्राफा जिला एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष का गुट नाराज है। औबेदुल्लागंज व्यापार महासंघ, किराना व्यापार संघ को इस मिलन समारोह की कोई खबर तक नहीं दी गई, जबकि औबेदुल्लागंज व्यापार महासंघ में सर्राफा एसोसिएशन भी शामिल है।

### किराना व्यापार संघ के समारोह पर असमंजस बरकरार

इधर, किराना व्यापार संघ अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, गिरीश चावला और श्याम मालवीय ने कहा कि व्यापार महासंघ का होली मिलन समारोह अगर तीन व्यापार संघ के आशीष दीक्षित, विवेक मित्तल, कैलाश डब्बू नागर चाहे तो कर सकते हैं, क्योंकि व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी और सचिव प्रदीप अरोरा दोनों सहज और भोले हैं, इसीलिए तीनों अगर अध्यक्ष सचिव को सलाह दें तो व्यापार महासंघ का मिलन समारोह हो सकता है। आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर ने बताया कि हम प्रयासरत हैं।

# पुराने प्रकरण में समझौता करने की नीयत से खुद की जांघ में मारी थी गोली







हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विदिशा की शराब कंपनी के लिए काम करने वाले कर्मचारियों ने हत्या के प्रयास के पुराने प्रकरण में समझौता करने की नियत से अपने दोस्त की जांघ में गोली मार दी थी। ताकि फरियादी को झूठे मामले में फंसाया जा सके।

संदेह होने पर रातीबड़ पुलिस ने मामले की जांच की और झूठी साजिश का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने खुद को गोली मारने वाले आरोपी समेत तीन दोस्तों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 14 मार्च की रात करीब साढ़े 8 बजे हमीदिया अस्पताल से सूचना मिली कि शैलेन्द्र राजपूत (30) हसनपुर विदिशा को इलाज के लिए उसका दोस्त विकास तिवारी अस्पताल लेकर आया है। उसके दाहिने पैर में गोली लगी है। उसने बताया कि 14 मार्च होली पर शाम करीब 6 बजे केरवा डैम घूमने गए थे। वहां किसी व्यक्ति ने पैर में गोली मार दी। पुलिस अस्पताल पहुंची और शैलेन्द्र व विकास से पूछताछ की। थाना प्रभारी एसआई रासबिहारी शर्मा के नेतृत्व में तीन टीमें बनाकर विवेचना शुरू की गई।

### शैलेन्द्र की जांघ में फंसी थी गोली

पुलिस ने जांच की तो पता चला कि शैलेन्द्र राजपूत (30) और संजय नामदेव (46) निवासी वार्ड नंबर 22 विदिशा और विकास तिवारी निवासी विदिशा ने पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए षडयंत्र रचा था। सख्ती से पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों दोस्तों ने मिलकर विकास तिवारी की गाड़ी में बैठकर घटना को अंजाम दिया है। शैलेन्द्र की जांघ में गोली धंसी थी। हमीदिया में ऑपरेशन के बाद गोली को निकाला गया।

### बयान में विरोधाभास से फंसे आरोपी

जांच में यह बात सामने आई कि घटना होली के दिन की है। तीनों आरोपी शैलेन्द्र, विकास व संजय शराब के नशे में धुत थे। पूछताछ करने पर पुलिस को संदेह हुआ। तीनों दोस्तों से अलग-अलग पूछताछ की गई। इनमें से एक आरोपी पूरी तरह खामोश रहा जबकि दो आरोपी बार-बार अपने बयान बदलते रहे। सीसीटीवी फुटेज में भी कैरवा डैम और आसपास हमलावरों की कोई गतिविधि नजर नहीं आई। सख्ती से पूछताछ करने पर तीनों दोस्तों ने झूठी साजिश रचने का खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताया कि साल 2023 में विकास तिवारी व साथियों ने दूसरी शराब कंपनी के कर्मचारी बृज राज यादव के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने बृजराज यादव की शिकायत पर विकास तिवारी के खिलाफ हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज किया था। मामले कोर्ट में लंबित है। विकास तिवारी चाहता था कि वह भी इसी प्रकार का प्रकरण दर्ज करा दे ताकि बृजराज और उसके साथी महेश त्रिपाठी को फंसाया जा सके।

## सिंधी मेला समिति के आयोजन में 2 हजार से अधिक लोगों ने लिया भाग

# मैराथन में दौड़ लगाकर सिंधी युवाओं ने दिया नशे से दूर रहने का संदेश

### विधायक सबनानी, मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष ममतानी, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आडवाणी ने दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजधानी में पहली बार सिंधी समाज की सबसे अग्रणी संस्था सिंधी मेला समिति ने रविवार को सिंधी मैराथन का आयोजन किया। मैराथन में करीब 2000 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए।

लालघाटी स्थित सन सिटी गार्डन से शुरू हुई सिंधी मैराथन लालघाटी चौराहे से लेकर वीआईपी रोड होते हुए वापस सन सिटी गार्डन फिनिश लाइन तक पहुंची। मैराथन में मार्गदर्शन देने के लिए साइकिल पर सवार वॉलेंटियर्स रास्ता गाइड करते हुए चल रहे थे।




**जुम्बा वर्कशॉप में बटोरी तालियां, संगीत पर बच्चे और युवा झूमे**

कार्यक्रम की शुरुआत जोश भर देने डीजी कपिल सचदेवा के म्यूजिक से हुई। इस दौरान विशाल फिटनेस व मुस्कान फिटनेस वर्कशॉप का भी फुल ऑन बॉडी में एनर्जी भर देना वाले जुम्बा सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जुम्बा वर्कशॉप को लेकर बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला। बच्चे भी नाचते-गाते इंजॉय करते दिखे।

### रनर्स को किया सम्मानित

सनसिटी से सुबह 7 बजे सिंधी मैराथन शुरू हुई, जिसे भाजपा के विधायक भगवानदास सबनानी व विश्व विजेता व अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पद्मश्री, पद्मभूषण प्राप्त पंकज आडवाणी, मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिंधी मैराथन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय रनर्स को शील्ड व प्रमाण पत्र दिए गए। आयोजन में जयकिशन लालचंदानी, किशोर तनवानी, जीसी केवलरामानी, समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी, महासचिव नरेश तलरेजा, कार्यक्रम के संयोजक कपिल भाटिया, सह संयोजक राम आसुदानी, सीमा सबनानी, माया पंजवानी, कविता इसरानी, भारती ठाकुर, शकुन देवरख्यानी, मीना भागचंदानी, किरण बत्रा, पूजा भाटिया, भावना जगवानी, सिया आसुदानी, दिव्या दरयानी, रेखा कमल, दीपक राजानी, मोहित शेवानी, रवि आनंद, कविता चांदवानी, कमलेश चांदवानी, सुनील किंगरानी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा-कांग्रेस नेताओं में आरोप-प्रत्यारोप का दौर

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस के नेता कहते हैं कि भाजपा औबेदुल्लागंज में खींचतान चल रही है। नगर परिषद में भी भाजपा पार्षद नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ लोकायुक्त को भ्रष्टाचार की जांच के लिए शपथ-पत्र देंगे, वहीं भाजपा नेता कहते हैं कि भाजपा संगठित है। कांग्रेस में खींचतान चल रही है। कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष नहीं बन पा रहा है। कांग्रेस में हर नेता ब्लॉक अध्यक्ष बनना चाहता है। बहरहाल कांग्रेस और भाजपा के स्थानीय नेता एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नगर परिषद पति चला रहे हैं, वही परिषद की हर बात विधायक सुरेंद्र पटवा तक पहुंच रही है। नगर परिषद की काफी शिकायत पहुंचने पर पति की खिंचाई भी जारी है। बरहाल जब से जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर के खिलाफ नगर परिषद ने औबेदुल्लागंज थाने में एफआईआर की है, तब से कांग्रेस के नेता नगर परिषद की खोजबीन में लग गए हैं।

## डॉ. यादव ने जामसांवली में की चमत्कारिक हनुमानजी की पूजा-अर्चना

# जामसांवली सहित मप्र में 13 अलग-अलग लोक निर्माण कार्य से धार्मिक, पर्यटन क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य तेजी से हो रहे है। विकास के कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जामसांवली सहित प्रदेश में 13 अलग-अलग लोक के निर्माण कार्य से धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

हनुमान लोक का प्रथम चरण का कार्य मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य है और द्वितीय चरण में शीघ्र ही हनुमान लोक के विकास के कार्य होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को पांढुर्ना में चमत्कारिक हनुमानजी के मंदिर परिसर जामसांवली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।



मप्र में हो रहा है तेजी से विकास

### प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कदम उठाए

सीएम ने कहा कि मप्र में प्रत्येक वर्ग के कल्याण के कदम उठाए गए हैं। पांढुर्णा में सभी विकास कार्य होंगे, जिससे जिले में औद्योगिक विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने गुड़ी पडवा (नये विक्रम संवत) की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए साल में पांढुर्णा के विकास को प्राथमिकता से किया जाएगा।

### किसान, युवा, महिला और गरीबों के लिए सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहे हैं और सभी वर्गों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, महिला और गरीबों के लिए सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। इस बार किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी जाएगी। साथ ही धान उत्पादन पर भी प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार देने का लक्ष्य है। लोकसेवा आयोग की परीक्षाएं जो रुकी थीं, वे सभी हो रही हैं। इसी प्रकार गरीबों के हित लिये भी लगातार कार्य किए जा रहे हैं।*

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता के कल्याण एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जामसांवली में चमत्कारिक हनुमानजी का पूजन-अर्चन कर प्रदेश के कल्याण एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कन्या-पूजन कर सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू, विधायक कमलेश शाह, पूर्व विधायक नाना भाउ मोहोड़, कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसपी सुंदर सिंह कनेश, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक सहित अन्य अधिकारी और आम जन उपस्थित थे।*

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ स्नेह मिलन कार्यक्रम

1 मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा, बिहार के मंत्री सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

2 सीएम डॉ. मोहन की घोषणा, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में भोपाल में पार्क बनेगा, उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी

# सदियों पुराना है मप्र और बिहार का नाता भोजपुरी बोली भी राजा भोज से संबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत रविवार को स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, बिहार शासन के मंत्री राजू कुमार सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज बिहार नई करवट ले रहा है। ऐसे में देश में और बिहार में एनडीए की सरकार होना जरूरी है। भगवान राम और कृष्ण के नाम से ही हमारी संस्कृति चलती है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी हमेशा भगवान राम और कृष्ण का रास्ता रोकते रहे हैं। इन्हीं लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा को रोका था। आप सभी को यह याद रखना है कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में भोपाल में पार्क बनेगा और उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिहार एक स्वतंत्र राज्य के रूप में भले ही 1912 में अस्तित्व में आया हो, लेकिन मध्यप्रदेश से उसके ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमें यह बताते हुए गर्व की अनुभूति होती है कि भोजपुरी बोली भी राजा भोज से संबंधित है। बिहार के क्षत्रियों में उज्जैनिया ठाकुर के नाम वाली भी एक शाखा है, जो उज्जैन से बिहार के घनिष्ठ संबंधों को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि बिहार देश का इकलौता राज्य है जिसका नाम वृंदावन बिहारी यानी भगवान कृष्ण के नाम पर है।





### भोजपुरी समाज के लोग भोपाल सहित संपूर्ण मप्र के लिए भी बड़ी ताकत: प्रदेशाध्यक्ष शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की दुनिया को शिक्षा देने वाले बिहार ने लोकतंत्र को बचाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। कांग्रेस पार्टी ने जब देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र पर प्रहार किया तो जयप्रकाश नारायण ने ही लोकतंत्र बचाने की अलख जगाई और उनके आह्वान पर ही देशभर में आंदोलन शुरू हुआ। जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से निकली सोच को ही आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश की सेवा करने में जुटे हैं। बिहार के लोग देश के हर कोने में मिलेंगे और अपनी योग्यता व कर्मठता से देश व समाज की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। भोजपुरी समाज के लोग भोपाल सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए भी बड़ी ताकत हैं। भोपाल में भोजपुरी समाज से आने वाले सुरेन्द्र नाथ सिंह तीन बार भाजपा के जिला अध्यक्ष रहे। वे विधायक भी रहे हैं। वर्तमान में भोपाल के जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति भी भोजपुरी समाज से आते हैं। मप्र के गठन के बाद से आज तक देखा जाए तो भोपाल के अधिकांश कलेक्टर और एसपी बिहार और भोजपुरी समाज से ही रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है: राजू कुमार

बिहार शासन के मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा कि पूरा हिंदुस्तान जानता है कि बिहार ज्ञान की भूमि और तपोभूमि रही है। यहां एक से बढ़कर योग योद्धा, वीरपुरूषों ने जन्म लिया। बिहारी जब भी हिंदुस्तान के किसी भी कोने में जाता है तो हमारी परम्परा, संस्कृति और देश के प्रति समर्पण के लिए अतिथि देवो भवः की भावना के साथ मान-सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित हाथों में हैं। हर कोई चैन से सांस ले सकता है। मुझे याद है 1990 में 15 अगस्त पर हॉस्टल में तिरंगा फहराया था तो मुझे पुलिस उठाकर ले गई थी और दो दिन बाद पुलिस ने मुझे छोड़ा था। आज वही हिंदुस्तान है, जहां हाथ में झंडा लेकर वीडियो कॉल करके मेरा बेटा दिखाता है कि मैं शिमला की सड़कों पर वंदे मातरम गा रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की ताकत बढ़ी है।

### भोपाल में बिहार फाउंडेशन की स्थापना के लिए सौंपा ज्ञापन




बिहार फाउंडेशन भोपाल में स्थापित करने बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री राजू कुमार सिंह को भोजपुरी एकता मंच के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौपा गया। भोजपुरी एकता मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि भोपाल में भोजपुरी मैथिली, अंगिका, मगही, भाषा बोलने वालों की भोपाल में संख्या साढ़े 3 लाख है और पूरे मध्यप्रदेश में 35 लाख। भोपाल सहित पूरे मध्य प्रदेश में साहित्य, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए और भव्य रूप से बिहार दिवस मनाया जा सके, इसके लिए बिहार फाउंडेशन की स्थापना की मांग राजा भोज एयरपोर्ट पर ज्ञापन सौंपकर बिहार के राजू कुमार सिंह से मांग की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कुंवर प्रसाद, कौशल झा, राजेश्वर सिंह, कामेश्वर सिंह, जेपी प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद सिंह, राजू मीणा, राहुल राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## बोरवेल के पानी की गुणवत्ता का नियमित परीक्षण नहीं

# भूजल में मैग्नीशियम, क्लोराइड नाइट्रेट खनिजों की मात्रा अधिक

**सीएजी की लेखा परीक्षा में स्थानीय निकायों में गंभीर खामियां उजागर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के खंडवा, मंदसौर, रतलाम, सतना सहित कई जिलों में वित्तीय वर्ष 2022 में स्थानीय निकायों में सीएजी के लेखापरीक्षा में कई गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार नगरीय स्थानीय निकायों ने जल आपूर्ति, सफाई और रसायनों के भंडारण में केंद्रीय लोक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) की नियमावली का पालन नहीं किया।

यह रिपोर्ट 458 पृष्ठों में 45 नगरीय स्थानीय निकायों के विश्लेषण पर आधारित है। सीएजी ने लेखापरीक्षा में पाया कि चयनित 14 नगरीय स्थानीय निकायों में से 11 में 1,204 बोरवेल (मार्च 2022 तक) के माध्यम से जल आपूर्ति की गई, लेकिन किसी भी बोरवेल के पानी की गुणवत्ता का नियमित परीक्षण नहीं किया गया। भूजल में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, क्लोराइड, नाइट्रेट जैसे घुलित खनिजों की अधिक मात्रा मानव, पशु और पौधों के लिए हानिकारक थी। फिर भी, इन निकायों ने उपभोक्ताओं को आपूर्ति किए जा रहे पानी की गुणवत्ता का आकलन नहीं किया।

### इन जिलों में कुछ इस तरह की गड़बड़ी पाई गई

*खंडवा जिले में शिकायत मिलने पर ही परीक्षण किए गए। किंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जबकि जिले के पांच निकायों में कोई परीक्षण नहीं हुआ। इसी तरह मंदसौर और नरसिंहगढ़ में परीक्षण का दावा किया, लेकिन सबूत नहीं दिए। महाराजपुर और इछावर नगरीय निकायों में क्रमशः 12 और 4 परीक्षण रिपोर्ट सौंपी। किंतु सतना जिले से कोई ठोस जवाब नहीं मिला। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि प्रत्येक नगरीय स्थानीय निकाय में योग्य कर्मियों के साथ प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएं और ओवरहेड टैंकों (ओएचटी) व वितरण लाइनों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके जवाब में पाया गया कि तीन निकायों में उचित भंडारण के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।*

### चूने और फिटकरी का अनुचित भंडारण किया गया

*इन निकायों में गड़बड़ी एक बानगी कुछ इस तरह से रही। इसमें सीपीएचईईओ नियमावली 2005 के अनुसार चूने और फिटकरी को ठंडी, सूखी जगह पर संग्रहित करना अनिवार्य है। नमी के संपर्क में आने से इनकी गुणवत्ता प्रभावित होती है। किंतु मई 2022 से जनवरी 2023 के बीच 10 नगरीय स्थानीय निकायों के जल शोधन संयंत्रों के निरीक्षण में पाया गया कि 6 निकायों में फिटकरी, चूना और ब्लीचिंग पाउडर नम स्थानों या बिना दरवाजे-खिड़कियों वाले कमरों में रखे गए, जिससे गुणवत्ता खराब हुई।*

### सीएजी ने निष्कर्षों के बाद यह सुझाव दिया

सीएजी ने लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में चेतावनी दी कि जल आपूर्ति और शुद्धिकरण में यह खामियां जन स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नियमित जल परीक्षण और सीपीएचईईओ नियमावली का पालन सुनिश्चित करना समय की मांग है। नगरीय स्थानीय निकायों से अपेक्षा की जाती है कि वे इन सुझावों पर त्वरित कार्रवाई करें।

(नोट- यह खबर सीएजी लेखापरीक्षा के तथ्यों पर आधारित है)

## स्कूल शिक्षा विभाग संचालित किए जा रहे हैं 5 केंद्रीय पुस्तकालय

# स्कूल शिक्षा विभाग पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण पर कर रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों को अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 5 केन्द्रीय पुस्तकालयों का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही भोपाल के जीटीबी कॉम्प्लेक्स में विभाग द्वारा वित्तीय अनुदान से स्वामी विवेकानन्द लाइब्रेरी (पूर्व ब्रिटिश लाइब्रेरी) का संचालन किया जा रहा है। इन पुस्तकालयों में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की भी सुविधा दी जा रही है।

शासकीय मौलाना आजाद केन्द्रीय पुस्तकालय भोपाल को सेंट्रल लाइब्रेरी के नाम से भी जाना जाता है। यह पुस्तकालय साहित्यिक पुस्तकों का भंडार भी है। पुस्तकालय में करीब एक लाख से अधिक पुस्तकें हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, ऊर्दू, अरबी, फारसी आदि भाषाओं में उपलब्ध हैं। इसके अलावा अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय इंदौर, शासकीय केन्द्रीय पुस्तकालय ग्वालियर, शासकीय केन्द्रीय पुस्तकालय जबलपुर, शासकीय केन्द्रीय पुस्तकालय रीवा का भी संचालन किया जा रहा है।

## सियासतनामा



### मुख्यमंत्री का यह कदम तारीफ के काबिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में जो उदाहरण प्रस्तुत किया, उससे पता चलता है वे बेहद संवेदनशील हैं। रंगपंचमी के अवसर पर वे 'गेर' में शामिल होने के उद्देश्य से इंदौर गए थे। अचानक एक हादसा हुआ। 'गेर' के दौरान ही ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। डॉ. यादव ने निर्णय लिया कि अब वे 'गेर' में शामिल नहीं होंगे। इसके साथ उन्होंने पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए सहायता की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि एक परिवार भारी पीड़ा में है। ऐसे हालात में मैं 'गेर' में कैसे शामिल हो सकता हूं? ऐसा उन्होंने तब किया जब 'गेर' में लगभग 5 लाख लोग शामिल थे।

### मंत्री अपने साथ हुए अन्याय को याद कर रो पड़े

विधानसभा के बजट सत्र का सबसे चर्चित मुद्दा बन गया सदन के अंदर सरकार के मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का फफक-फफक कर रोना। वे कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। मिश्रा ने कहा था कि सेमरिया विधानसभा से उनका चुनाव लड़ना अपराध हो गया है। थाना चोरहटा में उनके और बेटे विभूति नारायण मिश्रा के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। मिश्रा ने कहा कि मैं आपके चरणों में गिरने के लिए तैयार हूं, लेकिन परिवार को न्याय प्रदान दीजिए। जवाब में मंत्री पटेल ने कहा कि मैं आपकी पीड़ा से इत्तफाक रखता हूं। बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज होता है तो क्या बीतती है, समझ सकता हूं। कहते हुए मंत्री पटेल रो पड़े। बता दें कि भोपाल में उनके बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज हो गया था। उनको थाने जाकर बैठना पड़ा था।

### कांग्रेस विधायक दल की बदली रणनीति से घिरी सरकार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की रणनीति की तारीफ करना होगी, जिनके नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने सदन के अंदर सरकार को घेरा। पिछला सत्र पांच दिन का था और पूरा चला था। इस बार बजट सत्र में 9 बैठकें थीं। पहले होता यह था कि किसी भी मुद्दे पर कांग्रेस हंगामा करती थी। गर्भगगृह में नारेबाजी करते हुए धरना देती थी। सरकार मौके की तलाश में रहती और हंगामे के बीच कार्यसूची पूरी करा कर सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करा देती। कांग्रेस विधायक दल ने अपनी रणनीति बदली। सदन के अंदर मुद्दों को जोर-शोर से उठकार सरकार को घेरा और हंगामा करते हुए वाकआउट कर बाहर आ गए। बाहर आकर नारेबाजी करते हुए मीडिया से बात की। नतीजा, कांग्रेस ने हर मुद्दा उठा लिया।

### राजनेताओं में यह सौहार्द बेमिसाल

भोपाल में लंबे समय बाद राजनीतिक सौहार्द देखने को मिला। यह अवसर उपलब्ध कराया विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने। पहले स्पीकर तोमर के सामने दिन में विधानसभा के अंदर परिवहन घोटाले को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे के खिलाफ हमलावर थे। दूसरी तरफ विधानसभा की कार्यवाही खत्म होने के बाद नजारा बिल्कुल अलग था। सभी मंत्री और विधायक तोमर के आमंत्रण पर विधानसभा के मानसरोवर सभागार पहुंचे। यहां फाग उत्सव का आयोजन था। खास बात यह थी कि यहां संगीत की धुन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ हाथ पकड़ कर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार नाच रहे थे। ऐसा राजनीतिक सौहार्द हमेशा बरकरार रहे।

### 'अपनों' ने ही घेरा सरकार को

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान इस बार कई अचंभित करने वाले नजारे देखने को मिले। इनमें महत्वपूर्ण रहा, भाजपा के विधायकों द्वारा अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा करना। पहला नाम है वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई का। उन्होंने धान खरीदी में गड़बड़ी को लेकर सदन के अंदर अपनी सरकार को घेरा। दूसरे वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव ने उनकी बात का समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सरकार गड़बड़ी को ठीक करेगी। भाजपा के एक अन्य विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह की क्षेत्र में कॉलेज खोलने को लेकर शिक्षा मंत्री से खासी नोकझोंक हुई। तीसरे विधायक और सरकार में मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने रेत माफिया को लेकर विवादित बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि चंबल अंचल में रेत माफिया नहीं, पेट माफिया है।

दिनेश निगम 'त्यागी'

## सिंहस्थ क्षेत्र में जमीनों के स्थाई अधिग्रहण का उठाया था मुद्दा

# भाजपा विधायक मालवीय को शो-कॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रतलाम जिले के आलोट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय को प्रदेश भाजपा ने शो-कॉज नोटिस जारी किया है। आलोट विधायक ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र में जमीनों के स्थाई अधिग्रहण को लेकर अपने ही सरकार को घेरा था। इसके बाद यह जानकारी भाजपा में भी उच्च स्तर तक पहुंची। इसके बाद प्रदेश भाजपा संगठन ने मालवीय को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके लिए उन्हें जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया गया है।

नोटिस में मालवीय को संबोधित करते हुए लिखा गया है कि पिछले कुछ समय से आपके द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सरकार की आलोचना की जा रही है। आपके वक्तव्यों व कृत्यों से लगातार पार्टी की प्रतिष्ठा को आघात पहुंच रहा है। आपके इस आचरण से सरकार और पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जो अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है, इसलिए सूचित किया जा रहा है कि इस पत्र की प्राप्ति के 7 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण दें, क्यों न आपके खिलाफ अनुशासनहीनता की कार्यवाही की जाए। दरसल पूरा मामला यह है कि विधानसभा में भाजपा विधायक मालवीय ने बोला था कि 2 हजार करोड़ रुपए उज्जैन सिंहस्थ के लिए रखे हैं, लेकिन उज्जैन का किसान परेशान है, क्योंकि सिंहस्थ के नाम पर उसकी जमीन पहले केवल 3-6 महीनों के लिए अधिग्रहित की जाती थी, लेकिन आज उन्हें स्थाई अधिग्रहण का नोटिस दिया गया है। पता नहीं किस अधिकारी ने यह विचार रखा है कि आध्यात्मिक नगरी बनाएंगे, हम क्रांक्रीट के भवन बनाकर स्पिरिचुअल सिटी नहीं बना सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को सम्मान पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रायपुर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को 59वां 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' दिए जाने की घोषणा पर उन्हें बधाई दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस पुरस्कार के लिए शुक्ल का चयन उनकी सृजनात्मक शक्ति और प्रतिभा के सम्मान के साथ ही हिन्दी साहित्य जगत का भी सम्मान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हिंदी साहित्य जगत के कवि एवं साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम और हिन्दी भाषा के 12वें साहित्यकार हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री कहा कि शुक्ल ने प्रयोगधर्मी लेखन और सरल भाषा शैली के माध्यम से वृहद पाठक वर्ग को साहित्य से जोड़ने में सफलता प्राप्त की है। शुक्ल का साहित्य सृजन मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत है। वे सरल और जीवन से जुड़ी हिन्दी में लेखन करते हैं। उन्हें मिल रहा ज्ञानपीठ पुरस्कार उनती कृतियों का ही सम्मान नहीं, बल्कि यह साहित्य जगत से जुड़ी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक भी है। गौरतलब है कि वर्ष 1992 में नरेश मेहता को प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था। मप्र के बाद अब छत्तीसगढ़ से विनोद कुमार शुक्ल का चयन इस लब्ध प्रतिष्ठ पुरस्कार के लिए हुआ है।

## कुलपति के बयान की निंदा कर वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

# माता सीता पर विवादित टिप्पणी करने वाली कुलपति प्रोफेसर शुभा को पद से हटाने के लिए हिंदू, शिक्षा संगठनों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर की कुलपति प्रो. शुभा तिवारी की माता सीता पर की गई टिप्पणी से जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। ओरछा में उनके दिए गए भाषण में माता सीता को लेकर गलत टिप्पणी को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। उनको पद से हटाने की मांग जारी है।

पदभार ग्रहण से ही प्रो. कुलपति शुभा तिवारी के व्यवहार के कारण उनके स्टाफ से लेकर कार्यपरिषद तक परेशान थी, लेकिन इस बार उनके बयान और उसको लगातार सही ठहराना और आरोप लगाना कि मेरे भाषण को गलत तरीके से बताया गया। इसका विरोध सामाजिक संगठन, हिंदू संगठन और एबीवीपी लगातार कर रहे हैं। कार्यपरिषद के सदस्यों ने भी बैठक में कुलपति प्रो. शुभा तिवारी के बयान पर आपत्ति की है एवं बयान की निंदा की है।



### शिक्षा जगत और समाज में अत्यंत आक्रोश

माता सीता को लेकर शिक्षा के क्षेत्र में कुलगुरु जैसे मूर्धन्य द्वारा ऐसा बोलना निश्चित ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसको लेकर शिक्षा जगत एवं समाज में अत्यंत आक्रोश है। मैं इसकी निंदा करता हूं।

**डॉ, नितेश शर्मा,** कार्यपरिषद सदस्य
महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विवि, छत्तरपुर

### प्रो.शोभा को पद से हटाने सर्व हिंदू समाज आज करेगा विरोध-प्रदर्शन

*सर्व हिन्दू समाज छतरपुर ने कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी के खिलाफ आज सोमवार को बड़ा विरोध प्रदर्शन करेगा। ओरछा नगरी के एक कार्यक्रम में प्रो. शुभा की विवादित टिप्पणी से संपूर्ण हिन्दू समाज आक्रोशित है, क्योंकि उनकी इस दूषित मानसिकता का प्रभाव विश्वविद्यालय के छात्रों पर पड़ेगा। ऐसे अधिकारियों को अपने दायित्व पर नहीं होना चाहिए। उनके निष्कासन के लिए छतरपुर का सर्व हिंदू समाज सोमवार को 11 बजे मोटे के महावीर मंदिर से कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रो. शुभा तिवारी के निष्कासन की मांग करेगा।*

वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी

# उधमपुर तक फ्लाइट चलेगी पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा



एजेंसी ▶▶ उधमपुर

उधमपुर में विमान सेवा शुरू करने पर सहमति मिलने इस पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए सुखद है। इससे विमान सेवा से बाहर जाने वालों को तो राहत मिलेगी ही, उधमपुर व रियासी जिले के पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकता है। अभी तक विमान सेवा सिर्फ जम्मू और श्रीनगर के राजधानी शहरों में ही उपलब्ध है।

हालांकि, अभी उधमपुर में कब सेवा शुरू होगी और किस जगह से सीधे फ्लाइट उतरेगी, इस पर कोई भी फैसला नहीं हुआ है। अभी एक उच्च स्तरीय टीम मूल्यांकन करने के लिए आ रही है और बहुत हद तक उनकी रिपोर्ट पर ही आगे की कार्रवाई होगी।

■ मूल्यांकन के लिए आएगी हाई लेवल टीम

उधर, गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट से जम्मू के लिए फ्लाइट सेवाएं रविवार से शुरू हो गई हैं। हिंडन से जम्मू के लिए सुबह 9.30 बजे पहली फ्लाइट ने उड़ान भरी। जबकि जम्मू से हिंडन की फ्लाइट दोपहर एक बजे की होगी जो हिंडन पर दोपहर 2:30 पर पहुंचाएगी।

# कठुआ में सुरक्षाबलों को देख भागे आतंकी मुठभेड़ में लड़की घायल, सर्च अभियान तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हिरानगर क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध गतिविधियों के बाद सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एक जोरदार मुठभेड़ शुरू हो गई है। इस घटना की शुरुआत तब हुई जब गांव सयाल में कुछ संदिग्ध लोगों को देखा गया, जिससे सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई।

■ सयाल में कुछ संदिग्ध लोग नजर आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों से मुठभेड़ के बीच आतंकी फरार हो गए, जिनकी तलाश तेज कर दी गई है। सुरक्षा बलों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान की लॉन्च किया है। सेना, विशेष अभियान समूह (एसओजी), और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) मिलकर रणनीतिक ऑपरेशन को अंजाम दे रही है, ताकि किसी भी संभावित खतरे से जल्द से जल्द निपटा जा सके। आतंकियों के साथ मुठभेड़ के दौरान बताया जा रहा है कि एक लड़की घायल हो गई है, उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### संयुक्त टीम चला रही सर्च अभियान

सूत्रों के मुताबिक, एक विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर सर्च आपरेशन लॉन्च किया गया है। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के विशेष अभियान समूह की टीमों ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के एक भारी हथियारों से लैस समूह को रोकने की कोशिश कर रही है और भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। घने जंगलों वाला इलाका होने की वजह से बताया जा रहा है कि ऑपरेशन में समय लग सकता है।

### 2-3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका

सूत्रों के मुताबिक, इलाके में 2 से 3 संदिग्ध आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है। सुरक्षा बल सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी सुरक्षा चूक न होने पाए और जल्द ही स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके।

# पहले ब्लास्ट, फिर बरसाई गोलियां, 3 जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बीजापुर जिले के भोपालपटनम मार्ग मद्देड़ के करीब गोरला नाला के पास जवानों के पिकअप वाहन को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। इस हमले के बाद फायरिंग में कुछ जवान घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हालांकि नक्सलियों ने पिकअप वाहन को निशाना बनाने ब्लास्ट किया, लेकिन तब तक पिकअप वाहन आगे बढ़ चुकी थी। जिससे अधिक नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन ब्लास्ट के बाद नक्सलियों द्वारा किए गए फायरिंग में कुछ जवानों के घायल होने की खबर है, उनकी हालत खतरे से बाहर है। हमले के बाद तत्काल जवानों ने मोर्चा सभांलते हुए जवाबी कार्रवाई की। हमले के बाद घटनास्थल के लिए बैकअप पार्टी रवाना कर दी गई है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। नक्सलियों द्वारा भोपालपट्नम नेशनल हाईवे पर नक्सलियों ने बड़ा हमला किया है। विस्फोट के तुरंत बाद नक्सलियों ने जवानों पर अंधाधुंध फायरिंग भी की। इस फायरिंग में छर्रा लगने से कुछ जवानों को चोट आई है। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आईजी सुंदरराज पी ने घटना की पुष्टि करते बताया कि शाम लगभग 6 बजे नक्सल अभियान के वापसी के दौरान नक्सलियों ने एसटीएफ के वाहन को निशाना बनाया।

### चपेट में नहीं आई गाड़ी पहले हो गया ब्लास्ट

जानकारी के मुताबिक यह हमला तब हुआ, जब जवान बीजापुर से भोपालपटनम की ओर जा रहे थे। हमले के बाद इलाके में सर्च आपरेशन तेज कर दिया गया है। नक्सलियों ने नेशनल हाईवे पर आईईडी ब्लास्ट किया, तब वाहन में लगभग एक दर्जन सवार थे, लेकिन ब्लास्ट पहले होने से पिकअप वाहन आईईडी की चपेट में नहीं आया, नहीं तो अधिक नुकसान की संभावना थी।

एनटीसीए के नियमों का उल्लंघन का मामला

# सीधी कलेक्टर पर लगे गंभीर आरोप, सरकार ने शुरू की जांच

निजी गाड़ी में टाइगर रिजर्व में घूमने जाते हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

राज्य सरकार ने सीधी जिले के कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी पर लगे गंभीर आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। उन पर आरोप है कि वे बार-बार अपने निजी वाहन से संजय टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में प्रवेश कर रहे थे, जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) के नियमों का उल्लंघन है।

पर्यावरण कार्यकर्ता अजय दुबे ने वन विभाग में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि कलेक्टर सोमवंशी हर हफ्ते अपने दोस्तों के साथ निजी गाड़ी में टाइगर रिजर्व में घूमने जाते हैं। वे न केवल प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाते हैं, बल्कि बाघों के बेहद करीब तक पहुंचते हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि कलेक्टर वन अधिकारियों पर दबाव बनाते हैं और बुधवार दोपहर को भी सफारी करते हैं, जबकि इस दिन आम पर्यटकों के लिए पार्क बंद रहता है। संजय टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर अमित कुमार ने कहा कि उन्हें वन विभाग से इस मामले को लेकर पत्र मिला है।

मामले की जांच के लिए मझौली के उप संभागीय अधिकारी नरेंद्र रवि को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है, वे जल्द ही जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

## पेज एक का शेष

### आईपीएल में ...

सनराइजर्स ने 44 रनों से शानदार जीत हासिल की। राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 287 रनों का टारगेट मिला था, जिसका पीछा करते हुए वो छह विकेट पर 242 रन ही बना सकी। मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 286 रन बनाए। ये आईपीएल इतिहास में किसी टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर सनराइजर्स हैदराबाद ने ही बनाया हुआ है। हैदराबाद ने पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ इसी मैदान पर 3 विकेट खोकर 287 रन बनाए थे।

### आक्रांताओं जैसी...

किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या में राम मंदिर संघ की उपलब्धि नहीं है, बल्कि समाज की उपलब्धि है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आक्रमणकारी या आक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले लोग भारत के लिए खतरा हैं। दिल्ली में एक औरंगजेब रोड थी, जिसका नाम बदलकर अब्दुल कलाम रोड कर दिया गया। इसके पीछे कुछ कारण थे। औरंगजेब के भाई दारा शिकोह को हीरो नहीं बनाया गया। गंगा-जमुनी तहजीब की वकालत करने वालों ने कभी दारा शिकोह को आगे लाने के बारे में नहीं सोचा। क्या हम किसी ऐसे व्यक्ति को आइकॉन बनाएंगे जो भारत की संस्कृति के खिलाफ था, या हम उन लोगों के साथ जाएंगे जिन्होंने इस भूमि की परंपराओं के अनुसार काम किया? उन्होंने कहा कि अगर आजादी की लड़ाई अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी जाती है तो यह आजादी की लड़ाई है। उनसे पहले जो लोग थे यानी अंग्रेजों से पहले, उनके खिलाफ लड़ाई भी आजादी की लड़ाई थी। महाराणा प्रताप ने जो किया, वह आजादी की लड़ाई थी।

### धर्म आधारित ...

खिलाफ हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्ववर्ती अविभाजित आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की ओर से मुसलमानों के लिए धर्म आधारित आरक्षण लागू करने के पिछले प्रयासों को उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

### भाजपा अध्यक्ष के ...

हमारे समाज में जाति-बिरादरी के हिसाब से आपस में झगड़े नहीं होने चाहिए। जब स्पार्ट्स में कोई मेडल आता है या फिर कोई सैनिक बॉर्डर पर शहीद होता है तो हम उसका धर्म-जाति नहीं देखते। हमें उन पर गर्व होता है। यही सद्भाव है।

### जांच कमेटी ...

यह उनका नहीं है। तो फिर यह कैश आया कहां से? किसने उसे रखा? और, इतनी सख्त सुरक्षा घेरे वाले बंगले में कोई यदि घुसा तो कैसे घुसा? गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस शील नागु की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। इसमें हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। यह कमेटी जांच कर अपनी रिपोर्ट भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंपेगी। जांच पूरी होने तक जस्टिस वर्मा को किसी भी न्यायिक कार्य से अलग कर दिया गया है। पहले उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की योजना थी, लेकिन आलोचनाओं के बाद उन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया। दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को निर्देश दिया गया है कि वे जस्टिस वर्मा को कोई भी कार्य न सौंपें। सीजेआई ने निर्देश दिया कि जस्टिस वर्मा अपना मोबाइल फोन सुरक्षित रखें और किसी भी डेटा, कॉल या मैसेज को न हटाएं। इसके अलावा, उनके फोन नंबरों के पिछले छह महीने के कॉल रिकॉर्ड भी मांगे गए। दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने इंटरनल इन्क्वायरी के बाद सुप्रीम कोर्ट को 21 मार्च को रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके बाद 22 मार्च की देर रात सुप्रीम कोर्ट ने रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है। रिपोर्ट के साथ सुप्रीम कोर्ट ने 3 तस्वीरें भी जारी की है, जिसमें 500 रुपए के जले हुए नोटों के बंडल दिख रहे हैं।

### बंगले में किसी ...

अलावा किसी अनधिकृत प्रवेश का कोई संकेत नहीं मिला। मेरे द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया बंगले में रहने वाले लोगों, नौकरों, माली और सीपीडब्ल्यूडी कर्मियों (यदि कोई हो) के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के कमरे में प्रवेश या पहुंच की संभावना नहीं दिखती। इसलिए मेरी प्रथम दृष्टया राय है कि पूरे मामले की गहन जांच की आवश्यकता है।

### जस्टिस वर्मा ...

- 15 मार्च की सुबह किस व्यक्ति ने जले हुए नोटों को उस कमरे से हटाया था?

### कोई खुले ...

सदस्य ने वहां नकदी नहीं रखी थी। यह सोचना भी अजीब है कि कोई खुले स्टोररूम में इतनी नकदी रखेगा। यह एक साजिश है।

### शिवपुरी में कार...

महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान जिले के लुकवासा चौकी के अंतर्गत शिवपुरी-गुना फोरलेन हाईवे पर उनकी कार बेकाबू होकर पुलिया से नीचे उतर गई। कार चला रहे डॉ. अतुल आचार्य ने बताया कि उनकी टीम दस दिन पहले महाराष्ट्र से तीर्थ यात्रा के लिए निकली थी। वे अयोध्या दर्शन के बाद उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर जा रहे थे। शिवपुरी जिले में एनएच-46 पर कवासा बायपास पर उनकी कार बेकाबू होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसा में दो महिला डॉक्टरों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य डॉक्टर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही कोलारस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

### इनकी मौत व...

डॉ. अतुल आचार्य (55) निवासी भिवंडी, महाराष्ट्र और डॉ. सीमा जोशी (59) घायल हुए हैं। पुलिस केस दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

### लोडिंग वाहन से ...

हाईवे पर महुअर पुल पर रॉन्ग साइड से आ रहे तीन पहिया लोडिंग वाहन ने बाइक सवार लोगों को टक्कर मार दी। जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। शिवपुरी जिले की खोड चौकी के वीरा गांव के रहने वाले अंकित राय (28) और उनके चचेरे भाई सत्यम राय (20), चचेरी बहन वैष्णवी राय (18) तीनों रविवार दोपहर को एक ही बाइक पर सवार होकर उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के बल्लमपुर जा रहे थे। वहां उनके रिश्तेदार के यहां कोई कार्यक्रम था।

### केंद्र ने 1 अप्रैल से ...

और यहां तक कि 8 दिसंबर 2023 से 3 मई 2024 तक लगभग पांच महीने के लिए निर्यात प्रतिबंध के माध्यम से निर्यात की जांच करने के उपाय किए थे। 20% का निर्यात शुल्क, जिसे अब हटा दिया गया है, 13 सितंबर 2024 से लागू हो गया था। निर्यात प्रतिबंध के बावजूद, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल प्याज निर्यात 17.17 एलएमटी और वित्त वर्ष 2024-25 (18 मार्च तक ) 11.65 एलएमटी था। मासिक प्याज निर्यात मात्रा सितंबर 2024 में 0.72 एलएमटी से बढ़कर जनवरी 2025 में 1.85 एलएमटी हो गई है।

### तीन दिन में 5 ...

रजिस्ट्रेशन हुए हैं। हेमकुंड साहिब के लिए 5151 यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। शुरुआती तीन दिन में चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की संख्या 5.17 लाख पहुंच गई है। प्राइवेट गाड़ियों से आने वाले भक्तजनों की रजिस्ट्रेशन संख्या 5802 के पार पहुंच चुकी है।

### जबलपुर में बस...

थे। बरगी थाना अंतर्गत बंजारी घाट में दरगाह के पास तड़के चार बजे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना मिलने पर पुलिस को तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को निकालकर उपचार के लिए जबलपुर स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल और लखनादौन अस्पताल भिजवाया। यात्रियों के अनुसार घटना के समय बस की रफ्तार तेज थी, जिससे मोड़ पर चालक बस से नियंत्रण खो बैठा और बस पलट गई। घटना के बाद आरोपी चालक फरार हो गया था। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही केस दर्ज कर चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार हादसे में बस में सवार हैदराबाद निवासी महिला मलम्मा (45), नागपुर निवासी अमोल खोडे (42) और शुभम मेश्राम (28) की मौत हो गई।

### आलोट विधायक...

हो रही है। नोटिस में विधायक चिंतामणि मालवीय को 7 दिन में जवाब देने के लिए कहा गया है। बजट पर बोलते हुए मालवीय ने कहा था कि उज्जैन का किसान बहुत डरा और परेशान है। क्योंकि, सिंहस्थ के नाम पर उसकी जमीन पहले केवल 3-6 महीनों के लिए अधिग्रहित की जाती थी, लेकिन आज उन्हें स्थायी अधिग्रहण का नोटिस दिया गया है।

### महाकाल थाने में...

आरती प्रभारी आशीष दुबे ने दर्शनार्थी को तुरंत महाकाल थाने भेजा। पुलिस ने रौनक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) में केस दर्ज किया है। यह तीन दिन में फर्जी अनुमति का दूसरा मामला है।

### निर्माणाधीन सिनेमा...

में लगे दो मजदूरों की इस घटना में मौत हो गई है जबकि पुलिस और जिला प्रशासन के माध्यम से रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। इस घटना में कुछ लोगों को चोट भी आई है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। इस मामले में प्रथम दृष्टया यह बात सामने आ रही है कि निर्माणाधीन बिल्डिंग में सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा गया था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है। इस मामले में जांच के आदेश दे दिए गए हैं। एसपी ने कहा इस घटना को लेकर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### योगेश देशमुख...

योगेश देशमुख को बनाया गया है। जारी सूची के मुताबिक आदर्श कटियार को स्पेशल डीजी रेडियो पीएचक्यू से स्पेशल डीजी प्रशासन, सोनाली मिश्रा एडीजी ट्रेनिंग एवं संचालक पुलिस अकादमी भौंरी को एडीजी चयन भर्ती एवं पीटीआरआई, रवि कुमार गुप्ता संचालक खेल युवा कल्याण को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेल पुलिस मुख्यालय, संजीव शमी एडीजी चयन एवं भर्ती एवं प्रभारी एडीजी पीटीआरआई को एडीजी रेडियो पुलिस मुख्यालय भोपाल, आशुतोष एडीजी फायर सर्विसेस भोपाल को एडीजी अजाक पुलिस मुख्यालय, राजाबाबू सिंह एडीजी पीएचक्यू को एडीजी ट्रेनिंग पीएचक्यू, ए साई मनोहर एडीजी सायबर को एडीजी इंटेलीजेंस पीएचक्यू एवं प्रभारी एडीजी सायबर, चंचल शेखर एडीजी एससीआरबी को एडीजी विसबल भोपाल, योगेश देशमुख को एडीजी इंटेलीजेंस पीएचक्यू से प्रभारी डीजी लोकायुक्त, एडीजी राकेश गुप्ता ओएसडी मुख्यमंत्री से संचालक खेल युवक एवं कल्याण, गौरव राजपूत सचिव गृह विभाग को आईजी रीवा जोन , कृष्णावेनी देशावतु को आईजी विसबल मध्यक्षेत्र भोपाल को सचिव गृह विभाग, साकेत प्रकाश पांडे डीआईजी रीवा रेंज से डीआईजी पुलिस मुख्यालय भोपाल, राजेश सिंह चंदेल डीआईजी 25वीं वाहनी विसबल से डीआईजी रीवा रेंज में नवीन पदस्थापना किया गया है।

### सौरभ शर्मा केस...

बना। हालांकि पहले तो इस मामले के खुलासे में लोकायुक्त की सराहना हुई लेकिन जैसे ही गोल्ड और कैश से भरी इनोवा मिली लोकायुक्त की कार्यशैली पर ही सवाल खड़े हो गए। इतना ही नहीं छापे के लीक होने का मामला भी बहुत उछला। इस तरह से सौरभ शर्मा के भ्रष्टाचार का खुलासा करने वाली लोकायुक्त कटघरे में नजर आई। लोकायुक्त के प्रभारी डीजी को 6 माह के अंदर ही हटा देने को इस मामले से जोड़कर देखा जा रहा है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवायें।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि हो सकती है। |
| वृष | बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र से रोजगार कि अवसर मिल सकते हैं। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी। |
| मिथुन | आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। मन प्रसन्न रहेगा। |
| कर्क | कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। |
| सिंह | माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| कन्या | माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| तुला | बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। |
| वृश्चिक | कारोबार से लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। |
| धनु | वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलन बनाकर रखें। |
| मकर | किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। अध्ययन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों से सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। |
| कुंभ | किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। |
| मीन | कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। |

## शब्द पहेली - 5814



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 5813 का हल




## सूडोकू नवताल - 5824

मध्यम



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल - 5823 का हल



## खबर संक्षेप

### 100 से ज्यादा नए जीएसटी पंजीकरण आवेदन मिले

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) दिल्ली पूर्व आयुक्तालय द्वारा जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत अधिक पंजीकरण और अनुपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय पंजीकरण अभियान में 100 से अधिक नए जीएसटी पंजीयन के आवेदन मिले हैं। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जानकारी देते कहा कि यह अभियान शनिवार को समाप्त हुआ था। इसका उद्देश्य, सीजीएसटी पूर्वी दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अपंजीकृत निर्माताओं और व्यापारियों को शामिल करना था।

### रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और पी3 5जी पेश

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने रियलमी पी3 सीरीज की दूसरा श्रृंखला पेश की है। इस सीरीज में रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और रियलमी पी3 5जी पेश किए गए हैं, जिनसे भारतीय यूजर्स के लिए अनुकूलित अत्याधुनिक इनोवेशन की रियलमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। रियलमी ने परफॉर्मेंस, सुगम मल्टीटास्किंग, और गेमिंग के बेहतरीन अनुभव पर केंद्रित रहते हुए पी3 सीरीज 5जी पेश की है, जिसने मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं।

### एटीसी एनर्जी आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** एटीसी एनर्जी सिस्टम लिमिटेड ने 25 मार्च को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने जा रही है। कंपनी इस इश्यू के माध्यम से 63.76 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रख रही है। इसके शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। आईपीओ का एंकर पोर्शन 24 मार्च 2025 को खुलेगा, और इश्यू 27 मार्च 2025 को बंद होगा। संदीप गंगाबिशन बजोरिया ने कहाकि हमारे आईपीओ की शुरुआत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है । इस पूंजी के माध्यम से, हम अपनी विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करेंगे।

### माय11सर्किल का नया कैंपेन 'सर्किल में आजा'

**नई दिल्ली।** टाटा आईपीएल 2025 के लिए बढ़ते उत्साह के बीच गेम्स24 गुणा 7 का प्रमुख फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल अपने नए कैंपेन 'सर्किल में आजा' के साथ उत्साह को बढ़ाने को तैयार है। इस कैंपेन के साथ माय11सर्किल एक इमर्सिव एक्सपीरियंसव ब्रांड एंबेसडर्स की आकर्षक लाइन अप के साथ यूजर्स के एंगेजमेंट को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है इस कैंपेन पर कंपनी सीओओ सरोज पाणिग्रही ने कहाकि हम जो कुछ भी करते हैं वह हमारे यूजर्स और खेल के प्रति उनके प्यार के इर्द-गिर्द केंद्रित होता है।

### ग्रैन्यूल्स ने रखा 30 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

**हैदराबाद।** पिछले साल नवंबर में ग्रैन्यूल्स ग्रीन हार्टफुलनेस रन के सफल तीसरे संस्करण के बाद आज जेवीआर पार्क में एक पोस्ट-रन पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य अतिरिक्त 100 पौधे लगाना और 2025 के संस्करण तक 30,000 पेड़ लगाने का लक्ष्य हासिल करना है। कार्यक्रम में सीएचआरओ और ग्रैन्यूल्स इंडिया के अतुल धवले,जोएल चंद्र - एवीपी ग्रैन्यूल्स इंडिया लिमिटेड, चैतन्या-ग्रैन्यूल्स इंडिया लिमिटेड के हरि तोटा, फॉरेस्ट बाय हार्टफुलनेस की पल्लवी और जीएचआर मैराथन निदेशक रचना मेहता ने भाग लिया।

### एयरटेल का 180 देशों के लिए रोमिंग पैक

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवाएं देने वाली कंपनी भारती एयरटेल के अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग पैक के साथ इस पर्यटन सीजन के दौरान संयुक्त अरब अमीरात सहित 180 से अधिक देशों में निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए 133 रुपए दैनिक वाली रोमिंग पैक शुरू करने की घोषणा की है। मात्र 133 रुपए प्रतिदिन से शुरू प्लान के साथ, एयरटेल 180 से अधिक देशों में निर्बाध वॉयस और हाई-स्पीड डेटा कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए यात्रियों को किफायती सुविधा प्रदान कर रहा है।

# भविष्य में उत्तराखंड देश के लिए एक मॉडल के रूप में उभरेगाः आचार्य बालकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार



**पतंजलि रिसर्च अनुसंधान में 'नाबार्ड के प्रतिनिधियों का एक दिवसीय दौरा'**

भारत के शीर्ष राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के लिए शीर्ष पर्यवेक्षी निकाय के रूप में एक दिवसीय आयोजन पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के सभागार में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में निवेश और समतापूर्ण कृषि को बढ़ावा देने पर केंद्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ से हुआ। पूज्य बालकृष्ण ने अतिथियों का स्वागत शाल और माला पहनाकर स्मृति चिह्न भेंट करके किया। कार्यक्रम में नाबार्ड के प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों ने सामूहिक सहभागिता दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि नाबार्ड ग्रामीण उद्यमों के विकास के लिए देश की सबसे महत्त्वपूर्ण संस्था है। इसकी कई योजनाएँ पशुपालन के लिए हैं, जिनमें किसान क्रेडिट कार्ड योजना, ब्याज़ सहायता योजना, दीर्घावधि ऋण और पशुपालन आधारभूत संरचना विकास निधि आदि हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य पूंजी निवेश, स्थिर आय और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है।

### नाबार्ड ने पतंजलि की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला

*नाबार्ड भारत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों का संचालन करता है, साथ ही कृषि प्रक्रियाओं को बेहतर बनाता है। इसके अलावा, नाबार्ड ने ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचारों, सामाजिक बदलाव और सामाजिक उद्यमों की स्थापना में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने पतंजलि की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कृषि क्षेत्र में पतंजलि की कार्य योजनाओं में किसानों की आय बढ़ाना, जैविक खेती को प्रोत्साहित करना और प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाना शामिल है। इसके अलावा, उत्तराखंड में पलायन को रोकने के लिए जड़ी-बूटियों की खेती को बढ़ावा देना भी एक प्रमुख उद्देश्य है। शहद और अन्य कृषि उत्पादों का सीधे क्रय करने के माध्यम से पतंजलि ने किसानों की आय को दोगुना करने का प्रयास किया है। वर्तमान समय डिजिटल क्रांति का है और पतंजलि ने भरूआ सोल्यूशन के अंतर्गत बी-बैंकिंग के माध्यम से किसानों को डिजिटल रूप से जोड़कर उनके ऋण की पारदर्शिता सुनिश्चित की है। इसके साथ ही पतंजलि के माध्यम से किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य भी मिल रहा है।*

### पतंजलि के प्रयासों की सराहना

*पतंजलि जैविक अनुसंधान संस्थान ने एक मृदा परीक्षण किट भी विकसित की है जो कृषि मापदंडों जैसे पीएच, नाइट्रोजन, कार्बनिक कार्बन, फास्फोरस, पोटेशियम का निर्धारण केवल 20 मिनट में करती है। इस दौरान, नाबार्ड के प्रतिनिधियों ने पतंजलि फूड, पतंजलि हर्बल गार्डन और अनुसंधान केंद्र का दौरा किया और पतंजलि के प्रयासों की सराहना की। नाबार्ड प्रतिनिधियों में पंकज यादव, सुमन कुमार, भूपेन्द्र कुमावत, गुरविंदर सिंह आहूजा, शोभना सिंह, पूजा, हिमांशु फरत्याल आदि की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम के समापन पर आचार्य बालकृष्ण ने अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के आयोजकों ने अतिथियों को प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।*

### भोपाल चेंबर के होली मिलन समारोह में खेली फूलों की होली, ब्रज की विशेष प्रस्तुति से बंधा समां

# चेंबर में 450 नए सदस्य बने, अब 3000 हो गई सदस्यों की संख्या

**उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सहित राजनेता भी पहुंचे**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल





राजधानी के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का होली मिलन समारोह लालघाटी स्थित स्वागत गार्डन में चेंबर के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा उपस्थिति हुए और दीप प्रज्वलन किया और फूलों की होली खेली। समारोह में विधायकगण रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, भोपाल सांसद आलोक शर्मा एवं महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष एवं भोपाल शहर की कई विभूतियां उपस्थित हुए। समारोह में भोपाल चेंबर के अध्यक्ष पाली ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भोपाल चेंबर की उपलब्धियां बताई ।

उन्होंने बताया कि हमारे चेंबर में लगभग 450 नए सदस्य बने है कुल सदस्यों की संख्या 3000 हो गई है। उन्होंने आगामी कार्ययोजना के बारे में भी बताया हम मध्य प्रदेश सरकार से भोपाल चेंबर कार्यालय के लिए लगभग 10 हजार वर्ग फीट भूमि की मांग करेंगे और भरपूर प्रयास करेंगे कि वह भूमि भोपाल चेंबर कार्यालय निर्माण के लिए आवंटित किया जाए । इसके साथ ही सन 1980 में छोला रोड पर भोपाल के लगभग तीन से चार सदस्यों को भूमि बेची गई थी, लेकिन उन्हें अभी तक भूमि आवंटित नहीं की गई है इसका भी भरपूर प्रयास कर अपने व्यापारी बंधुओं को प्रदान करवाएंगे । इस दौरान पाली ने भोपाल को देश का स्वच्छतम शहर बनाने के लिए भी सभी से अनुरोध किया गया। साथ पौधरोपण की शपथ दिलाई गई और पर्यावरण को बचाने की अपील की। समारोह में लगभग 750 सदस्य उपस्थित रहे हुए । इस मौके सभी अतिथियों का भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष ने सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने व्यापारिक समुदाय के बीच आपसी सौहार्द, एकता और खुशी को बढ़ावा देने की यह



परंपरा कायम रखते हुए इत्रों की महक, अपनत्व की खुशबू के बीच स्नेह, दुलार के साथ गीतों-गजलों की फुहारों से भी सराबोर हुए। कार्यक्रम में गोविन्द गोयल, सुनील जैन 501, कृष्णगोपाल गट्टानी, कृष्ण कुमार बांगड, आकाश गोयल, रोहित जैन, संजीव जैन, अजय देवनानी संदीप गोधा, हरीश ज्ञानचंदानी ठाकुरलाल राजपूत, दीपक पसारी, सुनील अग्रवाल, अमित जैन, सुनील सिंघई, मुनीन्द्र वैद्य, सीए वैभव जैन सहित सैकड़ों चेंबर के आमंत्रित व्यापारी सदस्य मौजूद रहे।


### सराफा व्यापारियों ने की फूलों की वर्षा, सौहार्द और एकता को दिया बढ़ावा

**श्रीसराफा एसोसिएशन का होली मिलन समारोह**



राजधानी के लक्ष्मी पुत्र यानि सराफा व्यापारियों ने आपसी सौहार्द, एकता बढ़ावा देने की यह परंपरा कायम रखते हुए रविवार को फूलों की होली खेली, तो वहीं एक-दूजे से गले मिलकर रंगोत्सव पर्व की बधाई दी । स्वस्थ्य, बेहतर व्यापार सहित सौहार्द्रता ईश्वर से कामना की। मौका था श्रीसराफा एसोसिएशन भोपाल के बैनर तले ग्राम फंदा कला,भोपाल -सीहोर हाइवे रोड स्थित निर्वाणा रिजॉट एंड क्लब में आयोजित होली मिलन समारोह का। जो कि एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल की अध्यक्षता और सराफा व्यापारी संजीव गर्ग (गांधी) के संयोजन में आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी सहित विशिष्ट अतिथि के रुप में जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ व्यापारी मौजूद रहे। इस दौरान मौजूद सैकड़ों सराफा व्यापारियों ने फूल की वर्षा कर होली उत्सव का पर्व मनाया तो कार्यक्रम स्थल पर ब्रज के कलाकारों की रंगारंग सांस्कृति प्रस्तुतियों से आनंदित हुए। इसके साथ ही सभी व्यापारी ने होली मिलन समारोह की खुशियों में चार चांद लगाते हुए स्नेह भोज में भांति भांति के व्यंजनों का रसास्वादन किया और एक दूसरे को होली की बधाई दी। इस मौके पर उपाध्यक्ष राजेश कुमार सोनी , सचिव अखिलेश मित्तल, सह सचिव सचिन जैन, कोषाध्यक्ष अमित बिंदल, सुलभ मित्तल, गौरव अग्रवाल सागर वाले, विवेक अग्रवाल लाला, विजय वर्मा,राधेश्याम गोयल, मनीष मित्तल, तरूण बिंदल, ऋषि अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, सुधांशु गोपाल अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल सहित श्रीसराफा एसोसिएशन के सैकड़ों व्यापारी सदस्य मौजूद रहे।

## गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट विशाखापत्तनम में स्नातक समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विशाखापत्तनम

गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च एवं गीतम डेंटल कॉलेज का स्नातक समारोह शनिवार को संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। एमबीबीएस, बीडीएस और एमडीएस कार्यक्रमों के कुल 305 स्नातकों ने अपनी स्नातक की डिग्री प्राप्त की। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक प्रो. बलराम भार्गव ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और छात्रों को स्नातक प्रमाण पत्र प्रदान किए। स्नातकों को संबोधित करते हुए, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय डॉक्टर और नर्स अपनी विशेषज्ञता के लिए विश्व स्तर पर पहचाने जाते हैं और भारत चिकित्सा पर्यटन के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है, जो कि लागत प्रभावी और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा चाहने वाले रोगियों को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि मानवीय संपर्क आत्मविश्वास, आराम और आश्वासन को बढ़ावा देता है, जो रोगी के ठीक होने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिकित्सा प्रगति में सहायता कर सकता है, लेकिन यह ऐसे चिकित्सक की जगह नहीं ले सकता जिसके पास मजबूत संचार कौशल, करुणा और सहानुभूति हो।

### स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र लगातार विकसित हो रहा

*जीआईटीएएम के अध्यक्ष एवं सांसद (विशाखापत्तनम) एम. श्रीभरत ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र लगातार विकसित हो रहा है और नए प्रवेश करने वाले चिकित्सा पेशेवरों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने होंगे। उन्होंने स्नातकों से ग्रामीण समुदायों की सेवा पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया और उन्हें बताया कि जीआईटीएएम आधुनिक चिकित्सा अध्ययन और चिकित्सा अनुसंधान दोनों को प्राथमिकता देता है। जीआईटीएएम के कुलपति प्रो. एरोल डिसूजा, जीआईएमएसआर के प्रो कुलपति प्रो. गीतांजलि बैटमैनबाने, डीन डॉ. एस.पी. राव, जीआईटीएएम डेंटल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ. वी.वी. नरसिम्हा राव और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने स्नातक समारोह में भाग लिया।*

### सॉफ्ट स्किल्स को लगातार अपडेट करते रहें

*उन्होंने स्नातकों को सलाह दी कि वे अपने चिकित्सा ज्ञान, तकनीकी कौशल और संचार और नई तकनीकों और स्वास्थ्य सेवा रुझानों के अनुकूलता जैसे सॉफ्ट स्किल्स को लगातार अपडेट करते रहें। जीआईटीएएम के अध्यक्ष एवं सांसद (विशाखापत्तनम) एम. भरत ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र लगातार विकसित हो रहा है, और नए प्रवेश करने वाले चिकित्सा पेशेवरों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने होंगे।*

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर यूनिवर्सिटी के विधि संकाय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



**भोपाल।** मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विधि संकाय के विधि संकाय के विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय का शैक्षणिक भ्रमण कर न्यायिक प्रक्रिया और भारतीय न्याय व्यवस्था की कार्यप्रणाली को समझा। इस दौरान विद्यार्थियों को न्यायालय के भीतर कार्य करने के तरीके और मामलों की सुनवाई के दौरान की जाने वाली कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में भी जानकारी मिली। शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन विधि संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजवेंद्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। विधि संकाय की डीन डॉ. ताई चौरसिया ने बताया कि कोर्ट विजिट के दौरान विद्यार्थियों को सत्र न्यायालय में चल रहे विभिन्न मामलों की सुनवाई देखने का अवसर मिला। वे यह समझ पाए कि किस प्रकार अदालत में केस की सुनवाई होती है, न्यायाधीश किस प्रकार फैसले लेते हैं, और किस प्रकार वकील अपनी दलीलें पेश करते हैं। इस विजिट ने विद्यार्थियों के लिए एक सजीव उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे उन्हें कानून के सिद्धांतों और कार्यप्रणाली का व्यवहारिक अनुभव हुआ। विद्यार्थियों ने अदालत के भीतर उपस्थित न्यायाधीशों, वकीलों और अन्य कानूनी अधिकारियों से भी संवाद किया। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया, साक्ष्य संग्रहण, मुकदमों की प्रक्रिया, और अदालत के संचालन के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

### एसजीएसयू और आरएनटीयू द्वारा नवोन्मेष 2025 और शोध शिखर-विज्ञान पर्व का आयोजन

**भोपाल।** उद्यमिता, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज द्वारा इनोवेशन कार्निवाल नवोन्मेष 2025 और अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी शोध शिखर- विज्ञान पर्व 2025 के चौथे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत एआईसी आरएनटीयू द्वारा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के सहयोग से एसजीएसयू परिसर में 25 एवं 26 मार्च को नवोन्मेष 2025 और रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (आरएनटीयू) द्वारा आरएनटीयू परिसर में 28 मार्च एवं 29 मार्च से शोध शिखर -विज्ञान पर्व 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर से छात्र, प्राध्यापक, स्टार्टअप, इंडस्ट्री लीडर्स, एंटरप्रेन्योर्स, शोधार्थी, इंवेस्टर्स, नीति निर्माता एवं बुद्धिजीवी शामिल होंगे। आरएनटीयू की प्रो. चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, अटल इंक्यूबेशन सेंटर-रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (एआईसी-आरएनटीयू) के निदेशक नितिन वत्स, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलगुरू प्रो. (डॉ.) विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा और रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की।

### भोपाल की रंगकर्मी रंजनी सर्वश्रेष्ठ प्रमुख अभिनेत्री महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवॉर्ड्स से सम्मानित

**भोपाल।** भारत के सबसे प्रतिष्ठित और समावेशी वार्षिक रंगमंच फेस्टिवल 20वें महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवॉर्ड्स का समापन नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में एक भव्य रेड-कार्पेट अवॉर्ड नाइट के साथ हुआ। महिंद्रा ग्रुप द्वारा स्थापित और टीमवर्क आर्ट्स द्वारा निर्मित इस फेस्टिवल ने भारतीय रंगमंच की उत्कृष्टता का जश्न मनाया, जिसमें राष्ट्रीय रंगमंच समुदाय और विविध दर्शकों ने भाग लिया, जो एक शानदार समापन का गवाह बना। भोपाल की रंगकर्मी रंजनी घोष को प्रस्तुति चंदा बेदनी के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रमुख अभिनेत्री महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। सप्ताह भर चले यह फेस्टिवल कमानी ऑडिटोरियम और श्रीराम सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें पूरे देश से चयनित शीर्ष 10 नामांकित नाटकों का मंचन किया गया। इस फेस्टिवल ने विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और रचनात्मक अभिव्यक्तियों का एक जीवंत और विविध प्रदर्शन प्रस्तुत किया। फेस्टिवल का समापन प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह के साथ हुआ, जहां निहसंगो ईश्वर इस रात का सबसे बड़ा विजेता बना, जिसने कई श्रेणियों में पुरस्कार अपने नाम किए। अपनी 20वीं ऐतिहासिक संस्करण को चिह्नित करते हुए, मेटा 2025 ने एक बार फिर अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया, जो मंच और मंच के पीछे की प्रतिभाओं को पहचानने और सम्मानित करने वाला एक प्रमुख मंच बना हुआ है।



### इंफ्रास्ट्रक्चर विकास से वाणिज्यिक वाहनों के बाजार में वृद्धि

**भोपाल।** वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) के मार्केट में तेज गति से वृद्धि देखने को मिल रही है। तेजी से बढ़ता सड़कों का नेटवर्क, ई-कॉमर्स के तेजी से उभरने के साथ देश में टिकाऊ मोबिलिटी समाधानों की ओर बढ़ते रुझान के कारण लॉजिस्टिक सेक्टर और उत्सर्जन के मानकों का आधुनिकरण हो रहा है। इन सबके चलते सीवी मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। सुदर्शन होला, संयुक्त प्रबंध निदेशक, श्रीराम फाइनेंस ने कहा कि मध्य प्रदेश के सीवी सेगमेंट में हमारी शानदार वृद्धि बुनियादी ढांचे में बढ़ते निवेश, खनन क्षेत्र से बढ़ी मांग और खरीफ फसल के सफल मौसम के बाद कृषि में बेहतर नकदी प्रवाह से प्रेरित है। समर्पित उत्पाद वर्टिकल और विशेषज्ञ कर्मियों सहित हमारी रणनीतिक पहलों ने भी इस विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) और भारी वाणिज्यिक वाहन (एचसीवी) दोनों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल रही है। फाइनेंस का मध्यप्रदेश में सीवी सेगमेंट का कुल एयूएम 7,948.85 करोड़ हो गया है जिससे पता चलता है के इस सेगमेंट में मांग तेजी से बढ़ रही है। इतना ही नहीं यूज़्ड हेवी ड्यूटी सीवी की मांग आर्थिक सामर्थ्य, डिजिटल लेनदेन और वाहन स्क्रैपेज कार्यक्रम जैसी नियामक पहलों की वजह से लगातार बढ़ने की उम्मीद है।

### आईआईएम के कैंपस में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

**सम्बलपुर।** प्रमुख प्रबंधन संस्थान आईआईएम सम्बलपुर ने कार्यरत पेशेवरों के लिए अपने दो वर्षीय एमबीए कार्यक्रम (2025-2027) के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि की घोषणा की है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2025 रखी गई है। यह कार्यक्रम दिल्ली परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह एमबीए कार्यक्रम विशेष रूप से उन कार्यरत पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया है जो डेटा साइंस, उत्पाद प्रबंधन, उद्यमिता, स्थिरता और जोखिम प्रबंधन जैसे प्रमुख प्रबंधन क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता को उन्नत करना चाहते हैं। यह कार्यकक्रम टीचिंग के मिले-जुले फॉर्मेट में पेश किया जाता है। जिससे कार्य और अध्ययन के बीच संतुलन बनाए रखने में सुविधा होती है। आईआईएम सम्बलपुर के डायरेक्टर प्रो. महादेव जायसवाल ने कहाकि हमारे दिल्ली कैंपस में कार्यरत पेशेवरों के लिए एमबीए प्रोग्राम सप्ताहांत-आधारित मिले-जुले फॉर्मेट में आयोजित किया जाता है।

**'लोकल के लिए वोकल' की मिलेगी प्रेरणा**

## सात दिवसीय राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव मेला 7 अप्रैल से बिट्टन मार्केट में

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव मेला के माध्यम से जन-जन को बहुआयामी स्वदेशी की पावन भावना के साथ 'आत्मनिर्भर भारत, एक सुदृढ़ भारत नारे को चरितार्थ करते हुए जन-जन को चंहुमुखी 'वोकल फोर लोकल का अग्रदूत बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रह रहा है।

यह 7 दिवसीय मेला बिट्टन मार्केट, दशहरा मैदान, भोपाल में दिनांक 7 अप्रैल से 13 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पोरवाल ने आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि मेले के 7 दिनों में प्रदर्शनी स्थल पर प्रदेश के अनुमानित 1 लाख से अधिक आगंतुक स्वदेशी की भावना से स्वदेशी सामन खरीदने के लिए बजट बनाकर आने एवं भारतीय संस्कृति की झलक देखने आने की संभावना है। इस अवसर पर मेले के प्रबंध संचालक श्री प्रणम्य पोरवाल एवं कार्यालय प्रभारी जितेन्द्र सुमन भी उपस्थित थे। पोरवाल ने बताया कि इसमें मध्यप्रदेश सहित आंध्र, तमिलनाडू, बनारस, गुजरात, असम और हिमाचल के हस्तशिल्प एवं महिलाओं के साड़ियां और कुर्तियां, सौंदर्य प्रशाधन, घरेलु उपभोक्ता वस्तुओं से लेकर फूड आयटम, फर्निचर, काकरी, हेंडलुम की लंबी सुंदर डिजाइन की रेंज एवं नवीनकृत सामग्रीयां उपलब्ध होंगी। मेले में कई उपभोक्ता कैटेगिरी के विभिन्न श्रेणी के स्टॉल, प्रदर्शनी एवं मंच पर सांस्कृतिक गतिविधियां, कई महत्वपूर्ण आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों, फिक्की एवं एसोचेम, लायंस एवं रोटरी जैसी क्लबों तथा विभिन्न क्षेत्र के व्यवसायियों एवं उद्यामियों, महिला, पुरूष एवं युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं इनवेस्टरों की अलग अलग संबंधित राष्ट्रीय विषयों पर परिचर्चाएं / सम्मेलन भी होंगे।

## टीवीएस क्रेडिट के 'चौपाल' कार्यक्रम में किसानों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और ट्रैक्टर सर्विसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए टीवीएस क्रेडिट और शेरे पंजाब के सहयोग से 'चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। तूमैन गांव अशोक नगर ज़िले का एक ऐतिहासिक गांव है के सरपंच रामा सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। इस विशेष पहल का उद्देश्य किसानों और उनके परिवारों को कृषि और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले किसान निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठा सकेंगे, जिसमें विशेष रूप से आंखों की जांच की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा, किसानों की सहूलियत के लिए ट्रैक्टर की निःशुल्क सर्विसिंग की जाएगी, जिससे उनके कृषि कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। साथ ही, पुराने ट्रैक्टर और कृषि उपकरण खरीदने के लिए आसान ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे किसान अपनी जरूरत के अनुसार संसाधनों की व्यवस्था कर सकें। इसके अलावा टीवीएस क्रेडिट और सेठ एग्रो के सहयोग से 'चौपाल' कार्यक्रम के तहत 25 मार्च 2025 को बगुल्या गांव में सरपंच सतीश रघुवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित होगा।

## चिंतन

# न्याय तंत्र पर जन भरोसे को बनाए रखना जरूरी

भारतीय न्यायपालिका की साख एक बार फिर से सवालों के घेरे में है। देश के आवाम को अपनी मुद्रा और न्यायपालिका पर अटूट भरोसा है, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास के एक हिस्से में आगलगी घटना के दौरान कथित तौर पर भारी मात्रा में अधजले नोट (रुपये) मिलने से यह भरोसा टूटता नजर आ रहा है। हाल में दुष्कर्म से संबंधित जजों की टिप्पणियां भी जनमानस के विपरीत आई हैं। कथित नकदी मिलने के आरोप से फिलहाल जस्टिस वर्मा के यश को चोट पहुंची है। जज के आवास परिसर से नकदी का मामला बेहद गंभीर है, अधजले नोटों के वीडियो व तस्वीर सामने आए हैं, इसलिए इसकी ईमानदारी से जांच होनी चाहिए व सच सामने आना चाहिए। जस्टिस यशवंत वर्मा ने नकदी उनकी होने के आरोपों से इनकार किया है। घटना 14 मार्च होली की रात 11.35 बजे की है, जब जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के एक हिस्से में आग लग गई, जिसे बुझाने दिल्ली अग्निशमन विभाग के दमकलकर्मी पहुंचे। उस दौरान दमकल कर्मियों को एक कमरे में कथित तौर पर भारी मात्रा में अधजले नोट मिले। यूं तो अग्निशमन विभाग की ओर से जारी बयान में नकदी का जिक्र नहीं है, पर वीडियो में अधजले नोट दिखे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस डीके उपाध्याय को प्रारंभिक पूछताछ करने को कहा था। चीफ़ जस्टिस उपाध्याय ने इस मामले की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को दी है, जिसमें उन्होंने मामले की गहरी जांच की जरूरत की वकालत की है। चीफ जस्टिस ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस कमिश्नर द्वारा भेजी गईं कुछ रिपोर्टों को भी शामिल किया है, जिसमें ये कहा गया है कि स्टोर रूम में 4-5 अधजली बोरियों में कैश मिला है। आरोप के कटघरे में खड़े जस्टिस यशवंत वर्मा ने भी अपनी सफाई दी है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि स्टोर रूम में उन्होंने या उनके परिवार वालों ने कभी कैश नहीं रखा, उनके ख़िलाफ़ साज़िश रची जा रही है, जिसे शीर्ष कोर्ट ने सार्वजनिक किया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने जस्टिस डीके उपाध्याय के साथ कुछ फ़ोटो और एक वीडियो भी शेयर किए हैं। इनमें एक कमरे में नोट जलते दिख रहे हैं। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमिटी गठित की है। साथ ही, दिल्ली पुलिस से जस्टिस वर्मा के पिछले 6 महीने के कॉल रिकॉर्ड भी मांगे हैं और जस्टिस यशवंत वर्मा को अपने फ़ोन से कोई भी डेटा हटाने से मना किया है। कमिटी में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ़ जस्टिस जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की चीफ़ जस्टिस जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। वर्ष 1999 में सुप्रीम कोर्ट में 'इन-हाउस' कमिटी की प्रक्रिया का गठन किया गया था। उसमें कहा गया था कि 3 जजों की कमिटी हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जज के ख़िलाफ़ शिकायत की जांच करेगी। देश की नजरें इस कमिटी पर होंगी। न्याय तंत्र पर जन भरोसे को बनाए रखने व जस्टिस वर्मा के भविष्य के लिए कमिटी की जांच व उसकी रिपोर्ट अहम है। सुप्रीम कोर्ट के कई चीफ जस्टिस अतीत में सार्वजनिक रूप से देश में इंसाफ की लचर स्थिति पर चिंता प्रकट कर चुके हैं। आमजन के लिए इंसाफ आज भी एक सपना ही है। चूंकि जजों को उनके न्यायिक कार्यों के लिए इम्युनिटी मिलती है, इसलिए आज राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।



विश्लेषण
अखिलेश आर्येन्दु

सवाल यह है कि चार सदी के बाद औरंगजेब भारतीय राजनीति, मीडिया या जनता में विवाद का विषय क्यों बन गया या बना दिया गया है? इस विवाद को लेकर कुछ सवाल उठाए जा रहे हैं कि औरंगजेब हिन्दुओं पर जुल्म ढाने वाला बादशाह था। उसकी हुकूमत की नीतियां भेदभावपूर्ण और अन्याय पर आधारित थीं, सम्मान और आदर की पात्र कैसे हो सकती हैं? दूसरी बात, औरंगजेब की नीतियों की खिलाफत करने वालों का यह सवाल क्या वाजिब नहीं लगता कि जो बहुसंख्यक हिन्दुओं पर ताजिंदगी जुल्म ढाता रहा और उन्हें अपने मजहब का हिस्सा बनने के लिए मजबूर करता रहा, उसे सर्वधर्म समभाव वाला बादशाह कैसे माना जा सकता है?

# ऐतिहासिक तथ्य छिपाने के प्रयास

औरंगजेब़ यानी अबुल मुजफ्फर मुहिउद्दीन मोहम्मद मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। महाराष्ट्र के संभाजी नगर में उसकी कब्र को उखाड़ फेंकने और उसकी पचास साल की हुकूमत को बेहतरीन बताने वालों के बीच चर्चा जोरों पर है। इतिहास के मुताबिक औरंगजेब ने 17वीं सदी में करीब पचास सालों तक भारत में शासन किया। उसके शासन में भारतीय समाज का वह वर्ग खुश था जो उनके शरिया वाली नीतियों को मानने वाले थे। लेकिन दूसरा वर्ग जो हिन्दुओं का था, वह उसकी भेदभाव, जुल्म, अन्याय और शोषण का पचास सालों तक शिकार रहा। इतिहाकारों के मुताबिक वह दोहरी नीति पर इसलिए चल रहा था कि जिससे उसका वह मकसद पूरा हो जाए कि ज्यादातर हिन्दू उसकी क्रूर नीतियों, बर्बताओं और पाशविक बर्बताओं से तंगकर या डर कर उसके मजहब के हिस्सा बन जाएं। अपने साम्राज्य को बढ़ाने के लिए उसने वे नीतियां अपनाईं जो गैरइंसानी थी।

सवाल यह है कि चार सदी के बाद औरंगजेब़ भारतीय राजनीति, मीडिया या जनता में विवाद का विषय क्यों बन गया या बना दिया गया है? इस विवाद को लेकर कुछ सवाल उठाए जा रहे हैं कि औरंगज़ेब हिन्दुओं पर जुल्म ढाने वाला बादशाह था। उसकी हुकूमत की नीतियां भेदभावपूर्ण और अन्याय पर आधारित थीं, सम्मान और आदर की पात्र कैसे हो सकती हैं? दूसरी बात, औरंगजेब की नीतियों की खिलाफत करने वालों का यह सवाल क्या वाजिब नहीं लगता कि जो बहुसंख्यक हिन्दुओं पर ताजिंदगी जुल्म ढाता रहा और उन्हें अपने मजहब का हिस्सा बनने के लिए मजबूर करता रहा, उसे सर्वधर्म समभाव वाला बादशाह कैसे माना जा सकता है? इतिहास में दर्ज़ उसके कार्यों, हिन्दुओं से बर्बर बर्ताव, उसकी नृशंस हिन्दू विरोधी नीतियों, मंदिरों को तोड़कर उनके ऊपर मस्जिद बनवाने और हिन्दुओं पर ही आपत्त्किारी टैक्स जबरन लगाने जैसे तमाम राजकीय फरमानों और उसकी गैर इंसानी कवायदें क्या यह नहीं बताती कि वह किसी भी कौम के लिए आदर या सम्मान का पात्र नहीं हो सकता है? जो लोग उसे अपना आदर्श या आइकॉन इसलिए बता रहे हैं कि उसने एक सच्चे मजहबी मुस्लिम की तरह शासन किया, सरिया कूानन बेधड़क लागू कर गैर हिन्दुओं के लिए तरह-तरह की समस्याएं पैदा की, उनकी मानसिकता को समझा जा सकता है। चर्चा यहीं नहीं रुकती है बल्कि ऐसे तमाम विवादित मुद्दों व औरंगजेब की प्रासंगिकता को लेकर कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है। उसने सिक्कों पर कलमा खुदवाया। हिन्दुओं के पर्व-त्योहारों पर सख्ती के साथ रोक लगा दी। उसने युद्धबंदियों, राजनीतिक कैदियों और किसी भी ऐसे व्यक्ति को यातना देने और मारने में संकोच नहीं किया जिसे गैर-इस्लामी मानता था। अपनी बेटी जेबुन्निसा को 20 साल तक कैद में रखा। गुरु तेग बहादुर का बर्बरता से सिर कलम करवा दिया और अपने अब्बाजान को कैद में रख अपने सभी भाइयों को मरवा दिया। ये उसकी जिंदगी के कुछ सच हैं जो हम इतिहास में पढ़ते हैं। लेकिन सवाल यह है कि वह तो चार सदी पहले मरा था, अब उसके बारे में विवाद या उसके हर कवायद का विरोध या खैरमकदम करने का औचित्य क्या है? इसके लिए हमें इतिहास खगालने की जरूरत है। इतिहासकारों के मुताबिक वह नेकदिल इंसान कतई



नहीं था। इतिहासकार जदुनाथ सरकार मानते हैं कि वह एक बेहद कट्टरवादी मुस्लिम बादशाह था जो अपनी भेदभावपूर्ण नीतियों की वजह से प्रजा को कभी खुश नहीं कर पाया। जबकि इतिहासकार शिब्ली नोमानी का मानना है कि उसके फैसले राजनीतिक हुआ करते थे।

औरंगजेब़ के नाम पर देशभर में सड़कें, मकबरे और इमारतें हैं। आजादी के बाद विदेशी शासकों के शासन और उनके कार्यों का बखान मीडिया के जरिए ही नहीं बल्कि किताबें लिखकर भी किया गया। लेकिन भारतीय हिन्दू राजाओं के प्रजा के हित और किए गए ऐतिहासिक कार्यों को लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा है। केंद्र की नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद इतिहास की इस भेदभावपूर्ण नीति की जगह निष्पक्ष मूल्यांकन के जरिए कई ऐसे विवादित विषयों, मुद्दों और कार्यों को गम्भीरता से समझा ही नहीं गया बल्कि उस सच को भी आगे किया गया जो जानबूझ कर दबाए गये थे।

दरअसल, औरंगजेब पर विवाद इसलिए गहराया कि जो पक्ष इसकी हुकूमत को गैरइंसानी मान रहा है जिसमें इतिहास की सच्चाइयां भी शामिल हैं, उसे किसी भी जगह भारत में तवज्जो देने के खिलाफ है? हमें क्या यह गौर नहीं करना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां क्रूर हुकूमतदारों की हुकूमतों को क्यों पढ़ें? उससे उन्हें क्या हासिल होगा? मुगलिया सल्तनत ने भारत पर छह सदी तक हुकूमत की। इनमें कई ऐसे बादशाह हुए जिसे इतिहास के पन्नों में बर्बर शासक का काल, तो कुछ को नेकदिल इंसान लिखा गया है। इन्हीं बर्बर बादशाहों में औरंगजेब़ भी एक था। सोशल मीडिया में सवाल यह उठाया जा रहा है कि औरंगजेब किसी कौम के लिए आदर और सम्मान का पात्र क्यों माना जाना चाहिए? यदि संभाजी नगर में बनी उसकी मज़ार को हटाने की मांग हिन्दू संगठन कर रहे हैं तो उसमें गलत क्या है? यदि भाजपा भारत को एक आदर्श देश के रूप में निर्मित करना चाहती है तो ऐसे मुद्दों को सलीके से हल करने की जरूरत है या आंदोलन के जरिए?

भाजपा का मानना रहा है कि वह भारत के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की पार्टी है। पिछले दस सालों में उसकी नीतियां इस बात की गवाह भी हैं कि उसने जो नीतियां जनता के हित में लागू कीं वे सभी बगैर किसी भेदभाव के लागू कीं। इसलिए यदि औरंगजेब़ के बचाव के नाम पर औरंगजेब़ को एक नेकदिल इंसान साबित करने और उसके पक्ष में नारे लगाने जैसी कवायदें की जाती हैं तो इसे क्या इंसानियत को तार-तार करने वाले बादशाह को क्लिनचिट देने जैसा नहीं है? दरअसल, औरंगज़ेब के बहाने इतिहास की पड़ताल पहली बार की जा रही है। इसमें किसी को साम्प्रायिकता ढूंढने की जरूरत क्यों पड़ रही है? फिर यह सवाल आज भी मौजूं है कि यदि अकबर महान है तो महाराणा प्रताप महान क्यों नहीं? जो इसी भारत की माटी के लाल और स्वाभिमानी राजा थे। बड़ा सवाल यह है कि जिस तरह से एक-एक कर बर्बर हुकूमतदारों के हुकूमतों की पड़ताल नये सिरे से की रही है, क्या उसे किसी खास कौम के हुकूमतदार होने की वजह से उनके पक्ष में बचाव के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा देना चाहिए? या खिलाफत इस कदर होनी चाहिए जिससे यह विश्व मीडिया में सबसे विवाद या फसाद का मुद्दा बन जाए जो देश की अस्मिता या केंद्र की शासन व्यवस्था की सर्वहितकारी नीतियों पर ही सवाल उठने लगे? मेरा मानना है कि मज़ार, कब्र, मकबरे या इस तरह की जितनी भी जगहें हैं और जो किसी खास व्यक्ति से जुड़ी हैं तो उस पर राजनीति न होकर या चर्चा का विषय न बनाकर उसे कानून के मुताबिक हल किया जाना चाहिए। यदि अयोध्या, 370 जैसे मामले कानून के जरिए हल किये जा सकते हैं तो औरंगजेब़ या दूसरे इतिहास के बदनाम शख्सियतों पर उठने वाले सवाल भी हल किये जा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक और संस्कृतिकर्मी हैं, ये उनके अपने विचार
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# 'टीबी मुक्त भारत' के लक्ष्य को पूरा करने की चुनौती

वर्ष-2030 तक भारत को संपूर्ण रूप से टीबी की बीमारी से मुक्ति का प्रण लिया गया है। उस निर्धारित अवधि में अभी 6 वर्ष शेष हैं। अभियान फिलहाल जिस अंदाज से जारी है, उससे प्रतीत होता है कि लक्ष्य आसानी से पूरा नहीं होगा। तत्कालीन हेल्थ मिनिस्टर मनसुख मावडिया ने पिछले साल 2024 को आज ही के दिन अभियान से जुड़े चिकित्सकों को एक टारगेट सौंपा था जिसकी समीक्षा उन्हें 2025 को विश्व टीवी दिवस पर करनी थी। फिलहाल उनकी जगह चिकित्सकों से वह रिपोर्ट मौजूदा हेल्थ मिनिस्टर जेपी नड्डा लेंगे। भारत में 'राष्ट्रीय टीबी नियंत्रण' कार्यक्रम की शुरुआत साल 1962 में हुई थी, लेकिन कोशिशें कछुए की चाल जैसी आगे बढ़ीं। इसी कारण 1985 के बाद भारत में तपेदिक जैसी बीमारियों की बाढ़ आई। मुकम्मल तौर पर बीमारी पर नियंत्रण पाना सन 2001 से आरंभ हुआ था, जो 2010 तक कुछ सफलता मिली। वैश्विक जागरूकता के लिए ही टीबी दिवस सालाना 24 मार्च को मनाया जाता है। इस रोग को चिन्हित सबसे पहले वैश्विक स्तर पर सन 1882 में किया गया। चिकित्सकों की रिसर्च ने टीबी के जीवाणु उसी दरम्यान खोजे थे। हालांकि, तब ये रोग आज की तरह जानलेवा नहीं आंका गया था। धीरे-धीरे टीबी की बीमारी ने चिकित्सकों की रिपोर्ट को भी पीछे छोड़ा और अचानक से घातक हुई। सन 1980 और 2000 का दौर टीबी बीमारी के नाम था। तब भारत में 26 लाख और पूरे विश्व में 1 करोड़ 80 लाख के आसपास लोगों की मौते हुईं थीं। इस आंकड़े ने संसार में कोहराम मचाया था। एक समय ऐसा था जब भारत में अन्य बीमारियों के मुकाबले टीबी सर्वाधिक थी। लेकिन प्रशंसा करनी होगी पूर्ववर्ती और मौजूदा केंद्रीय हुकूमतों की जिन्होंने समय रहते इस टीबी पर पार पाया।

सालाना केंद्रीय बजट में 'टीबी मुक्त अभियान' के लिए मोटा बजट आवंटन किया जाता है। क्योंकि भारत में पोलियो के बाद दूसरी बड़ी बीमारी टीबी ही रही। डब्ल्यूएचओं के मुताबिक टीबी की चपेट में सालाना पांच लाख अकाल मौतें होती हैं। सिलसिला अभी भी जारी है। इस बीमारी से लड़ने के लिए सरकारी कोशिशों के अलावा जन सहयोग की अति आवश्यकता है। हमारे यहां टीबी के संबंध में वही पुरानी उक्ति 'परहेज इलाज से बेहतर है' चरितार्थ होती है क्योंकि टीबी के संक्रमण का प्रभाव हर आदमी पर नहीं पड़ता, यानी जिनकी रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर है, वही टीबी की चपेट में आता है। शायद यही वजह है कि कुपोषण तथा पोषण तत्वों की कमी की वजह से गरीब और ग्रामीण आबादी टीबी से अधिक प्रभावित होती है। टीबी को लेकर सतर्कता इसलिए जरूरी है क्योंकि ये एक संक्रामक रोग है, जो बीमारी घेरने से पहले आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। टीबी दूषित खानपान, प्रदूषण और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम होने पर फैलती है। यह न केवल फेफड़ों, बल्कि शरीर के दूसरे हिस्से जैसे किडनी व दिमाग पर भी हमला करती है। इस पर काबू पाने के लिए पोलियो जैसी लड़ाई लड़नी ही होगी, वरना ये बीमारी यूं ही मुंह खोले खड़ी रहेगी। सामाजिक स्तर पर जनमानस को भी चेतना होगा। टीबी होने पर वैध-हकीमों के पास जाने के बजाय अस्पतालों में उपयुक्त इलाज कराएं। मौजूदा वक्त में प्रत्येक अस्पतालों में टीबी के लिए डॉट्स की व्यवस्था सुगम है। टीबी किसी को भी, किसी उम्र में हो सकती है। लेकिन समय पर ईलाज अगर हो, तो ये बीमारी शरीर का कुछ नहीं बिगाड़ सकती। टीबी से बचा कैसे जाए और इसका संक्रामक कितना घातक है, उसे बताने और समझाने के लिए ही 'विश्व टीबी दिवस' को आयोजित किया जाता है, ताकि इससे लोग विनाशकारी स्वास्थ्य और आर्थिक प्रभाव के संबंध में जागरूक हो सकें। टीबी का मुख्य कारण तपेदिक माइकोबैक्टीरियम है जो कि एक छोटा, एरोबिक, चलने में अक्षम दण्डाणु है। वैसे, इस रोगजनक की उच्च लिपिड सामग्री उसकी अपनी अनूठी नैदानिक विशेषताओं के लिए ही जिम्मेदार है। भारत में राष्ट्रीय क्षय रोग संस्थान बेंगलुरु में है और 'राष्ट्रीय क्षय रोग अनुसंधान संस्थान' चेन्नई में है जहां रोजाना टीबी पर नई-नई रिसर्च होती हैं। इस बीमारी के आंकड़े निश्चित रूप से अभी भी डरावने हैं। भारत 2023 और 2024 के बीच 25.5 लाख टीबी रोगियों और 26.07 लाख मामलों को अधिसूचित करने में सक्षम रहा, जो अब तक का सर्वाधिक है। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट-2024 में भारत में टीबी की घटना दर 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 237 से 2023 में प्रति लाख जनसंख्या पर 195 तक 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। केंद्र सरकार 2030 तक भारत को टीबी से मुक्त करे, जिसकी उम्मीद सभी लगाए बैठे हैं।

(लेखक राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान के सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

# श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोलाः हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### भूजल का अंधाधुंध दोहन प्यासे भविष्य का संकेत

22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन स्वच्छ, पीने के पानी के संरक्षण, उसके महत्व और उसके न्यायोचित उपयोग के प्रति जन जागरूकता का संदेश देता है। स्वच्छ जल आपूर्ति किसी भी देश की स्वस्थ अर्थव्यवस्था का आधार होती है। एक अनुमान के अनुसार सूखे और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में जलजनित बीमारियों के उपचार और प्रबंधन पर हमारे देश को प्रतिवर्ष 42 अरब रुपए खर्च करने पड़ते हैं। भारत की कुल जनसंख्या की आधे से भी कम आबादी को ही पीने का पानी उपलब्ध हो पा रहा है। भारत के लगभग 718 जिलों के अधिकांश भाग पानी की कमी की त्रासदी झेल रहे हैं। भूजल पीने का पानी उपलब्ध करवाने वाला एक मुख्य स्त्रोत है। भारत को भूजल का दुनिया का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता माना जाता है। – *प्रदीप जोशी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बिठूर महोत्सव



प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक, वीर शिरोमणि नानाजी राव पेशवा को समर्पित 'बिठूर महोत्सव 2025' के प्रतिभागी कलाकारों को कानपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। नानाजी राव पेशवा की पावन स्मृतियों को नमन।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### खीर सेरेमनी



27 साल बाद दिल्ली में बनी भाजपा सरकार का पहला बजट आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में रहेगा। यह बजट दिल्ली के विकास और खीर की मिठास जैसा होगा। हम इसे खास 'खीर सेरेमनी' के साथ शुरू करेंगे।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### जयंती पर नमन



डॉ. राम मनोहर लोहिया ने गोवावासियों को पुर्तगाली उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और गोवा की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उनका स्मरण करते हैं।
**-प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### हर भारतीय को प्रेरणा



अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस पर उनको शत-शत नमन। देश की आज़ादी के लिए इन महान देशभक्तों का जज़्बा और अमर शहादत हर भारतीय को प्रेरणा देती रहेगी।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर


# तालिबान के तीन नेताओं पर घोषित इनाम वापस



अमेरिका ने तीन प्रमुख तालिबान नेताओं के सिर पर घोषित इनाम वापस ले लिये हैं। इनमें अफगानिस्तान के गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी भी शामिल हैं, जो एक शक्तिशाली नेटवर्क (हक्कानी नेटवर्क) के प्रमुख हैं, जिसपर पश्चिम समर्थित पूर्ववर्ती सरकार के खिलाफ हमले का आरोप है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सिराजुद्दीन हक्कानी का नाम अब अमेरिकी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' पर नहीं दिख रहा है। हक्कानी ने जनवरी 2008 में काबुल के सेरेना होटल पर हमले की योजना बनाने की बात स्वीकार की थी। इस हमले में अमेरिकी नागरिक थॉर डेविड हेलेसा समेत छह लोग मारे गए थे। हालांकि, एफबीआई की वेबसाइट पर वांछित के तौर पर हक्कानी का पोस्टर अब भी मौजूद है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने हक्कानी, अब्दुल अजीज हक्कानी और याह्या हक्कानी के सिर पर घोषित इनाम वापस ले लिया है। कानी ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, ये तीन व्यक्ति (हक्कानी बंधु) दो भाई और एक चचेरे भाई हैं।

## ऑफ बीट

# अनिद्रा से हो सकती हैं हृदय संबंधी समस्याएं



रात में लगभग सात से आठ घंटे की नींद लेने वाले व्यस्कों का शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य आमतौर पर सबसे अच्छा होता है और ज्यादा समय तक जीते हैं। लेकिन उम्र के साथ ये सुझाव थोड़े बदल जाते हैं। जिन व्यस्कों की उम्र 65 वर्ष से अधिक उनके लिए रात में केवल छह से सात घंटे की नींद भी काफी हो सकती है। इसलिए, अगर कोई बुजुर्ग स्वस्थ हैं तो उन्हें इस बात पर चिंतित नहीं होना चाहिए कि वे केवल छह घंटे की नींद ले पा रहे हैं। युवाओं को सबसे अधिक कम से कम नौ घंटे की नींद की आवश्यकता होती है और कुछ छोटे बच्चों को इससे भी अधिक की जरूरत हो सकती है। किशोरों और वयस्कों दोनों में, हमने पाया कि अनिद्रा और कम नींद के कारण तनाव, हार्मोन का स्तर और सूजन जैसी समस्याएं हो सकते हैं। आमतौर पर इस तरह के लक्षण हृदय रोग से पहले दिखाई देते हैं। कैफीन और शराब का कम सेवन, धूम्रपान न करना, नियमित रूप से व्यायाम, ये ऐसी आदतें हैं जो अच्छी नींद में मदद करते हैं।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 दिल्ली

# अर्पित के दूसरे पदक के साथ मप्र के खिलाड़ियों ने जीते 4 पदक

27 मार्च तक चलने वाली प्रतियोगिता में मप्र के खिलाड़ी दिखा रहे शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है। दिनांक 20 मार्च से शुरू इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के पैरा खिलाड़ियों ने अपने एथेलेटिक्स खेल के शानदार प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण और 2 कांस्य समेत 4 पदक पदक अर्जित किए। प्रतियोगिता 27 मार्च तक चलेगी। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अर्पित शर्मा 100 मीटर स्पर्धा में एक दिन पहले भी रजत पदक प्राप्त कर चुके हैं।







**पदक जीतने वाले खिलाड़ी**

- भारत रावत ने एफ-33 केटेगरी की एथेलेटिक्स (शॉटपुट) में स्वर्ण पदक
- अर्पित शर्मा ने टी-36 केटेगरी की एथेलेटिक्स (400मी.) में स्वर्ण पदक
- सचिन साहू ने टी-36 केटेगरी की एथेलेटिक्स (400मी.) में कांस्य पदक
- कोमल त्यागी ने एफ-11 केटेगरी की एथेलेटिक्स (डिस्कस थ्रो) में कांस्य

### रुबीना ने एयर पिस्टल और भरत ने भाला फेंक में जीता रजत पदक



खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अपने नाम किए। मध्यप्रदेश की स्टार पैरा शूटर रुबीना फ्रांसिस ने 10 मीटर एयर पिस्टल वीमेन एसएच-1 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। रुबीना अपनी सटीक निशानेबाजी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। एथलीट भरत रावत ने एफ-33 कैटेगरी की भाला फेंक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। उनकी इस उपलब्धि ने प्रदेश को गर्व महसूस कराया है।

12 से 22 अप्रैल तक आयोजित किए जाएंगे मुकाबले

# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप अर्जेंटीना और पेरू में ऐश्वर्य और आशी करेंगे देश का प्रतिनिधित्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएसएसएफ वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन अर्जेंटीना और पेरू में 12 से 22 अप्रैल तक किया जा रहा है। इन दोनों अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आर्शी चौकसे 50 मी. 03 पोजीशन इवेन्ट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मप्र राज्य खेल अकादमी के दोनों ही शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे अपने नवीन नेशनल रिकार्ड के साथ भारत में पहले स्थान पर हैं। खेल अकादमी के दोनों शूटिंग खिलाड़ियों ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

मुंबई में चल रही चौथी राष्ट्रीय ओपन थ्रो प्रतियोगिता-2025

# मप्र खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 6 पदक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चौथी राष्ट्रीय ओपन थ्रो कॉम्पीटीशन 2025 का आयोजन 20 से 21 मार्च तक मुंबई में किया गया। इस प्रतियोगिता में मप्र राज्य एथेलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 6 पदक अर्जित किए।





**खिलाड़ियों का विस्तृत विवरण**

- *देव मीणा अंडर -20 वर्ग के पोल वोल्ट इवेन्ट में 5.15 मी. छलांग लगाकर स्वर्ण पदक*
- *समरदीप सिह ने शॉटपुट इवेन्ट में 18.52 मी. स्कोर तय कर स्वर्ण पदक*
- *(हरियाणा के सवन ने 18.27 मी. स्कोर तय कर रजत और पंजाब के प्रभाकीरपाल सिंह ने 17.92 मी. तय कर कांस्य पदक अर्जित किया।)*
- *निकिता आकरे अंडर-20 वर्ग के पोल वोल्ट इवेन्ट में 3.70 मी. की छलांग लगा कर स्वर्ण पदक।*
- *श्रुति राठौर अंडर-20 वर्ग के पोल वोल्ट इवेन्ट में 3.30 मी. का स्कोर तय कर रजत पदक।*
- *नितिन पाल अंडर-20 वर्ग के लांग जम्प इवेन्ट में 7.11 मी. का स्कोर तय कर स्वर्ण पदक।*
- *यशराज जैन ने डिस्कस थ्रो इवेन्ट में कांस्य पदक ।*

# ओपन डबल्स में यश विधार्थी, योगेश चौधरी की जोड़ी बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अरेरा क्लब इंट्रा टेनिस टूर्नामेंट में रविवार को हुए रोमांचक फाइनल में यश विधार्थी एवम योगेश चौधरी की जोड़ी ने विकास ठाकुर और बीके मिश्रा की जोड़ी को 7-5 ,6-2 , 10-4 से पराजित किया। मुकाबला कड़ा और रोमांचक रहा जो टाई ब्रेकर तक चला।

दूसरे सेट में ठाकुर और मिश्रा की जोड़ी 5-2 पर मैच जीतने की स्थिति में थी, उसके बाद यश विद्यार्थी और योगेश की जोड़ी ने प्रभावी सर्विस और ड्रॉप ने वापसी कर मैच जीत लिया।

प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट

# एनसीसीसी ने पीपीसीए सीहोर को 69 रन से दी करारी शिकस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान मे प्रथम श्री ध्रुव नारायण सिंह'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार का मैच पीपीसीए सीहोर और एनसीसीसी के बीच खेला गया, जिसमें एनसीसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए एनसीसीसी की टीम 40 ओवर मे 219 रन बनाए, जिसमे पृथ्वीराज ने 54, मानव ने 44 और सोम दुबे ने 40 रन का योगदान दिया। पीपीसीए सीहोर के गेंदबाज हार्दिक वर्मा ने 43 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी पीपीसीए सीहोर की टीम 150 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, जिसमें भविष्य त्यागी ने 43 रन, अंश गाबा ने 39 रन और दर्शील ने 21 रन बनाए। एनसीसीसी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए पृथ्वीराज ने 22 रन देकर 4 विकेट लिए। पृथ्वीराज को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया।

स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि में फुटसल अरेना

# स्कोप फुटसल लीग में 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंची

- *सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला आज*
- *रविवार को खेले गए लीग मैच के 6 मुकाबले*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में नवनिर्मित फुटसल अरेना में आयोजित स्कोप फुटसल लीग में रविवार को 6 मुकाबले लीग मैच के खेले गए। इसके उपरांत क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले हुए। प्रत्येक मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को रमन ग्रीन प्लेयर ऑफ दी मैच से सम्मानित किया गया।



आज के लीग मैचों की समाप्ति के बाद क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गोरखा एफसी, नवाब एफसी, आरएनटीयू एफसी, एसजीएसयू एफसी, कसोली टाइगर एफसी, पीस मेकर एफसी, सेंट्रल बे एफसी, एस्पेरियोन एफसी ने क्वालीफाई कर लिया। कल सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

**पूर्व 6 लीग मैच के परिणाम**

पहले मुकाबले में सेंट्रल बे एफसी ने एटॉमिक एफसी को 2-0 से हराया। अनिकेत को रमन ग्रीन प्लेयर ऑफ दी मैच से सम्मानित किया गया। दूसरे मुकाबले में रॉ एफसी ने मैदान एफसी को 15-1 से हराया। रोहित को रमन ग्रीन प्लेयर ऑफ दी मैच से सम्मानित किया गया। तीसरे मुकाबले में एसजीएसयू एफसी ने टीटीएनएस जूनियर एफसी को 4-0 से हराया। ईशान को रमन ग्रीन प्लेयर ऑफ दी मैच से सम्मानित किया गया। चौथे मुकाबले में पीस मेकर एफसी ने अंकुर एफसी को 6-3 से हराया। ओलिवर को रमन ग्रीन प्लेयर ऑफ दी मैच से सम्मानित किया गया। पांचवें मैच में एस्पेरियोन एफसी और शूटिंग स्टार एफसी के बीच ड्रॉ खेला गया। भय्यु को रमन ग्रीन प्लेयर ऑफ दी मैच से सम्मानित किया। छठवें मुकाबले में आरएनटीयू एफसी ने स्मैश एफसी को 2-1 से हराया। आरएनटीयू एफसी अलाजो के ओलिवर को रमन ग्रीन प्लेयर ऑफ दी मैच से सम्मानित किया।

## भोपाल

### दिव्यांग विद्यार्थियों को जल्द मिले छात्रवृत्ति

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर में विश्वविद्यालयों के में अध्ययनरत कई दिव्यांग विद्यार्थियों को अब तक केंद्र सरकार से मिलने वाली छात्रवृत्ति नहीं मिली है। इसे लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी विवि के कुलसचिव और कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार विवि और कॉलेजों में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों को केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति के लंबित पात्र आवेदनों का तत्काल निराकरण किया जाए। इस मामले में देरी होने पर संबंधित संस्था की जिम्मेदारी तय होने के साथ ही कार्रवाई भी हो सकती है।

### महिला मोर्चा प्रदेश की मिट्टी भेंट स्वरूप अर्पित करेगा

**भोपाल।** महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नरौलिया द्वारा मध्यप्रदेश की पावन मिट्टी को ट्राइबल आर्ट से निर्मित विशेष मटकी में भरकर राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भेंट किया जाएगा। इस विशेष पहल की जानकारी महिला मोर्चा की कार्यालय मंत्री श्वेता त्यागी ने दी। उन्होंने बताया कि यह मिट्टी मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर की प्रतीक होगी, जिसे आदिवासी कला से सुसज्जित मटकी में विशेष रूप से तैयार किया गया है।

प्रदेश के स्थाई कर्मी, दैवेभो, अंशकालीन कर्मचारियों ने दिया धरना

# स्थाई कर्मचारियों की चेतावनी: मांगें नहीं मानी तो मुख्यमंत्री निवास पर देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नियमित करने, अंशकालीन कर्मचारी कलेक्टर रेट का वेतन देने समेत नौ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश भर के कर्मचारी रविवार को राजधानी में एकत्रित हुए।

मप्र कर्मचारी मंच के नेतृत्व में आंबेडकर पार्कमें आयोजित धरने में कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी है कि अगर एक माह में मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो प्रदेश भर के कर्मचारी कर्मचारी मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर धरना देंगे। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि कर्मचारियों ने धरना देकर पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के 32 हजार स्थाई कर्मी सातवें वेतनमान का लाभ देने एवं 28 हजार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नियमित करने तथा 55 हजार अंशकालीन कर्मचारी कलेक्टर रेट का वेतन देने की मांग के समर्थन में काम बंद हड़ताल कर धरना दिया गया। पांडे ने कहा कि स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करना, पेंशन सुविधा, मेडिकल व बीमा सुविधा का लाभ, अनुकंपा नियुक्ति जैसी जायज मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। सरकार मांगों को संज्ञान में लेकर मंजूर नहीं कर रही है जिस कारण प्रदेश के स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं अंशकालीन कर्मचारी में असंतोष व्याप्त हो गया है। इसलिए अब अनियमित कर्मचारियों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है।



# ज्योतिष परोपकार का माध्यम है, कमाई का जरिया नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिद्धि ज्योतिष केंद्र - ओंकार पीठ, का अष्टादश दीक्षांत समारोह का आयोजन आरोग्य भारती के केंद्रीय कार्यालय में हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि स्वामी रामप्रवेश महाराज, आचार्य रमेश त्रिपाठी, संस्कृत विद्यालय, गुफा मंदिर, भोपाल, विशिष्ट अतिथि आशीष पांड्या, उज्जैन से ज्योतिषाचार्य और पांडित्य, विशिष्ट अतिथि पं. रमेश शर्मा, कथावाचक एवं विचारक, अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य मौजूद रहे। स्वागत भाषण में डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इस संस्थान की शुरूआत 1995 में प्रहलाद पांड्या द्वारा की गई थी। इस दौरान स्वामी रामप्रवेश महाराज ने ज्योतिष को भगवान के नेत्रों के समान बताया और कहा कि सनातन परंपरा में जन्मों के कर्मफल का विचार किया जाता है। उन्होंने एक किस्से के माध्यम से ज्योतिष के प्रभाव को बताया।

# आपराधिक न्याय व्यवस्था बनेगी और सुदृढ़-पारदर्शी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में आपराधिक न्याय व्यवस्था को और अधिक त्वरित, पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने हेतु इस व्यवस्था के सभी स्तंभ- पुलिस, चिकित्सा, फॉरेंसिक, न्यायालय, अभियोजन एवं जेल के मध्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सूचनाओं तथा दस्तावेजों के पेपरलेस आदान-प्रदान हेतु एक ऐतिहासिक पहल की गई है। इस परिवर्तनकारी कदम के तहत डीजीपी कैलाश मकवाना द्वारा देवास जिले को पायलट डिस्ट्रीक्ट के रूप में चयनित किया गया है, जहां अपराधिक न्याय व्यवस्था से जुड़े समस्त स्तंभ-पुलिस, अभियोजन, न्यायपालिका, फोरेंसिक, चिकित्सा एवं जेल विभाग-एकीकृत डिजिटल प्रणाली से आपस में जुड़ेंगे।

इंदौर के न्यायमूर्ति संजीव कालगांवकर एवं एडीजी एससीआरबी चंचल शेखर के मार्गदर्शन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि इस डिजिटल पहल के अंतर्गत, विवेचना, वारंट, समंस, एमएलसी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच, न्यायालयीय कार्यवाही एवं अभियोजन की जानकारियों का आदान-प्रदान एक ही प्लेटफॉर्म पर संभव होगा।

**देवास में पॉयलेट प्रोजेक्ट**

*पायलट प्रोजेक्ट के तहत देवास प्रदेश का पहला ऐसा जिला होगा, जहां अधिकतम विवेचकों को टेबलेट प्रदान किए जाएंगे, जिससे उनकी कार्यप्रणाली अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं दक्ष बनेगी। उल्लेखनीय है कि अंतर विभागीय डिजिटल एकीकरण की उक्त व्यवस्था के कुछ अहम पहलू जैसे ई- समन एवं वारंट , बेल एप्लीकेशन मोड्यूल, मेड-ले-पार आदि को जिला देवास में पहले से ही सुचारू रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है।*

कार्यक्रम बच्चों को विरासत से जुड़ने का देता है मौका

# भोपाल के विद्यार्थी प्रेरणा कार्यक्रम से जुड़े पीएम ने जाने विद्यार्थियों-शिक्षक से अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने प्रेरणा एक अनुभावात्मक शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। भोपाल के 2 विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम से जुड़ने का मौका मिला है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रेरणा कार्यक्रम में भोपाल के चयनित 2 विद्यार्थी छात्रा मुस्कान मालवीय पीएमश्री स्कूल बरखेड़ा और छात्र आशुतोष द्विवेदी महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल पिपलानी ने 7 दिन गुजरात के बड़नगर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इनके साथ शिक्षक भूमेश्वरी पारधी ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल से गये विद्यार्थियों और शिक्षक से अनुभव जाने हैं। बता दें कि इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थी भी शामिल होते हैं। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न राज्यों से आये बच्चों के बीच में एक-दूसरे की संस्कृति, परंपराओं और विरासत को समझने का मौका मिलता है।

**अनुभावात्मक शिक्षण कार्यक्रम**

*प्रेरणा कार्यक्रम भारतीय शिक्षा प्रणाली के सिद्धांतों और मूल्य आधारित शिक्षा के दर्शन को एकीकृत करने की एक मजबूत प्रतिबद्धता से प्रेरित है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत है। यह कार्यक्रम आईआईटी गांधीनगर द्वारा तैयार किया गया है।*

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया केंद्रीय जेल गांधी नगर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा केंद्रीय जेल गांधी नगर का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीवास्तव द्वारा जेल के विभिन्न बैरक में निरुद्ध बंदीगण के रहन-सहन, खान-पान, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, विधिक सहायता आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पाकशाला, विधिक सहायता कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला रजिस्ट्रार भारत सिंह रघुवंशी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मजिस्ट्रेट सुनीत अग्रवाल सहित अन्य न्यायाधीशगण और जेल अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान जेल में बंद बंदियों को कानून संबंधी जानकारी प्रदान की गई।





# आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के लोक नृत्य से सराबोर स्थापना दिवस समारोह

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में स्थापना दिवस के तीसरे दिन कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भारत में समुदायों के बीच भाषा विज्ञान और सांस्कृतिक विविधताः विशेष संदर्भ दक्षिण भारत विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। इस संगोष्ठी में भारत की अद्वितीय सांस्कृतिक एकता को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के भारत के गौरवशाली इतिहास और चीन से सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर चर्चा हुई। वहीं दैनिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पारंपरिक लोक कला का जीवंत प्रदर्शन किया गया। जिसमें आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना राज्यों के परम्परिक जनजातिय एवं लोक नृत्य का प्रदर्शन में आंध्र प्रदेश का लोक नृत्यों को प्रस्तुत किया।

- संगोष्ठी में भारत की अद्वितीय सांस्कृतिक एकता को प्रमुखता से किया रेखांकित



अनूठी कला एवं नृत्य का संगम

- **कीलू गुर्रमः** विशेष रूप से गुंटूर नेल्लोर प्रकाशम और चित्तूर जिलों की यनादी जनजातियों द्वारा प्रस्तुत एक अनूठा नृत्य रूप है जहां वे घोड़ों की नकल करते हैं। ऐसा ही एक विशेष नृत्य रूप है कीलू गुररालु जो भारत के आंध्र प्रदेश में किया जाता है।
- **ओग्गू कथाः** ओग्गु कथा या ओग्गुकथा भारतीय राज्य तेलंगाना की एक पारंपरिक लोककथा है, जो हिंदू देवताओं मल्लाना, बीरप्पा और येल्लम्मा की कहानियों की प्रशंसा और वर्णन करती है। यह कुरुमा समुदाय (यादवों) के बीच उत्पन्न हुआ, जिन्होंने भगवान शिव (जिन्हे मल्लिकार्जुन भी कहा जाता है) की स्तुति में गाथा गीत गाने के लिए खुद को समर्पित कर दिया।
- **सरीला कोलाट्टमः** पिनल कोलाट्टम तमिलनाडु की एक प्राचीन लोक नृत्यशैली है, जिसे त्योहारों और विशेष अवसरों पर प्रस्तुत किया जाता है। यह कला कोलाट्टम का एक रूप है, जिसे डांडिया का दक्षिण भारतीय संस्करण" भी कहा जाता है।
- **डप्पू नृत्यः** डप्पू बकरी की खाल से बना, एक डफली की तरह ड्रम होता है जिसे लाठी से पीटा जाता है, जिससे एक लय पैदा होती है जो केवल टखने की घंटियों से नरम होती है जो 16 से 20 नर्तक पहनते हैं। तेलंगाना के एक रिवाज का हिस्सा जो किसी भी जुलूस के सामने डप्पू नर्तकियों को देखता है।
- **तप्पेटा गुल्लूः** ;तप्पेटा गुल्लू श्रीकाकुलम और विजयनगरम जिलों में लोकप्रिय, यह एक भक्ति नृत्य है जो अपनी जोश, लय और गति के साथ इंद्र भगवान का आह्वान करता है। त्योहारों के दौरान भी प्रदर्शन किया जाता है, नृत्य में 15 से 20 कलाकार अपने गले में ड्रम के साथ मंत्रमुग्ध कर देने वाली धड़कन और दिल को रोक देने वाली कलाबाजी करते हैं।
- **गोंड गुस्साड़ी नृत्यः** गुसाड़ी नृत्य एक पारंपरिक लोक नृत्य रूप है जो राज गोंड जनजातियों की सांस्कृतिक प्रथाओं में गहराई से निहित है, विशेष रूप से भारत के तेलंगाना के आदिलाबाद जिले, साथ ही महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में। यह डंडारी समूहों द्वारा डंडारी त्योहार के दौरान किया जाता है।

### वर्ल्ड वाटर-डे पर मानव संग्रहालय में ओपन माइक का आयोजन

# गीत और संगीत के जरिए दिया पानी बचाने का संदेश

**भोपाल।** मैं पानी हूं, तुम सब की जिंदगानी हूं, तुम मुझे बचा , मैं तुम्हे बचा लूं जल संरक्षण पर यह कविता शनिवार की शाम को बड़ी झील के किनारे मानव संग्रहालय के खूबसूरत कैंपस में गूंजी। मौका था वर्ल्ड वॉटर डे पर आयोजित ओपन माइक का। इस ओपन माइक की खासियत यह रही कि यहां बच्चे, यंगस्टर्स से लेकर सीनियर्स ने भी जल संरक्षण और मासिक धर्म स्वच्छता पर बहुत ही रोचक अंदाज में अपनी परफॉर्मेंस दी। यह आयोजन मानव संग्रहालय, शायरी ऑन व्हील्स', 'लय', और 'वाटर फॉर ऑल, ऑल फॉर वाटर' फेस्टिवल के संयुक्त प्रयास से किया गया।






## कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

इस अवसर पर सर्किल ऑफ फिफ्थ बैंड ने लोकल ट्रेन के सॉन्ग आओगे तुम कभी की परफॉर्मेंस से माहौल को संगीत के रंग में रंग दिया। इसके बाद सजल ने गिटार पर अबकी आई कयामत तो पानी लाएगा, घूंट घूंट पानी को तरसा जाएगा धुन सुनाकर लोगों को पानी का महत्व समझाया।

### मासिक धर्म पर सुनाई कविता

पानी के महत्व के साथ विशाल बेफिक्र ने मासिक धर्म पर कविता सुनाई एक औरत होके जीना कैसा लगता है, जिंदगी के हर पड़ाव पर जहर पीना कैसा लगता है। इसके साथ ही अनुज ने जल संरक्षण पर कविता सुनाई, वहीं शिवाजी परमार ने बासुंरी पर तान छेड़कर माहौल को खुशगवार बना दिया। साथ ही शिवानी ने कथक की प्रस्तुति में अपनी साधना, तालीम और अभ्यास का परिचय दिया

### संभावना गतिविधि में अद्भुत प्रस्तुति

# ढांढल, अहिराई नृत्य, लोक गीतों की प्रस्तुतियां रही खास




हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में आयोजित संभावना में जनजातीय लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। गतिविधि में गोपाल कोरकू एवं साथी द्वारा कोरकू जनजातीय ढांढल नृत्य की प्रस्तुति दी गई। यह कोरकुओं के सर्वप्रिय नृत्य हैं। ढांढल नृत्य फुरसत के समय चैत्र-वैशाख की रातों में किये जाते हैं। मुद्राओं के आधार पर ढाँढल नाच पाँच प्रकार से किया जाता है।



### दीवाली के दूसरे दिन होता है अहिराई नृत्य

सचिन चौधरी और साथी, जबलपुर द्वारा अहिराई नृत्य की प्रस्तुति दी गई।अहिराई नृत्य अहीर समुदाय द्वारा किया जाने वाला पुरूष प्रधान नृत्य है। दीपावली के दूसरे दिन यदुवंशी अहीर जाति के लोग अपने घर में गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर पूजा करते हैं।

### म्हारा घर आया गजानंद पावणा...

वहीं, शीतल अत्रे एवं साथी इंदौर द्वारा निमाड़ी लोक गीत की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने म्हारा घर आया गजानंद पावणा...,रनू बाई का आंगणा म लिमड़ो...,घाटी चढ़ी न हाँउ हारी वो चंदा...,थारो निर्मळ निर्मळ वाणी नर्मदा महाराणी..., ठंडा लिमड़ा री छाया जसी मात पिता री माया..., जैसे निमाड़ी लोक गीत की प्रस्तुति दी।

### रवीन्द्र भवन में अवतरित हुआ अंधा युग, नाटक में मंच पर उतरे 20 से 65 साल तक के कलाकार

# काव्य शैली में नाटक 'अंधा युग' ने मौजूद दर्शकों को किया अभिभूत

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

रविवार को रवीन्द्र भवन में धर्मवीर भारती के कालजयी नाटक 'अंधा युग' का मंचन हम थियेटर ग्रुप द्वारा किया गया। नाटक में 20 से 65 साल उम्र के 30 कलाकार मंच पर उतरे। निर्देशक बालेन्द्र सिंह ने बताया कि लेखक ने नाटक को काव्य शैली में रचा है। मैंने इसमें गद्य और पद्य दोनों का समावेश किया है। संवाद अदायगी, अभिनय, वेशभूषा और मंच सामग्री के लिहाज से यह कठिन और खर्चीला नाटक है। इसे बनाने में करीब 3 लाख रुपए का खर्चा आया है, सिनेमा की तरह नाटक में धुन और इफेक्ट का इस्तेमाल किया गया। नये प्रयोगों व प्रभावों के साथ प्रकाश आकल्पन वरिष्ठ लाईट डिज़ाइनर कमल जैन ने किया।



**नाटक की कहानी**

अंधा युग महाभारत युद्ध के अंतिम दिनों की घटनाओं पर आधारित है। इसमें गांधारी, धृतराष्ट्र और विदुर, संजय की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि शायद वो युद्ध भूमि से विजय का समाचार लेकर आए। लेकिन संजय, दुर्योधन की पराजय के बाद निराश और व्यथित है कि इस लज्जाजनक पराजय की खबर उन दोनों जाकर कैसे दे। अश्वत्थामा अपने पिता द्रोण के वध और युधिष्ठिर के अर्धसत्य और दुर्योधन की अधर्म तरीके से हत्या से आहत होकर पांडवों को भी अधर्म से मारने का प्रण लेता है।

### युद्ध के नकारात्मक पक्ष को उजागर करता नाटक

अथ श्री महाभारत कथा... नाटक 'अंधा युग' महाभारत युद्ध के नकारात्मक पक्ष को उजागर करता है। नाटक की स्क्रिप्ट हिंदी में रखी गई, लेकिन इसमें कुछ गीत और संगीत संस्कृत भाषा में हैं। बैकग्राउंड संगीत मोरिस लाजरस ने तैयार किया। शहर के वरिष्ठ रंगकर्मियों ने अपने अभिनय कौशल व संवाद अदायगी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध रखा।



### गोविंद नामदेव बने ऋषि व्यास की आवाज

खास बात यह है कि नाटक में कई प्रयोग किए गए हैं। इसमें ऋषि व्यास और श्रीकृष्ण की आवाज रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता गोविंद नामदेव और राजीव वर्मा ने दी है। गीतों में आवाज शहर की गायिका संदीपा पारे और पूर्वी सुहास फड़नीस ने दी है।

### मप्र लेखक संघ की हास्य व्यंग गोष्ठी

# कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से की व्यंग्य की शुरुआत




हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में मप्र लेखक संघ की हास्य व्यंग गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यंग्यकार एवं भोजपाल साहित्य परिषद के अध्यक्ष प्रियदर्शी खैरा ने बताया कि चौदहवीं शताब्दी के कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से व्यंग्य की शुरुआत की।

कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि राजकुमार वर्मा ने आते ही गुदगुदाया.. कौवा जब कोयल की बोली बोलने लगे और कोयल, कौवे की भाषा बोलने लगे तो समझ लेना चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने आगे कृष्ण और नेता में समानता बताते हुए कहा, कृष्ण माखन के चोर थे, ये लाखन के चोर हैं, डकारता चला हूं मैं, मनी सभी उधार की। मध्यप्रदेश लेखक संघ के संरक्षक, वरिष्ठ साहित्यकार एवं, विशिष्ट अतिथि डॉ. राम वल्लभ आचार्य ने समाज में फैले भ्रष्टाचार पर सभी विभागों पर करारा व्यंग्य किया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अनिल शर्मा 'मयंक' ने व्यंग्य में सुनाया कि कैसे उनकी कविता सुनकर दो पुलिस वाले बेहोश हो गए। सुनील चतुर्वेदी की पैरोडी डकारता चला हूं मैं, मनी सभी उधार की। खंडवा से आए सुनील उपमन्यु ने हास्य व्यंग्य सुनाया - हे भगवान अगले जनम में मोहे विधायक पति ही दीजो।

### एलएनसीटी में छात्रों का मार्गदर्शन

# 'द पिवट पर्सपेक्टिव-इन्क्लूसिव अप्रोच' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

एलएनसीटी में एनुअल फेस्ट एलएन यूनिवर्स के अंतर्गत 'द पिवट पर्सपेक्टिव-इन्क्लूसिव अप्रोच' टॉक शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। उद्यमी रोहित राज ने अपनी जीवन यात्रा साझा की। लेखक आयुष तिवारी ने कंटेंट क्रिएशन को एक बेहतर करियर विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। अभिनेता-निर्देशक साहिल वर्मा ने भी अपनी सफलता की कहानी छात्रों के साथ साझा की। कार्यक्रम में एलएनसीटी के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्रों ने वक्ताओं से सवाल-जवाब भी किए। एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा दिखाने में मदद करते हैं। कार्यक्रम ने छात्रों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नई प्रेरणा दी।



## श्रीधर को 'साहित्य वाचस्पति' सम्मान



**भोपाल।** हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग ने माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल के संस्थापक- संयोजक एवं 'पद्मश्री' सम्मान विभूषित विजयदत्त श्रीधर को हिन्दी जगत के सर्वोच्च सम्मान 'साहित्य वाचस्पति' से सम्मानित किया है। श्रीयुत श्रीधर को यह सम्मान यहां वल्लभ विद्यानगर स्थित सरदार पटेल विश्वविद्यालय सभागार में हिन्दी साहित्य सम्मेलन के 76वें अधिवेशन के खुला अधिवेशन में दिया गया। श्रीधर के साथ यह सम्मान संस्कृत विद्वान पूर्व कुलपति 'अभिराज' राजेन्द्र मिश्र और सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति निरंजन कुमार पूरनचंद पटेल को भी प्रदान किया गया। उक्त सम्मान हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति आचार्य सूर्यप्रसाद दीक्षित और सम्मेलन के प्रधानमंत्री कुंतक मिश्र ने प्रदान किया। सम्मान के पूर्व श्रीधर की प्रशस्ति पढ़ी गयी। उसमें पत्रकारिता और साहित्य में उनके योगदान का जिक्र हुआ। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के जिस मंच पर खड़ा होना सौभाग्य का विषय हुआ करता है,वहां सम्मानित होना गौरव की बात है। उन्होंने समय रहते महत्वपूर्ण संगठनों में समय रहते युवा नेतृत्व को सामने लाना आवश्यक बताया।

# शेख अहमद सरहिंदी ने बोए थे पाकिस्तान आंदोलन के बीज

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम द्वारा रविवार को स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में शेख अहमद सर हिंदी पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। वक्ता श्रीकृष्ण श्रीवास्तव ने बताया कि दो राष्ट्र का सिद्धांत अभी का नहीं बल्कि अकबर के समकालीन इस्लामी विचारक शेख अहमद सरहिंदी द्वारा शुरू किया गया था।

शेख अहमद सरहिंदी था भारत विभाजन का प्रेरणा-स्रोत



### हिन्दुओं से थी भारी नफरत

श्रीवास्तव ने बताया कि शेख अहमद सरहिंदी हिन्दुओं को कुत्तों का दर्जा देता था। उन्होंने इसके दस्तावेजी उदाहरण भी दिए। सर हिंदी का कहना था कि गैर मुस्लिम को मारना इस्लाम का लाभ है। औरंगजेब से लेकर जिन्ना, मौलाना आजाद और इक़बाल तक सभी शेख अहमद सरहिंदी के विचारों से अत्यधिक प्रभावित थे। उन्होंने कहा विडंबना तो यह है कि न तो कोई इसके बारे में जानता है और उल्टा मौलाना आजाद केंद्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (हैदराबाद) जैसी यूनिवर्सिटीज में इसको महान पढ़ाया जाता है। फोरम द्वारा आयोजित 'मुस्लिम पॉलिटिक्स इन इंडिया' श्रृंखला का यह प्रथम व्याख्यान था।

### भोपाल के प्रथम कथा महोत्सव का हुआ सफल आयोजन

# जापानी स्टोरी टेलिंग कला, कमीशिबाई सहित 20 से अधिक रोचक सत्रों का जारी रहा सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भारत स्टोरी टेलर्स द्वारा रविवार को भोजपुर क्लब में एकदिवसीय भोपाल अंतरराष्ट्रीय कथा महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम को तीन श्रेणीयों युवा, वयस्क और बच्चों में विभाजित करते हुए मुख्य, बाल एवं युवा सभगार में समानांतर 8-8 सत्र हुए। मुख्य वक्ता जयंत गौर द्वारा, 'राजा भोजः मध्यकालीन भारत के पिकासो' रोचक विषय पर परमारकालीन राजा भोज की वास्तुलकालीन योग्यता को रेखांकित किया गया। उन्हें कई अज्ञात तथ्यों से अपने सत्र को श्रोताओं के लिए सघन बनाया।



### रोचक किस्सों से कार्यक्रम बना रुचिकर

युवा सभागार में भास्कर इंद्रकांति की स्टोरीटेलिंग कार्यशाला और अक्षत श्रीवास्तव की सार्वजनिक भाषण कार्यशाला ने महोत्सव को संवादशील दिशा प्रदान की।उद्घाटन सत्र के बाद, ख्यात कथाकार ज्योति पांडे ने लगभग 20 बच्चों को जापानी स्टोरीटेलिंग कला 'कमीशिबाई' का नमूना प्रस्तुत किया। आस्था टोंगिया बड़जात्या, चहक चुग श्रीवास्तव, कर्णिका सिंह शर्मा और यास्मीन अनवर ने अपने रोचक किस्सों और सत्रों के माध्यम से कार्यक्रम को रुचिकर बनाया।



# क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान दिवस पर गीतों से सजी संध्या

## शहीद भवन में देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरू सदैव स्मरणीय हैं। स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा ऐसे महान्‍ सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहीद भवन में देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, ऐ मेरे वतन आबाद रहे तू, सारे जहां से अच्छा, मेरा रंग दे बसंती चोला, ऐ मेरे वतन के लोगों जैसे अनेक देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत सुनकर सभागार में उपस्थित दर्शकों की आंखें नम हो गईं।

**सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है...**



भोपाल की सुपरिचित गायिका कीर्ति सूद, उपासना सारंग त्यागी एवं साथी कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों के माध्यम से शहीदों का स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। सिंथेसाइजर पर मुकेश कटारे, आक्टोपेड पर निखिल एवं ढोलक पर जितेन्द्र सिनोठिया द्वारा संगत दी गयी।

## डीएमके सरकार के आरोपों के बीच बोलीं सीतारमण

# पीएलआई से तमिलनाडु को मिले कई लाभ और बड़े प्रोजेक्ट

## सीएम स्टालिन के अनदेखी वाले बयान पर कहा- 60 प्रतिशत फंड केंद्र देगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु की डीएमके सरकार तीन भाषा नीति और परिसीमन के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर हमलावर है। डीएमके सरकार का कहना है कि केंद्र द्वारा राज्य की अनदेखी की जा रही है। इस बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बड़ा बयान सामने आया है। सीतारमण ने बताया है कि केंद्र सरकार की पीएलआई योजना के तहत तमिलनाडु को बड़ा फायदा मिला है और इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर के बड़े प्रोजेक्ट राज्य को मिले हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि चेन्नई मेट्रो के विस्तार के लिए 63 हजार करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं, इनमें से 60 प्रतिशत फंड केंद्र सरकार देगी। सीतारमण ने तमिलनाडु सरकार पर आरोप लगाया कि तीन भाषा नीति और परिसीमन के मुद्दों को उठाकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश हो रही है।

**27 में से 7 कंपनियां तमिलनाडु की शामिल**

### लाभार्थी राज्यों में तमिलनाडु भी शामिल

चेन्नई में शनिवार की शाम को चेन्नई सिटिजन फोरम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने तमिलनाडु सरकार द्वारा केंद्र पर फंडिंग के मामले में राज्य की अनदेखी करने के आरोपों पर कहा कि तमिलनाडु, पीएलआई योजना के सबसे बड़े लाभार्थी राज्यों में से एक है। केंद्र सरकार ने पीएलआई योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स पार्ट्स बनाने वाली और ऑटोमोबाइल सेक्टर की 27 कंपनियों को मंजूरी दी थी, इनमें से 7 कंपनियां तमिलनाडु की हैं।

**मुख्य बातें**

- इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर के बड़े प्रोजेक्ट राज्य को मिले
- सीतारमण ने कहा कि चेन्नई मेट्रो के विस्तार के लिए 63 हजार करोड़ रुपए मंजूर



### विभिन्न योजनाओं को बताया, बजट भी रखा सामने

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 'देश के दो बड़े इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स बनाने वाले क्लस्टर में से एक तमिलनाडु में और एक गुजरात में बनाया जा रहा है। इसके लिए 1100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। साथ ही ऑटोमोबाइल सेक्टर में केंद्र की पीएलआई योजना के तहत मंजूर 82 आवेदनों में से 46 तमिलनाडु के मंजूर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पवन ऊर्जा संबंधी प्रोजेक्ट के विकास के लिए भी 7,453 करोड़ रुपए दिए गए हैं। राज्य में दो हजार किलोमीटर से ज्यादा रेल लाइनों को विद्युतीकरण का काम हो चुका है।

**10 वर्षों की योजनाओं को भी गिनाया :** वित्त मंत्री सीतारमण ने बिना किसी का नाम लिए राज्य सरकार के उन दावों को खारिज कर दिया कि उन्हें केंद्र से केंद्रीय कर में बेहद कम हिस्सा मिला है। वित्त मंत्री ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि राज्य सरकार ने किस गणना के आधार पर यह बात कही है, लेकिन मैं इतना कह सकती हूं कि बीते 10 वर्षों में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से राज्य को काफी फायदा हुआ है।

**परिसीमन पर दो टूक**

### जनगणना पूरी होने के बाद ही परिसीमन आयोग बनेगा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रस्तावित परिसीमन आयोग इस पूरी कवायद का आधार तय करने के लिए अंतिम प्राधिकारी होगा। उन्होंने विपक्ष के उन दावों का खंडन किया कि निर्वाचन क्षेत्र का पुनर्गठन केवल जनसंख्या के आधार पर होगा। निर्मला ने चेन्नई में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि दक्षिणी राज्य प्रभावित नहीं होंगे। वित्त मंत्री ने साफ किया कि कांग्रेस सदस्य और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जो कहते हैं, उसके विपरीत, भाजपा ने कभी नहीं कहा कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन किया जाएगा। निर्मला ने जोर देकर कहा कि जनगणना पूरी होने के बाद ही परिसीमन आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग के सदस्य 'देश भर में घूमकर सभी राज्यों की राय लेंगे'।

---

**खबर संक्षेप**

### कार्यकारी, सीई अरेस्ट ठेकेदार को भी दबोचा


**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पुडुचेरी सरकार के लोक निर्माण विभाग में मुख्य अभियंता, कार्यकारी अभियंता



समेत 3लोगों को कथित रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। इन पर 2 लाख की रिश्वत का आरोप है। अधिकारियों ने बताया इनमें आरोपियों में एक निजी ठेकेदार भी शामिल है। तलाशी के दौरान 73 लाख रुपए नकद बरामद किए गए।

### डियर पार्क में पेड़ से लटके मिले दो शव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साउथ वेस्ट जिले के डियर पार्क में एक लड़के और लड़की के शव पेड़ से लटके



मिले। शुरुआती जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। इसकी जानकारी सुरक्षा गार्ड ने दी। रविवार सुबह 6.31 बजे बलजीत सिंह, निवासी हौज खास गांव, जो डियर पार्क में सुरक्षा गार्ड है, उन्होंने एक पीसीआर कॉल की थी।

### करनाल में 3 दिन का मेगा सब्जी एक्सपो

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि करनाल में 3 दिवसीय मेगा सब्जी



एक्सपो-2025 का आयोजन किया गया है। ऐसे मेलों से किसानों को नई तकनीक सीखने का मौका मिलता है। यहां 3 नए उत्कृष्टता केंद्र खोलने का भी फैसला किया है। हम प्रयास कर रहे हैं । किसान भी इसमें लगातार शामिल हो रहे हैं।

### मंत्री के काफिले पर पथराव, सिपाही घायल

**मयूरभंज।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में रविवार को प्रदर्शनकारियों ने राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री



सुरेश पुजारी के काफिले के एक वाहन पर पथराव कर दिया। प्रदर्शनकारी ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में हानि का आकलन करने अफसरों के मौके पर नहीं पहुंचने से नाराज थे। एक सिपाही घायल हो गया।

---

## नागपुर हिंसा के बाद पटरी पर लौटा जनजीवन, सभी जगह शांति

# 6 दिन बाद सभी इलाकों से हटाया गया कर्फ्यू पर संवेदनशील इलाकों में जारी रहेगी गश्त

**रविवार को नागपुर पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने आदेश जारी कर दी जानकारी**

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हिंसा के छह दिन बाद, रविवार को शेष चार इलाकों से भी कर्फ्यू हटा लिया गया। 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद नागपुर के कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पांचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया था।हिंसा सोमवार रात नागपुर के मध्य क्षेत्रों में उस समय भड़क उठी, जब अफवाहें फैलीं कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा मुगल सम्राट औरंगज़ेब की समाधि को हटाने की मांग को लेकर किए गए विरोध के दौरान एक धार्मिक शिलालेख वाली 'चादर' जला दी गई। हालांकि, अधिकारियों ने बाद में स्पष्ट किया कि ये अफवाहें पूरी तरह झूठी और भ्रामक थीं। इससे पहले, 20 मार्च को नंदनवन और कपिल नगर थाना क्षेत्रों से तथा 22 मार्च को पांचपावली, शांति नगर, लकड़गंज, सक्करदरा और इमामबाड़ा इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया था। रविवार को नागपुर पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने आदेश जारी कर कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ और यशोधरा नगर थाना क्षेत्रों से भी दोपहर 3 बजे से कर्फ्यू हटाने का निर्णय लिया।

**स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा**

एक अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त जारी रहेगी और स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा। 17 मार्च को हुए उपद्रव में बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की घटनाएं हुई थीं। इस हिंसा में तीन डीसीपी रैंक के अधिकारियों समेत 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस ने अब तक हिंसा से जुड़े 112 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।



**सीएम बोले- जब्त संपत्ति की नीलामी होगी**



सीएम फडणवीस ने कहा कि नागपुर में हुई हिंसा के दौरान हुई तोड़फोड़ और संपत्ति के नुकसान की भरपाई दंगाइयों से कराई जाएगी और जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि हिंसा फैलाने वाले नुकसान की भरपाई नहीं करते हैं, तो उनकी संपत्ति जब्त कर नीलाम की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि हिंसा के दौरान पुलिस अधिकारियों पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### अधिकारियों ने धार्मिक कपड़े जलाने की घटना का किया खंडन

नागपुर में हुई हिंसा के संबंध में दावा किया जा रहा था कि हिंदू संगठनों के प्रदर्शनों के दौरान धार्मिक शब्दों वाला 'चादर' जलाया गया था। हालांकि, स्थानीय पुलिस ने इसका खंडन किया और कहा कि प्रदर्शन में ऐसा कोई 'चादर' नहीं जलाया गया था। इसके साथ ही पुलिस ने कहा था कि इसको लेकर अफवाह फैलाई गई थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस संबंध में दावा किया था कि उन्होंने वीडियोज देखे हैं, जिसमें ऐसा कुछ नहीं पाया।

### हिंसा की इस तरह हुई शुरुआत

दरअसल, 17 मार्च को हिंदू संगठनों वीएचपी और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नागपुर के महल क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन के दौरान, उन्होंने औरंगजेब का पुतला जलाया था और कब्र को हटाने की मांग के साथ नारेबाजी की थी। इसी विरोध प्रदर्शनों के दौरान, रिपोर्ट्स सामने आई कि धार्मिक भाषा लिखी हुई 'चादर' जलाई गई थी। हालांकि, बाद में स्थानीय पुलिस ने इसे अफवाह करार दिया और बताया कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी।

### हिंसा में शामिल लोगों की पहचान की जा रही,112 गिरफ्तार

नागपुर शहर में हुई हिंसा में शामिल लोगों की स्थानीय पुलिस पहचान कर रही है और उनके खिलाफ एक्शन भी लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए दर्जनों आरोपियों की पहचान की गई है। नागपुर पुलिस ने बताया कि हिंसा के सिलसिले में 112 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें कुछ नाबालिग को भी पकड़ा गया है। स्थानीय पुलिस साइबर सेल और सोशल मीडिया की भी जांच कर रही है। मसलन, नागपुर में हुई हिंसा का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था और इससे पहले हिंदू संगठनों द्वारा किए गए प्रदर्शनों के वीडियोज भी सोशल मीडिया पर सामने आए थे। मसलन, पुलिस ने अल्पसंख्यक डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद हामिद इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। इनके अलावा एक सांप्रदायिक हिंसा में कथित भूमिका के लिए एक यूट्यूबर मोहम्मद शहजाद खान को भी हिरासत में लिया है। इससे पहले पुलिस ने एमडीपी के नागपुर अध्यक्ष और हिंसा के कथित मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान को गिरफ्तार किया था।

---

## ठाणे के एक धर्मार्थ ट्रस्ट में 'गोलमाल'

# ट्रस्टियों पर अनियमितता के आरोप, 11 ट्रस्टी नियुक्त

## मौजूदा ट्रस्टियों के खिलाफ जांच चल रही



एजेंसी ▶▶ ठाणे

यहां के एक धर्मार्थ ट्रस्ट के पुराने ट्रस्टियों पर ट्रस्ट में वित्तीय अनियमितता करने और प्रशासनिक खामियां करने का आरोप लगा है। इसके बाद ठाणे की एक अदालत ने पिछले ट्रस्टियों को फिर से नियुक्त करने से इनकार कर दिया और 11 नए ट्रस्टियों को नियुक्त किया है। भिवंडी के जिला न्यायाधीश एनके करांडे ने कहा कि ट्रस्ट के प्रशासन और विकास के लिए भीमेश्वर सदगुरु नित्यानंद संस्था के नए ट्रस्टियों की नियुक्ति जरूरी है। अदालत ने फैसला दिया कि मौजूदा ट्रस्टियों के खिलाफ जांच चल रही है और उन्होंने प्रशासनिक खामियां की हैं। भीमेश्वर सदगुरु नित्यानंद संस्था गणेशपुरी बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1950 के तहत एक पंजीकृत धर्मार्थ ट्रस्ट है। यहां ट्रस्टियों को पांच साल के लिए नियुक्त किया जाता है। जिला न्यायालय द्वारा नई नियुक्तियां की जाती हैं।

**जांच के कारण नियुक्तियां हुईं**

पिछले ट्रस्टियों को 2016 में पांच साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 16 नवंबर 2021 को समाप्त हो गया। नियुक्ति प्रक्रिया में देरी और वित्तीय अनियमितताओं के कई आरोपों के कारण मुकदमेबाजी चलने से नए सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो सकी। कई ट्रस्टियों के खिलाफ वित्तीय कुप्रबंधन समेत कई शिकायतें मिलीं। चैरिटी कमिश्नर की रिपोर्ट के मुताबिक कुछ ट्रस्टियों के खिलाफ चल रही अनियमितता, अनादर, कदाचार की शिकायतों की जांच चल रही है। कई ट्रस्टी वर्ष 2019-2020 और 2020-21 के लिए ऑडिट रिपोर्ट और वित्तीय खाते जमा करने में भी विफल रहे। वहीं ग्रामीणों, ट्रस्ट कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी ट्रस्ट प्रशासन और आर्थिक लेन-देन पर चिंता जताई थी।

### 75 आवेदक मानदंडों में खरा मिले

कोर्ट ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी करके ट्रस्टी बनने के लिए आवेदन मांगे। कोर्ट को 152 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदकों के हलफनामों की जांच की गई। इसके बाद कोर्ट ने माना कि 75 आवेदक आवश्यक मानदंडों को पूरा करते थे। कठोर चयन प्रक्रिया के बाद कोर्ट ने 11 नए ट्रस्टियों की नियुक्ति की। इसमें सुनील ज्ञानोबा पोटे, जगन्नाथ पोसो पाटिल, अनुजा अमोल सिंगलवार, नयन सिंह जतन सिंह ठाकोर, उदय ईश्वरलाल व्यास, रवींद्र चंदूलाल शुक्ला, विट्ठल मोहन राजपूत, ललिता नितान जोशी, अमित किसन राउत, आनंद प्रभाकर अन्वेकर और सुगंधा सचिन जाधव शामिल हैं।

---

## हाई कोर्ट की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ

# मणिपुर भी देश के अन्य हिस्सों की तरह समृद्ध बनेगा, शांति प्रक्रिया कायम होगी

## कानून मंत्री मेघवाल ने कहा- शांति से होगा विकास

एजेंसी ▶▶ इंफाल

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष के बीच शांति प्रक्रिया में तेजी आने की प्रार्थना की। वे मणिपुर हाई कोर्ट की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं मणिपुर में जारी शांति प्रक्रिया में तेजी आने की प्रार्थना करता हूं, ताकि विकसित भारत में अपना योगदान दे सके।

**जस्टिस गवई बोले: हिंसा का दौर खत्म होगा**



राज्यपाल अजय कुमार भल्ला भी मौजूद थे। न्यायमूर्ति बीआर गवई के नेतृत्व में न्यायाधीशों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मणिपुर पहुंचा। इसने राहत शिविरों का दौरा किया। विस्थापित लोगों से बातचीत की। न्यायमूर्ति गवई ने उम्मीद जताई यहां जातीय हिंसा का मौजूदा कठिन दौर कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के सहयोग से समाप्त होगा। हमें विश्वास है कि मणिपुर राज्य देश के अन्य हिस्सों की तरह समृद्ध बनेगा।

**शांति और सद्भाव बहाल करने के लिए मिलकर काम करें**

न्यायमूर्ति गवई ने लोगों से अपील की कि वे शांति और सद्भाव बहाल करने मिलकर काम करें। मणिपुर में मई 2023 से मैती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा का सिलसिला जारी है।

### हिंसा भड़काने में जामा मस्जिद के सदर गिरफ्तार

**संभल।** जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर



लिया है। सदर पर आरोप है कि 24 नवंबर को हुए बवाल में उनकी भूमिका थी। उन्होंने भड़काऊ बयान दिया था। एसआईटी की जांच में तथ्य सामने आने पर गिरफ्तारी की गई है।एएसपी श्रीशचंद का कहना है उस बवाल में आरोपी बनाया गया है।

### लखनऊ में मांडविया ने किया आयोजन



**फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल से बताई फिटनेस**

**लखनऊ।** रविवार को पूरे देश में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ, दिल्ली और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। लखनऊ में सामाजिक परिवर्तन स्थल पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने साइकिल चलाकर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया।

---

## पीएम ने लोगों से इसे सुनने की अपील की

# मोदी का फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट अब 10 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध

## लोग इस बातचीत को बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी का लोकप्रिय अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट अब 10 से अधिक भाषाओं में



उपलब्ध है। पीएम मोदी ने रविवार को लोगों से इस पॉडकास्ट को सुनने की अपील की और कहा कि इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों तक बातचीत को पहुंचाना है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, हाल ही में लेक्स फ्रिडमैन के साथ किया गया पॉडकास्ट अब कई भाषाओं में उपलब्ध है।

### मतदान का भी किया जिक्र

यह पॉडकास्ट 16 मार्च को यूट्यूब पर अपलोड किया गया था, जिसमें पीएम मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता , क्रिकेट, फुटबॉल, चीन, अमेरिका, पाकिस्तान और अपने शुरुआती जीवन सहित कई मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। मोदी ने भारत में चुनावी प्रक्रिया का जिक्र करते हुए बताया कि 2024 लोकसभा में 98 करोड़ लोगों ने मतदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। यह संख्या उत्तर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को यह सुनना चाहिए। 2024 के आम चुनाव में 98 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे, जिनके पास वैध आईडी और सभी आवश्यक जानकारी थी।

---

## सपा सांसद रामजी लाल ने राणा सांगा को कहा था गद्दार

# हिंदू महासभा सांसद की जीभ काटने पर देगी एक लाख

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में दिए बयान पर बवाल मच गया है। आगरा में अखिल भारत हिंदू महासभा ने सपा सांसद के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। सांसद के खिलाफ तहरीर दी।

वहीं, सपा सांसद ने भी सफाई दी है। सपा सांसद रामजी लाल का कहना है कि मैं अपने बयान पर कायम हूं। अगर राज्यसभा सभापति को लगता है मैंने कुछ आपत्तिजनक कहा तो सदन की कार्यवाही से मेरे बयान को हटा सकते हैं।

**आगरा में अखिल भारत हिंदू महासभा ने किया प्रदर्शन**




**सांसद ने राज्यसभा में ये कहा**

सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने पर हंगामा हो गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर, बाबर को लाया कौन? इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो।

**देश में तनाव रोकना गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी**

सुमन ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का काम देश में सामाजिक और धार्मिक सौहार्द कायम रखना है। यहां किसी प्रकार का तनाव न हो, यह गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाल ही में होली पर मुसलमानों की तरफ से एक स्वर नहीं निकला, इसके बावजूद गलत बयानबाजी की गई।

### 24 घंटे में मामला दर्ज नहीं किया गया तो करेंगे आंदोलन

महासभा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि तहरीर के आधार पर 24 घंटे में मुकद्दमा दर्ज नहीं हुआ तो सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। तहरीर देने के बाद संजय पैलेस में स्पीड कलर लेब के सामने सपा सांसद का पुतला फूंका। महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि सपा सांसद के बयान से करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। महासभा की महिला अध्यक्ष मीरा राठौर ने कहा जो राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की जीभ काटेगा उसे एक लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। साथ ही हिंदू महासभा ने सपा सांसद के डीएनए टेस्ट की मांग भी की।

*10 मार्च को शुरू हुए अभ्यास में भारत के पैराशूट रेजिमेंट (स्पेशल फोर्स) और किर्गिस्तान की स्कॉर्पियन ब्रिगेड के विशेष बलों ने हिस्सा लिया*

# समापनः भारत और किर्गिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'खंजर-12' में सीखे युद्ध कौशल के आधुनिक तरीके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और किर्गिस्तान के बीच चल रहा संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर-12' 23 मार्च को टोखमोक में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह अभ्यास 10 मार्च को शुरू हुआ था और इसका उद्देश्य दोनों देशों के सैन्य बलों के बीच सहयोग को मजबूत करना, उच्च ऊंचाई पर युद्ध कौशल को निखारना और आतंकवाद विरोधी रणनीतियों को बेहतर बनाना था। इस अभ्यास में भारत के पैराशूट रेजिमेंट (स्पेशल फोर्स) और किर्गिस्तान की स्कॉर्पियन ब्रिगेड के विशेष बलों ने हिस्सा लिया। दोनों सेनाओं ने स्नाइपिंग, जटिल इमारतों में घुसपैठ, पहाड़ी युद्धकला और विशेष आतंकवाद-रोधी अभियानों का अभ्यास किया। गौरतलब है कि 'खंजर' अभ्यास पहली बार 2011 में शुरू हुआ था और अब यह एक वार्षिक आयोजन बन गया है। इस अभ्यास का आयोजन भारत और किर्गिज़स्तान में बारी-बारी से किया जाता है। पिछला संस्करण जनवरी 2024 में भारत में हुआ था।

**खास बातें**

- आतंकियों से निपटने के तरीकों से सैनिक हुए रूबरु
- पहाड़ी युद्धकला के अभ्यास ने बढ़ाया सैनिकों में आत्मविश्वास
- खंजर की शुरुआत 2011 से हुई थी तभी से निरंतरता बनी है




## प्रतिभागियों ने अनुभव साझा किए

समारोह में दोनों देशों के रक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी और मित्र देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। उन्होंने इस अभ्यास को क्षेत्रीय स्थिरता और रक्षा सहयोग को मजबूत करने में महत्वपूर्ण बताया। अभ्यास के बाद एक व्यापक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और भविष्य में सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की।

## नवरोज पर्व का जश्न मनाया

अभ्यास के दौरान नवरोज पर्व का भी जश्न मनाया गया, जो भारत और किर्गिस्तान के जवानों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण अवसर बना। समापन समारोह में किर्गिज रक्षा मंत्रालय ने भारत के दो जवानों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक प्रदान किए, जबकि दो अन्य जवानों को उनके पेशेवर मानकों के लिए प्रशंसा पत्र दिए गए।

---

**खबर संक्षेप**

### स्वस्थ हुए पोप, अस्पताल से मिल गई छुट्टी



**रोम।** निमोनिया से उबरने के बाद रविवार को पोप फ्रांसिस को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जिसके बाद वह वेटिकन के लिए रवाना हुए। रविवार को पोप फ्रांसिस पांच सप्ताह में पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए और अस्पताल की बालकनी से लोगों को आशीर्वाद दिया। पोप (88) को जब रोम के गेमेली अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने वाली बालकनी में ले जाया गया तो उन्होंने भीड़ का अभिवादन किया। पोप की एक झलक पाने के लिए रविवार की सुबह से ही सैकड़ों लोग एकत्र हुए थे।

### अमेरिका में भारतीय मां ने बेटे का गला रेता



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय मूल की महिला ने अपने 11 साल के बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी। महिला का नाम सरिता रामाराजू (48) और बेटे का नाम यतिन रामाराजू है। महिला बेटे के साथ घूमने के लिए कैलिफोर्निया के सेंटा एना में डिज्नीलैंड गई थी। यहां तीन दिन बिताने के बाद महिला ने होटल में बेटे का चाकू से गला रेत दिया। उसने पुलिस को बेटे की हत्या और खुद के जहर खाकर आत्महत्या करने की जानकारी पुलिस को दी।

---

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद चीन से कई मुद्दों पर बात की

ट्रंप के तेवर देख ड्रैगन के उड़ गए होश!

# चीन के प्रधानमंत्री बोले- अमेरिका से टकराव नहीं बातचीत का विकल्प सही



◆ व्यापार शुल्क और अवैध फेंटेनाइल मामले में दोनों देश उलझे हुए हैं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग की रविवार को अमेरिकी सीनेटर स्टीव डेन्स के साथ मुलाकात हुई। बैठक के दौरान ली कियांग ने कहा कि बीजिंग और वाशिंगटन को टकराव के बजाय बातचीत का विकल्प चुनना चाहिए, क्योंकि दोनों देश व्यापार शुल्क और अवैध फेंटेनाइल व्यापार से निपटने के प्रयासों को लेकर टकराव में उलझे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्टीव डेन्स जनवरी में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से बीजिंग का दौरा करने वाले कांग्रेस के पहले सदस्य हैं। ली के साथ बैठक के दौरान उनके साथ कई अमेरिकी व्यवसायी लीडर शामिल हुए, जिनमें फेडएक्स कॉर्प के सीईओ राज सुब्रमण्यम, बोइंग कंपनी के सीनियर उपाध्यक्ष ब्रैंडन नेल्सन, क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टियानो अमोन और फाइजर के सीईओ अल्बर्ट बोरला शामिल थे।

## ट्रंप ने कहा था-अमेरिका और चीन मिलकर कामयाबी की डगर पर चलेंगे तो दोनों देशों को होगा बड़ा फायदा

ली कियांग ने कहा कि देशों के बीच संबंध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आ गए हैं और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जनवरी में ट्रंप के साथ एक कॉल के दौरान कहा था कि दोनों देश भागीदार और मित्र बन सकते हैं, जो एक-दूसरे की सफलता में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा, इतिहास हमें बताता है कि चीन और अमेरिका दोनों को सहयोग से लाभ होगा और टकराव से नुकसान। हमारे दोनों पक्षों को टकराव के बजाय संवाद, शून्य-योग प्रतिस्पर्धा के बजाय विन-विन सहयोग को चुनने की आवश्यकता है।

**साल के शुरुआत में मंशा की जाहिर**

*ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही जिनपिंग को विभिन्न मुद्दों से कराया रूबरु*

*साल की शुरुआत में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक सार्थक बातचीत की, जिसमें उन्होंने व्यापार, फेंटेनाइल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस बातचीत की जानकारी दी, जिसे उन्होंने बेहद उपयोगी बताया और सकारात्मक नतीजों की उम्मीद जताई। उन्होंने लिखा, यह बातचीत चीन और अमेरिका दोनों के लिए बहुत अच्छी रही। मुझे उम्मीद है कि हम मिलकर कई समस्याओं का समाधान करेंगे और तुरंत इसकी शुरुआत करेंगे। हालांकि इसके बाद दोनों ही देशों में आपसी अनबन शुरु हो गई और संबंधों में कड़वाहट आने लगी।*




## ट्रंप के पहले शासनकाल में टैरिफ बड़ा मुद्दा था

ली कियांग ने कहा कि चीन को उम्मीद है कि अमेरिका चीन-अमेरिका संबंधों के स्थिर और विकास को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेगा। ट्रंप के पहले शासन काल के दौरान, जब टैरिफ भी एक बड़ा मुद्दा था तब डेन्स ने मीडियेटर के रूप में काम किया था। चीन की यात्रा से पहले डेन्स कार्यालय ने कहा कि वह व्हाइट हाउस के साथ निकटता से समन्वय कर रहे हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे।

---

गुजराती पिता-पुत्री की अमेरिका में हत्या

# दुकान बंद होने के कारण नहीं मिली शराब तो सिरफिरे ने मारी गोली



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

यहां के एक डिपार्टमेंटल स्टोर के बाहर गुजराती पिता-पुत्री की हत्या ने अमेरिका में भारतीय समुदाय को झकझोर दिया है। अब गुजरात में पीड़ित परिवार ने खुलासा किया है कि पिता और पुत्री को एक अफ्रीकी-अमेरिकी व्यक्ति ने सिर्फ इसलिए गोली मारी थी, क्योंकि उसे शराब चाहिए था और दुकान बंद हो गई थी। उसे इसके लिए दुकान खुलने का रात भर इंतजार करना पड़ा, जिस कारण वह गुस्से में था।

**शराब के लिए करना पड़ा इंतजार भड़क गया युवक**

जब प्रदीप और उर्मी वहां पहुंचे तो उसने उनसे पूछा कि दुकान क्यों बंद है? आरोपी ने इस बात के लिए दोनों पर गुस्सा जताया कि उसे रातभर इंतजार करना पड़ा। गुस्से और आवेश में जॉर्ज ने दोनों पर गोलियां चला दीं। प्रदीप को दो गोलियां लगीं, जबकि एक गोली उर्मी को लगी। घटना के दो घंटे के भीतर अमेरिकी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छह साल पहले प्रदीपभाई और उनकी पत्नी हंसाबेन अपनी सबसे छोटी बेटी उर्मी के साथ विजिटर वीजा पर अमेरिका गए थे।

## शराब के लिए रातभर किया था इंतजार

प्रदीपभाई पटेल (56) जब 21 मार्च की सुबह करीब 5:30 बजे अपनी बेटी उर्मी के साथ डिपार्टमेंटल स्टोर खोल रहे थे, तभी उस व्यक्ति ने दोनों को गोली मार दी। प्रदीपभाई पटेल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 26 वर्षीय बेटी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। प्रदीप के परिवार ने कहा कि आरोपी की पहचान जॉर्ज फ्रेजियर डेवोन व्हार्टन के रूप में हुई है, जो पूरी रात शराब खरीदने के लिए उनके डिपार्टमेंटल स्टोर के आसपास मंडराता रहा।

---

किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली

# पाक के बलूचिस्तान में अलग-अलग हमलों में 4 पुलिसकर्मी और 4 मजदूरों की हुई हत्या

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने अलग-अलग घटनाओं में चार पुलिसकर्मियों और चार मजदूरों को मौत के घाट उतार दिया। नोश्की शहर के गरीबाबाद इलाके में शनिवार को पहली घटना हुई जहां गश्त कर रहे पुलिस दल पर मोटरसाइकिल सवार हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी कर दी, जिसमें चार पुलिसकर्मी मारे गए। वहीं, कलात के मंगोचर शहर के मलंगजई इलाके में दूसरा हमला



हुआ, जिसमें पंजाब प्रांत के चार मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी हाशिम खान ने मीडिया को बताया कि पुलिसकर्मियों के शवों को अस्पताल भेज दिया गया है तथा पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू कर दिया है।

**प्रदर्शन के चलते प्रांत में है तनाव**

अभी तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बलूचिस्तान में ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब 'बलूच यकजहती कमेटी' (बीवाईसी) द्वारा आहूत प्रदर्शन के कारण प्रांत में स्थिति तनावपूर्ण है। बीवाईसी द्वारा आहूत प्रदर्शन के कारण रविवार को प्रांत के कई हिस्से बंद रहे। पुलिस ने क्षेत्र में चक्का जाम करने और प्रतिष्ठानों को बंद करवाने के आरोप में बीवाईसी के केंद्रीय नेताओं को शनिवार से गिरफ्तार करना शुरू कर दिया था।

---

अमृतसर में बड़े गिरोह का भंडाफोड़

# खुद को पुलिस अधिकारी बताकर ड्रग्स नेटवर्क चलाती थी महिला

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

ड्रग्स के खिलाफ मुहिम में पंजाब पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। अमृतसर पुलिस ने ड्रग्स के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

इस गिरोह की सरगना एक महिला है जो खुद को पुलिस अधिकारी बताकर अपना ड्रग नेटवर्क चलाती थी। इतना ही नहीं इस महिला के तार सीमा पार पाकिस्तान से जुड़े हुए थे। इस ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़ होने के बाद अमृतसर पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत



सिंह भुल्लर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- अमृतसर पुलिस ने 5.2 किलो हेरोइन बरामद की है। हमने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह की सरगना मंदीप कौर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर अपना ड्रग नेटवर्क चलाती थी।

---

परिवार ने सरकार से मांगी मदद

# डेटा चोरी के आरोप में कतर की जेल में है भारतीय इंजीनियर, रिहाई के प्रयास जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आईटी दिग्गज टेक महिंद्रा के कतर स्थित कंट्री हेड अमित गुप्ता को इस साल 1 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया गया था। वर्तमान में वह जेल में हैं। जानकारी के अनुसार अमित गुप्ता पर डेटा चोरी का आरोप लगाया गया है।

इसी मामले की जांच के संबंध में उनको हिरासत में लिया गया है। दरअसल, अमित गुप्ता कतर में आईटी दिग्गज टेक महिंद्रा के कंट्री हेड हैं। स्थानी सुरक्षा एजेंसियों ने उनके खिलाफ डेटा चोरी का आरोप लगाया है। इस मामले में टेक महिंद्रा ने कहा कि कर्मचारी के परिवार से साथ संपर्क लगातार बनाए हुए हैं। अमित गुप्ता मूल रूप से गुजरात के वडोदरा के रहने वाले हैं। वह आईटी दिग्गज टेक महिंद्रा के कतर कंट्री हेड हैं। इसके बाद उनका पूरा परिवार उनकी रिहाई के लिए तमाम प्रयास कर रहा है।

**इंजीनियर की मदद कर रही भारत सरकार**

कंपनी ने कहा कर्मचारी की भलाई सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मामले में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने बताया कि कतर में भारतीय दूतावास अमित गुप्ता के परिवार की मदद कर रहा है। सूत्रों की मानें तो कतर में हमारा दूतावास एक भारतीय नागरिक अमित गुप्ता को कतर के अधिकारियों द्वारा चल रही जांच के सिलसिले में हिरासत में लिए जाने के बारे में जानता है।

---

तालिबान की जीत के रूप में देखा जा रहा

# अमेरिका ने जार्ज को रिहा किया हक्कानी पर से हटा लिया इनाम

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



हाल ही में तालिबान ने एक अमेरिकी नागरिक, जॉर्ज ग्लेजमैन, को रिहा किया, जिसके तुरंत बाद अमेरिका ने तालिबान के आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी समेत तीन नेताओं पर रखा इनाम हटा लिया। दरअसल, यह कदम वैश्विक मंच पर तालिबान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत के रूप में देखा जा रहा है, जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय अलगाव को कम करने की दिशा में बढ़ने की संभावना है। सिराजुद्दीन हक्कानी हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख नेता और अफगानिस्तान के आंतरिक मंत्री हैं।



2008 में काबुल के सेरेना होटल पर हमले की योजना बनाने के लिए कुख्यात, जिसमें एक अमेरिकी नागरिक समेत छह लोग मारे गए थे। हक्कानी नेटवर्क तालिबान का सबसे खतरनाक घटक माना जाता है, जो आत्मघाती हमलों, बम विस्फोटों और अपहरण में शामिल रहा है।

---

15 से शुरु हुआ और 29 मार्च को संपन्न होगा सांस्कृतिक उत्सव

देश और विदेश के मेहमान होते हैं उत्सव के साक्षी

# गोवा शिगमो महोत्सव : वसंत के स्वागत में रंग-बिरंगी झांकियों और लोक नृत्यों का जश्न

एजेंसी ▶▶ गोवा

**18 विधानसभा क्षेत्रों में मनाया जा रहा जश्न**

गोवा में इन दिनों पारंपरिक शिगमो महोत्सव की धूम मची हुई है। दो सप्ताह तक चलने वाला यह भव्य सांस्कृतिक उत्सव 15 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च तक सम्पन्न होगा। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत करने के लिए मनाया जाता है इस दौरान रंग-बिरंगी झांकियों, लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है, जो गोवा की समृद्ध विरासत को दर्शाता है। गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खंवटे ने कहा कि गोवा में दो बड़े त्योहार-कार्निवल और शिगमो हैं। हाल ही में कार्निवल पूरे



जोश और उत्साह के साथ मनाया गया और अब हम शिगमो का जश्न मना रहे हैं, जो 15 दिनों तक चलता है और लगभग 18 विधानसभा क्षेत्रों में मनाया जाता है। शिगमो हमारा पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। शिगमो महोत्सव, जिसे स्थानीय भाषा में शिगमोस्तव कहा जाता है, गोवा के हिंदू समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। यह फाल्गुन महीने में मनाया जाता है। मंत्री खंवटे ने कहा कि गोवा अब पर्यटकों के लिए समुद्र तटों के अलावा अन्य आकर्षण भी बढ़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि अब हम गोवा में पर्यटन को समुद्र तटों से आगे ले जाना चाहते हैं। पर्यटक यहां आकर नई चीजें देखना चाहते हैं, इसलिए हम अपने उत्सवों को और भव्य बना रहे हैं। हम चिखल कालो (मिट्टी का त्योहार) और साओ जोआओ (संत जॉन द बैपटिस्ट का सम्मान करने वाला पर्व) जैसे नए त्योहार भी जोड़ रहे हैं।

**विदेशी मेहमानों ने सराहा**

त्योहार में शामिल एक पर्यटक ने कहा, यह हमारा गोवा और भारत का पहला दौरा है। हमें इतना भव्य अनुभव मिलने की उम्मीद नहीं थी। यह बहुत रंगीन है और लोग काफी दोस्ताना हैं। हम खुश हैं कि हमने इस उत्सव को देखा। ईरान से आए एक अन्य पर्यटक ने कहा, यह बहुत खूबसूरत समारोह है और हम यहां आकर बहुत खुश हैं। मैंने पहले कभी ऐसा त्योहार नहीं देखा। उम्मीद है कि यह लंबे समय तक चलता रहेगा।



## आईपीएल : सबसे बड़ा स्कोर 287/3 भी एसआरएच के नाम दर्ज

# किशन का तूफान, हैदराबाद ने बनाया दूसरा सर्वोच्च स्कोर, राजस्थान को 44 रन से रौंदा

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

इशान किशन (47 गेंद में नाबाद 106) की तूफानी बल्लेबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 44 रौंदकर इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। किशन ने रॉयल्स के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 45 गेंदों पर शानदार शतक पूरा किया। ट्रेविस हेड ने पारी की शुरुआत में 31 गेंदों पर 67 रन बनाकर रॉयल्स के गेंदबाजों के खिलाफ मनमुताबिक रन बटोरे।

हेड ने इस फ्रेंचाइजी के लिए पदार्पण कर रहे किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 85 रन की साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 20 चौके और नौ छक्के लगाए जिससे एसआरएच ने छह विकेट पर 286 रन का स्कोर खड़ा किया। यह आईपीएल का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर भी एसआरएच के नाम है। टीम ने पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे।

### अनुभवहीन कप्तान की गलती

*रॉयल्स की टीम हालांकि कभी लक्ष्य का पीछा करने की स्थिति में नहीं दिखी लेकिन टीम खराब शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 242 रन बनाने में सफल रही। हैदराबाद की उमस भरी गर्मी में रॉयल्स के अनुभवहीन कप्तान रियान पराग ने आईपीएल की सबसे सपाट पिच पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करके बड़ी गलती की।*




### मुश्किलों भरा रहा पिछला साल

*पिछले कुछ सालों में मुंबई इंडियंस के मुख्य खिलाड़ियों में से एक किशन के लिए 2024 का साल मुश्किल रहा। इस लीग के लिए घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने के कारण उन्होंने अपना केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा और मुंबई की फ्रेंचाइजी ने भी उन्हें रिटेन नहीं किया। पटना के इस छोटे कद के खिलाड़ी ने नए जोश के साथ वापसी की है और नई फ्रेंचाइजी के लिए अपने पहले मैच में दमदार प्रदर्शन किया है। वह इस सपाट पिच पर और सात मैच खेल सकते हैं। वह इस तरह के प्रदर्शन से राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे।*

### शर्मनाक : आर्चर ने दिए 76 रन

हैदराबाद के बल्लेबाजों ने राजस्थान के गेंदबाजों की जमकर कुटाई की। राजस्थान के 3 गेंदबाजों ने 50 से ज्यादा रन खर्च किए। जोफ्रा आर्चर ने 4 ओवर में 19 की इकोनॉमी से 76 रन लुटा दिए। इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

### महंगे गेंदबाजी के आंकड़े

| विकेट/रन | खिलाड़ी | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 0/76 | जोफ्र आर्चर | राजस्थान | 2025 |
| 0/73 | मोहित शर्मा | दिल्ली | 2024 |
| 0/70 | बेसिल थम्पी | आरसीबी | 2018 |
| 0/69 | यश दयाल | कोलकाता | 2023 |
| 1/68 | रीस टॉपली | मुंबई | 2024 |
| 1/68 | ल्यूक वुड | दिल्ली | 2024 |

### चौथी बार 250+ पार

हैदराबाद टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250+ रन बनाने वाली टीम बनी। अब उनके नाम 4 स्कोर हो गए हैं। दूसरे नंबर पर इंग्लिश काउंटी टीम सरे हैं, जिसके नाम 3, 250+ स्कोर हैं। हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ शुरूआती 6 ओवर में एक विकेट खोकर 94 रन बनाए। यह आईपीएल का ओवरऑल पांचवां हाईएस्ट पावरप्ले टोटल है। इस मामले में पहले नंबर पर भी हैदराबाद है। टीम ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 2024 में 125/0 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| एसआरएच | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का जायसवाल बो तीक्षणा | 24 | 11 | 5 | 0 |
| ट्रैविस हेड का हेटमायर बो तुषार | 67 | 31 | 9 | 3 |
| इशान किशन नाबाद | 106 | 47 | 11 | 6 |
| रेड्डी का जायसवाल बो तीक्षणा | 30 | 15 | 4 | 1 |
| क्लासेन का रियान बो संदीप | 34 | 14 | 5 | 1 |
| अनिकेत शर्मा का आर्चर बो देशपांडे | 07 | 03 | 0 | 1 |
| मनोहर का रियान बो देशपांडे | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 18, कुल : 20 ओवर में 286/6

**गेंदबाजी :** फारुकी 3-0-49-0, तीक्षणा 4-0-52-2, आर्चर 4-0-76-0, संदीप 4-0-21-1, नीतीश राणा 1-0-9-0, देशपांडे 4-0-44-3.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मनोहर बो सिमरजीत | 01 | 05 | 0 | 0 |
| सैमसन का क्लासेन बो हर्षल | 66 | 37 | 7 | 4 |
| पराग का कमिंस बो सिमरजीत | 04 | 02 | 1 | 0 |
| नीतीश राणा का कमिंस बो शमी | 11 | 08 | 2 | 0 |
| ध्रुव जुरेल का किशन बो जम्पा | 70 | 35 | 5 | 6 |
| हेटमायर का मनोहर बो हर्षल | 42 | 23 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे नाबाद | 34 | 11 | 1 | 4 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 13, कुल : 20 ओवर में 242/6

**गेंदबाजी :** शमी 3-0-33-1, सिमरजीत 3-0-46-2, कमिंस 4-0-60-0, अभिषेक 2-0-17-0, जम्पा 4-0-48-1, हर्षल 4-0-34-2.

## दीवानगी ने पहुंचाया जेल.... कोहली को गले लगाना फैन को पड़ा भारी



**कोलकाता।** ईडन गार्डेंस स्टेडियम में शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में आईपीएल-18 के उद्घाटन मैच के दौरान सुरक्षा घेरा तोड़कर विराट कोहली के पास जाकर उन्हें गले लगाने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना उस वक्त हुई जब कोहली बल्लेबाजी कर रहे थे। तभी वह व्यक्ति स्टेडियम की फेंसिंग को फांदकर मैदान में घुस गया और कोहली के पास जाकर उनके चरणों में गिर पड़ा। उसके बाद उठा और कोहली को गले लगा दिया। सुरक्षाकर्मी दौड़ते हुए वहां पहुंचे और उसे पकड़कर मैदान से बाहर ले गए। सूत्रों से पता चला है कि पुलिस ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है और उस शख्स को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 329 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने का प्रयास) के तहत गिरफ्तार किया है।

## मोहसिन की जगह शार्दुल लखनऊ में शामिल



**नई दिल्ली।** नीलामी में नहीं बिकने वाले भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी के लिए तैयार हैं और लखनऊ सुपर जाइंट्स ने उन्हें चोटिल मोहसिन खान के स्थान पर टीम में शामिल किया है। नए कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व में एलएसजी सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। आईपीएल में बयान में कहा, 'लखनऊ सुपर जाइंट्स ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान की जगह शार्दुल ठाकुर को अपनी टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने ठाकुर को दो करोड रुपए के आधार मूल्य में अपनी टीम से जोड़ा है।'

## दिल्ली-लखनऊ की जंग आज

**विशाखापत्तनम।** नए कप्तान और नई टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम सोमवार को जब यहां आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य आईपीएल के नए सत्र का आगाज जीत से करना होगा। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जबकि दिल्ली की टीम अपने दो घरेलू मैच यहां खेलेगी। अपने आईपीएल करियर में अभी तक केवल दिल्ली की टीम से खेलने वाले ऋषभ पंत इस बार लखनऊ की टीम की कमान संभाल रहे हैं जिसने उन्हें आईपीएल की नीलामी में रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। दूसरी तरफ के एल राहुल हैं जो पिछले दो सत्र में लखनऊ की कमान संभालने के बाद इस बार एक खिलाड़ी के रूप में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलेंगे। दिल्ली की टीम ने ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया है लेकिन बल्लेबाजी में राहुल की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

### खबर संक्षेप


#### गुजरात खिलाड़ियों को काफी आजादी देता है

**नई दिल्ली।** कागिसो रबाडा दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके हैं लेकिन अपनी नयी फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स में घर जैसा महसूस करते हैं क्योंकि मुख्य कोच आशीष नेहरा से पहले ही काफी लगाव हो गया है। रबाडा को गुजरात टाइटन्स ने 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा और वह मोहम्मद सिराज के साथ नयी गेंद साझा करेंगे। रबाडा ने कहा, 'हां, यह बहुत आरामदायक रहा है। खिलाड़ियों को बहुत स्वतंत्रता दी गई है, लेकिन फिर भी एक व्यवस्था है। यहां जिस तरह से सब कुछ चल रहा है, उससे वास्तव में खुश हूं।'



#### आरसीबी में क्रुणाल शानदार पसंद: हेडन

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की इस साल आईपीएल के लिए चुनी गई टीम में कुछ खास है। उन्होंने भारतीय ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या के चयन को शानदार पसंद करार दिया। आरसीबी ने आईपीएल के वर्तमान सत्र के अपने पहले मैच में शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि फिल साल्ट, विराट कोहली और कप्तान रजत पाटीदार ने उपयोगी पारियां खेली।



#### गुवाहाटी पहले टेस्ट की मेजबानी के लिए तैयार

**गुवाहाटी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के महासचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच इस साल नवंबर में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के दौरान गुवाहाटी पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। उन्होंने इसके साथ ही बताया कि गुवाहाटी इस साल के आखिर में आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अपने पहले विश्व कप मैच की भी मेजबानी करेगा।



## प्रियंका ने स्लोवाकिया में 35 किमी स्पर्धा में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने स्लोवाकिया के डुडिंस में डुडिंस्का 50 प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की 35 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

प्रियंका ने शनिवार को आयोजित की गई इस गोल्ड लेवल की प्रतियोगिता में दो घंटे 56 मिनट 34 सेकंड (2:56:34) का समय निकाला और 11वें स्थान पर रहीं। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3:13:19 था। दो बार की ओलंपियन प्रियंका ने 2023 में रांची में नेशनल ओपन पैदल चाल चैंपियनशिप में मंजू रानी द्वारा बनाए गए 2:57:54 के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा। प्रियंका ने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 10000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता था। इक्वाडोर की पाउला मिलेना टोरेस ने 2:44:26 के समय के साथ महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा जीती। पेरू की किम्बर्ली गार्सिया (2:45:59) और पोलैंड की कटारज़ीना ज़डज़ीब्लो (2:46:59) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इस बीच राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक आकाशदीप सिंह पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में 1:24:13 के समय के साथ छठे स्थान पर रहे।




### पहली हार से घबराने की जरूरत नहीं : रहाणे

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल के शुरुआती मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिली सात विकेट की करारी हार के बाद कहा कि अभी किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। मौजूदा चैंपियन कोलकाता की टीम ने बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। आरसीबी ने 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया। चोट से उबर कर वापसी करने वाले आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड ने चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए और अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



विश्व कप क्वालीफाइंग

## हॉलैंड ने 40वें मैच में दागा 39वां गोल, नॉर्वे की 5-0 से बड़ी जीत



एजेंसी ▶▶| लंदन

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड की अगुवाई में नॉर्वे ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग के अपने पहले मैच में मोल्दोवा को 5-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। नॉर्वे ने तीसरी और आखिरी बार 1998 में विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाई थी। हॉलैंड का जन्म इसके दो साल बाद हुआ था।

इस बार हालांकि नॉर्वे को विश्व कप में जगह बनाने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है जो 2026 में अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। नॉर्वे का ग्रुप आई से शीर्ष पर रहना तय माना जा रहा है जिसके एक अन्य मैच में इज़राइल ने एस्टोनिया को 2-1 से हराया। हॉलैंड ने मोल्दोवा के खिलाफ नॉर्वे की तरफ से दूसरा गोल किया जो 2019 में पदार्पण करने के बाद अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से 40 मैच में उनका 39वां गोल था। डॉर्टमुंड के डिफेंडर जूलियन रायर्सन ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद नॉर्वे के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की। हॉलैंड ने 23वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद थेलो असगार्ड, अलेक्जेंडर सोरलोथ और स्थानापन्न एरोन डोनम ने भी गोल किए।

### वेल्स ने कजाकिस्तान को हराया

यूरोपीय क्वालीफाइंग के अन्य मैचों में वेल्स ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराया। इसके अलावा ग्रुप जे में नॉर्थ मैसेडोनिया ने लिचेटेंस्टीन पर 3-0 से जीत हासिल की। चेक गणराज्य ने पैट्रिक स्किच के दो गोल की मदद से ग्रुप एल में फरो आइलैंड्स पर 2-1 से जबकि मोंटेनेग्रो ने जिब्राल्टर पर 3-1 से जीत हासिल की।

## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 115 रन से हराया, टी20 श्रृंखला पर किया कब्जा

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

तेज गेंदबाज जैकब डफी और जकारी फाउलकेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने रविवार को पाकिस्तान को 105 रन पर आउट कर चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 115 रन से जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला को अपने नाम कर लिया।

श्रृंखला का पांचवां मैच बुधवार को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के पास 3-1 की अजेय बढ़त है। डफी ने 20 रन देकर चार और फाउलकेस ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने बे ओवल में तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया और पाकिस्तान को 16.2 ओवर में आउट कर दिया। पाकिस्तान ने जीत के लिए 221 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 56 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे और टीम इस प्रारूप में अपने न्यूनतम स्कोर (74) से कम पर आउट होने के कगार पर थी। अब्दुल समद ने हालांकि 44 रन की पारी खेल टीम को 100 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया।

## सीएसके का जीत से आगाज, लगातार 13वीं बार अपना पहला मैच हारी मुंबई



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मुंबई इंडियंस को चार विकेट से शिकस्त दी। मुंबई की टीम लगातार 13वें सीजन में अपना पहला मैच हारी है। टीम को आखिरी बार 2012 में राजस्थान के खिलाफ जीत मिली थी।

सीएसके ने टॉस जीतकर नूर अहमद के शानदार प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस को 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके ने छह विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाकर मैच जीत लिया। रचिन रविंद्र ने 65 रन बनाए। उन्होंने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। पारी का आगाज करने के बजाय तीसरे नंबर पर उतरे ऋतुराज गायकवाड़ ने 26 गेंद की पारी के 53 रन ठोके। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 37 गेंद में 67 रन की साझेदारी निभाई। सीएसके लिए नूर अहमद के अलावा खलील अहमद ने 29 रन देकर तीन विकेट झटके।

### रोहित 18वें बार 0 पर आउट

मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल में दूसरे सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले प्लेयर बन गए हैं। रोहित ने लीग के इतिहास का 258वां मुकाबला खेला। सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड महेंद्र सिंह धोनी (265) के नाम है। रोहित ने मैच में एक शर्मनाक रिकॉर्ड बनाते हुए सबसे ज्यादा 18 बार डक पर आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का दूबे बो अहमद | 00 | 04 | 0 | 0 |
| रेयाल रिकलटन बो अहमद | 13 | 07 | 3 | 0 |
| विल जैक्स का दूबे बो अश्विन | 11 | 07 | 2 | 0 |
| सूर्यकुमार स्ट धोनी बो नूर अहमद | 29 | 26 | 2 | 1 |
| तिलक पगबाधा बो नूर अहमद | 31 | 25 | 2 | 2 |
| मिंज का जडेजा बो नूर अहमद | 03 | 09 | 0 | 0 |
| नमन धीर बो नूर अहमद | 17 | 12 | 1 | 0 |
| मिचेल सैंटनर पगबाधा बो एलिस | 11 | 13 | 1 | 0 |
| दीपक चाहर नाबाद | 28 | 15 | 2 | 2 |
| बोल्ट का गायकवाड़ बो अहमद | 01 | 02 | 0 | 0 |
| एस राजू नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 10, कुल : 20 ओवर में 155/9

**गेंदबाजी :** अहमद 4-0-29-3, सैम करन 1-0-13-0, एलिस 4-0-38-1, अश्विन 4-0-31-1, जडेजा 3-0-21-0, अहमद 4-0-18-4.

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र नाबाद | 65 | 45 | 2 | 4 |
| त्रिपाठी का रिकलटन बो चाहर | 02 | 03 | 0 | 0 |
| गायकवाड का जैक्स बो पुथुर | 53 | 26 | 6 | 3 |
| शिवम दूबे का तिलक बो पुथुर | 09 | 07 | 0 | 1 |
| दीपक हुड्डा का राजू बो पुथुर | 03 | 05 | 0 | 0 |
| सैम करन बो जैक्स | 04 | 09 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा रन आउट | 12 | 18 | 1 | 0 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 05, कुल : 19.1 ओवर में 158/6

**गेंदबाजी :** बोल्ट 3-0-27-0, चाहर 2-0-18-1, एस राजू 1-0-13-0, सैंटनर 2.1-0-24-0, विल जैक्स 4-0-32-1, पुथुर 4-0-32-3, नमन धीर 3-0-12-0.

### खेलो इंडिया पैरा खेल : फाइनल में 17 वर्षीय पायल 109-103 से हराया

## पैरालंपियन शीतल ने जीता तीरंदाजी का स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर की बिना हाथ की तीरंदाज और पैरालंपिक पदक विजेता शीतल देवी ने रविवार को यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में ओडिशा की दिव्यांग (बिना हाथ, बिना पैर) पायल नाग को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दोनों युवाओं के बीच मुकाबले में गत विजेता शीतल ने वापसी करते हुए खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

18 वर्षीय शीतल ने कंपाउंडडनरी ओपन फाइनल मैच में 17 वर्षीय पायल के खिलाफ 109-103 से जीत दर्ज की। पायल के दोनों हाथ और दोनों पैर नहीं हैं। वह बचपन में बिजली का झटका लगने के कारण अपने हाथ-पैर खो बैठी थीं और वह कृत्रिम पैरों से निशाना लगाती हैं। राकेश कुमार (40 वर्ष) और ज्योति बालियान (30 वर्ष) ने भी अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। झारखंड के विजय सुंडी ने हरियाणा के विकास भाकर को पुरुष रिकर्व ओपन स्वर्ण पदक मैच में 6-4 से हराया जबकि हरियाणा की पूजा ने महाराष्ट्र की राजश्री राठौड़ को 6-4 से हराकर महिला रिकर्व ओपन स्वर्ण पदक जीता।

### रोमांचक मैच पर रहा नजर

सभी की निगाहें शीतल और पायल के बीच महिलाओं के कंपाउंड स्वर्ण पदक मैच पर थीं। शीतल ने आठ और सात के स्कोर के साथ शुरुआत की जबकि पायल ने डबल 10 के साथ शुरुआत की। हालांकि पायल तीसरे दौर में बढ़त खो बैठीं, जहां उन्होंने पहली बार सात का स्कोर बनाया और शीतल ने नौ और 10 के अपने लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापसी की। निर्णायक पांचवें दौर में शीतल ने स्वर्ण पदक जीता।



### कंपाउंड ओपन में जीते श्याम

पुरुषों के कंपाउंड ओपन स्वर्ण पदक मैच में राजस्थान के श्याम सुंदर स्वामी ने छत्तीसगढ़ के तोमन कुमार को कड़ी टक्कर देते हुए 140-139 से हराया। कांस्य पदक मैचों में राकेश कुमार ने अपनी निरंतरता का परिचय देते हुए हरियाणा के परमेंद्र को 143-140 से हराया। ज्योति बालियान ने दिल्ली की लालपति को 136-132 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान के धन्ना गोदारा और झारखंड की सुकृति सिंह ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के रिकर्व ओपन कांस्य पदक जीते।



# 175 करोड़ रुपए के साथ सबसे महंगे एक्टर बने अल्लू अर्जुन

**मुंबई।** मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अल्लू अर्जुन डायरेक्टर एटली के साथ एक मेगा बजट फिल्म में काम करने वाले हैं। फिल्म का स्केल काफी बड़ा है जिसमें एक्टर की मास एंट्री से लेकर, कई सारे मसालेदार मोमेंट्स भी शामिल होंगे। अल्लू अर्जुन ने इस फिल्म में काम करने के लिए 175 करोड़ रुपए के साथ फिल्म के मुनाफे से 15% लेने की मांग रखी है। एक सूत्र ने बताया, 'अल्लू अर्जुन ने सन पिक्चर्स के प्रोड्यूसर के साथ 175 करोड़ रुपए की डील साइन की है। उसके साथ ही उनके फिल्म के प्रॉफिट से 15% लेने की भी मांग सामने आई है। ये इस दौर में किसी भी एक्टर द्वारा साइन की गई सबसे बड़ी डील में से एक है।

लाइफ Style

# अनन्या

## आप सब कुछ कर सकते हैं

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनन्या पांडे ने अपनी सोशल मीडिया पर अपनी स्टोरीज पर 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' की एक खास तस्वीर शेयर की। साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखकर फिल्म के कलाकार आदर्श गौरव और मुस्कान जाफरी की प्रशंसा की।

अनन्या ने फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' की एक तस्वीर को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया, जिसमें आदर्श गौरव और विनीत कुमार नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, फिल्म देखना जादू जैसा है। दर्शक ताली बजाते हैं, सीटी मारते हैं, हंसते हैं और फिल्म के हर पल को महसूस करते हैं। अनन्या ने अपने फैंस से भी 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' को थिएटर में जाकर फिल्म देखने की गुजारिश की। साथ ही अनन्या ने उन्होंने अपने दोस्त आदर्श गौरव की तारीफ की और लिखा, 'मेरे दोस्त - आप वाकई कुछ भी और सब कुछ कर सकते हैं गौरव आर्दश'। साथ ही, अपनी को-स्टार मुस्कान जाफरी के लिखा, 'बहुत ज्यादा प्यार।'

अनन्या ने फिल्म के सभी कलाकारों और टीम को बधाई दी। इस फिल्म को रीमा कागती ने डायरेक्ट किया है और वरुण ग्रोवर ने लिखा है। इसमें आदर्श गौरव, शशांक अरोड़ा, विनीत कुमार सिंह जैसे कई कलाकार हैं। फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी ने बनाया है। यह अभी सिनेमाघरों में चल रही है। वहीं, काम की बात करें तो अनन्या पांडे ने हाल ही में अपनी नई फिल्म केसरी 2 का पहला लुक भी शेयर किया है।



हॉलीवुड मसाला



# अगले साल का ऑस्कर करेंगे होस्ट

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से सोमवार को बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।'

# अभी इतने ही बाल आए हैं, कैसी लग रही हूं मैं?




*मुंबई। हिना खान कैंसर से जूझ रही हैं। उनका उपचार चल रहा है। कीमोथैरेपी, सर्जरी और उपचार की प्रक्रिया में अभिनेत्री ने अपना सिर मुंडवा लिया था। उन्होंने इसकी तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। वे इवेंट और शूटिंग के दौरान विग का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, हिना के बाल अब आने लगे हैं। हाल ही में एक इवेंट में वे कैंसर उपचार के दौरान पहली बार बिना विग पहने नजर आईं। हिना खान ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस में बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने फोटोग्राफर्स को पोज दिए। फिर पूछा, 'कैसी लग रही हूं मैं? अभी मेरे इतने-इतने ही बाल आए हैं'। इस पर पैपराजी ने एक्ट्रेस का हौसला बढ़ाया और कहा, 'बहुत सुंदर लग रही हैं आप, नेचुरल ब्यूटी'। हिना खान का यह वीडियो वीरेंद्र चावला के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया है। यूजर्स और फैंस भी हिना खान के लुक की तारीफ कर रहे हैं। साथ ही उनकी हिम्मत को सलाम कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आप बहुत हिम्मत वाली हो, तभी तो आपको शेर खान कहते हैं हम'।*

*एक अन्य यूजर ने लिखा, 'मुश्किलों में भी इस तरह मुस्कुराने का हुनर आपके पास है। यह सीखने वाली बात है'।*



# रेड ऑफ शोल्डर ड्रेस में बिखेरा जलवा...

**मुंबई।** जाह्नवी कपूर बॉलीवुड की मोस्ट फेमस और स्टाइलिश डीवा हैं। जाह्नवी का स्टाइल स्टेटमेंट और फैशन सेंस फैंस को क्रेजी कर देता है। अब एक बार फिर एक्ट्रेस के ग्लैमरस अंदाज पर फैंस की निगाहें अटक गई हैं। जाह्नवी कपूर ने रेड ऑफ शोल्डर ड्रेस में अपनी सुपर सिजलिंग तस्वीरें शेयर की हैं। रेड शिमरी बोल्ड ड्रेस में एक्ट्रेस का किलर लुक देखने लायक है। फैंस उनपर फिदा हो गए हैं।




# 'ठग लाइफ' की टीम ने दी शुभकामनाएं

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ठग लाइफ' को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। फिल्म के निर्माताओं ने अपने प्रचार अभियान को इंडियन प्रीमियर लीग से जोड़कर दर्शकों का ध्यान खींचने का अनोखा तरीका अपनाया है। हाल ही में फिल्म की टीम ने एक मोशन पोस्टर जारी किया, जिसमें उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को उनके पहले मैच के लिए शुभकामनाएं दीं।




Toll Free Number: 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Ex-showroom price of Xtreme 125R IBS Variant in Madhya Pradesh. *Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segment. **The discount is applicable on minimum transaction of Rs. 1,00,000, subject to the credit card company's T&Cs. T&C apply.

BANKING PARTNER HDFC BANK BOBCARD RBL BANK

pine labs PAY LATER UPTO ₹9,500 INSTANT DISCOUNT ON CREDIT CARD EMI**

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरूकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरूण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरूनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरूनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

FCB INTERFACE/6913/MARCH25/ENG

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930